नई दिल्ली
शनिवार 4 जुलाई 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 76
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 30

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

खामेनेई के अंतिम संस्कार में केंद्र की भागीदारी पर की गई कांग्रेस नेता की टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने दी यह जानकारी

# सरकार ने प्रोटोकॉल के मुताबिक ईरान भेजा प्रतिनिधिमंडल, थरूर का बयान उनके अपने विचार

- मीडिया ब्रीफिंग में हरिभूमि के सवाल के जवाब में बोले जायसवाल, भारत का आधिकारिक रूप से प्रतिनिधित्व तो सिर्फ दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ही कर रहा है

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली



ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में केंद्र द्वारा भेजे गए दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल (बिहार के राज्यपाल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन, विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा) के मामले को लेकर शुक्रवार को देश में देखने को मिली राजनीतिक गहमागहमी के बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में हरिभूमि द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में दो टूक अंदाज में कहा कि इस कार्यक्रम में भारत या हमारी सरकार का नेतृत्व आधिकारिक रूप से केवल दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ही कर रहा है। जिसे लेकर मंत्रालय ने हाल ही में एक बयान भी जारी किया था। इसके अलावा कई अन्य लोगों के भी अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में शामिल होने की जानकारी मंत्रालय को मिली है।

### 28 फरवरी को मारे गए थे खामनेई

उल्लेखनीय है कि इस साल 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमले में खामेनेई की मौत हो गई थी। जिसके बाद से लगातार कई कारणों के चलते उनका अंतिम संस्कार नहीं हो सका था। इस घटना के करीब सप्ताहभर बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नई दिल्ली में ईरान के दूतावास जाकर शोक पुस्तिका में हस्ताक्षर कर भारत की तरफ से शोक-संवेदनाएं प्रकट की थी। ईरान के राष्ट्रपति डॉ.मसूद पेजेशकियान ने खामेनेई के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया था। लेकिन 4 से 9 जुलाई तक चलने वाले इस कार्यक्रम के साथ-साथ पीएम का पहले से तय तीन देशों की विदेश यात्रा का कार्यक्रम भी है। जिसकी वजह से वह ईरान की यात्रा नहीं करेंगे।

### 3 जुलाई को हुई रवानगी

उन्होंने कहा कि सरकारी प्रतिनिधिमंडल में शामिल दोनों सदस्य अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 3 जुलाई को ईरान रवाना हो गए हैं। मंत्रालय के सूत्रों ने कांग्रेस नेता शशि थरूर के बयान को उनका व्यक्तिगत बयान बताते हुए कहा कि सरकारी भागीदारी तो सिर्फ दो सदस्यीय ही है। राजनीतिक दलों (कांग्रेस, पीडीपी, धार्मिक समूहों के लोग) या अन्य लोगों के ईरान जाने को लेकर उन्होंने कहा कि यह किसी की मृत्यु से जुड़ा हुआ एक दुखद मामला है। जिसमें कोई भी शोक-संवेदनाएं प्रकट करने के लिए जा सकता है। ईरान की तरफ से सभी को आमंत्रित किया गया है।

### प्रोटोकॉल का पूरा पालन किया गया

सूत्रों ने कहा कि विपक्षी नेता द्वारा जहां तक प्रोटोकॉल का जिक्र किया गया है। उसे लेकर कहीं कोई समस्या नहीं है। विदेश मंत्रालय ने प्रोटोकॉल का पूर्णतः पालन किया है। क्योंकि सरकार के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में बिहार के राज्यपाल और विदेश राज्य मंत्री शामिल हैं। राज्यपाल अपने आप में सरकार का एक शीर्ष संवैधानिक पद होता है। कांग्रेस नेता थरूर ने अपने बयान में कहा था कि जब इतने सर्वोच्च स्तर के किसी नेता का निधन होता है। तो उसे लेकर उच्च स्तर पर शोक प्रकट किया जा सकता था और जताया जाना चाहिए।

### भारत से ईरान जा चुके पूर्व राष्ट्रपति

उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम से पहले वर्ष 2024 में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई ईरान के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत के बाद भारत ने पूर्व उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल को उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ईरान भेजा था। इसके अलावा उस वक्त देश में एक दिन के शोक की भी घोषणा की गई थी।

### थरूर के बयान का सार

कांग्रेस नेता ने कहा कि आमतौर पर जब इतने बड़े नेता का निधन होता है तो ऊंचे स्तर पर शोक संवेदना व्यक्त की जा सकती थी और ऐसा किया जाना चाहिए था। हां, यह भी सच है कि अभी एक प्रतिनिधिमंडल ईरान गया है। जिसमें कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधित्व मेरे अच्छे मित्र सलमान खुर्शीद द्वारा किया गया है और इसमें कई अन्य लोग भी शामिल हैं। यह मौका शीर्ष पद पर आसानी दिवंगत व्यक्ति के प्रति सम्मान दिखाने का है। उन्होंने मदर टेरेसा और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद उनके अंतिम संस्कार में दुनियाभर के नेताओं के भारत पहुंचने का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एक सामान्य प्रथा है। मुझे लगता है कि हमें इसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाना चाहिए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सोनम की जमानत पर रोक से किया इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जस्टिस एमएम सुंदेश और शील नागू की पीठ ने कहा कि जमानत नियम है और जेल अपवाद। आरोपी पहले ही जेल में समय बिता चुकी है और अब बाहर है। इसलिए फिलहाल आदेश पलटना ठीक नहीं है।

### साक्षी जैन 92.75% हासिल कर बनीं ऑल इंडिया 'टॉपर'



**नई दिल्ली।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने मई 2026 में आयोजित सीए फाउंडेशन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष परीक्षा का कुल पास प्रतिशत 20.09% रहा। नासिक की साक्षी जैन ने 400 में से 371 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक-1 का गौरव प्राप्त किया है। परीक्षा में 90,217 अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

### ईपीएफओ खाताधारकों को यूपीआई, एटीएम से पैसा



**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के खाताधारकों आगामी 15 जुलाई 2026 से पीएफ का पैसा सीधे यूपीआई और एटीएम के जरिए निकालने की सुविधा शुरू हो सकती है। कयास यह भी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इस सेवा की शुरुआत करेंगे। हालांकि, अभी तक पीएमओ या ईपीएफओ की ओर से कोई पुष्टि नहीं की गई है।

दान पात्रों से कथित चोरी की घटना ने पूरे समाज और राम भक्तों की भावनाओं को आहत किया: होसबोले

# अयोध्या में श्री राम लला मंदिर के दान की चोरी पर आरएसएस ने अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा जो भी दोषी हो उसे कड़ी सजा मिले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- इस बेहद निंदनीय घटना को एक अपवाद माना जाए और व्यवस्था व कामकाज की कमियों को दूर करने के लिए पूरी गंभीरता से प्रभावी कदम उठाए जाएं: आरएसएस महासचिव
- कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरे हिंदू समाज से यह अपील भी करता है कि वे इस मुश्किल घड़ी में जरूरी धैर्य और संयम दिखाएं



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने अयोध्या में श्री राम लला मंदिर के दान पात्रों से कथित चोरी की घटना को शुक्रवार को कहा कि यह बेहद निंदनीय है और जो भी दोषी पाया जाए, उसे कड़ी सजा मिले। आरएसएस की इस मामले में यह पहली अधिकृत प्रतिक्रिया है। होसबोले ने कहा, अयोध्या में श्री राम लला मंदिर में रखे दान-पात्रों से चोरी की दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने पूरे समाज और राम भक्तों की भावनाओं और श्रद्धा को आहत किया है, और हम सभी इस घटना से दुखी हैं। उन्होंने आगे कहा, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के विशेष अनुरोध पर उत्तर प्रदेश सरकार ने एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है और उसकी सिफारिशों के आधार पर कानूनी कार्रवाई शुरू की है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि जांच में जो भी दोषी पाया जाए, उसे कड़ी सजा मिले। ▶▶ शेष पेज 7 पर



### मौजूदा उलझन और अनिश्चितता खत्म हो

इसके साथ ही होसबोले ने अपील करते हुए कहा, इस बेहद निंदनीय घटना को एक अपवाद माना जाए और व्यवस्था व कामकाज में मौजूद सभी कमियों को दूर करने के लिए पूरी गंभीरता से प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि अयोध्या मंदिर में करोड़ों राम भक्तों की आस्था और श्रद्धा अटूट और अडिग बनी रहे। उन्होंने आगे कहा, मौजूदा उलझन और अनिश्चितता खत्म होनी चाहिए। इस नजरिए से हमारी उम्मीद है कि मंदिर प्रबंधन और प्रशासन द्वारा बनाई गई विशेष जांच टीम सभी जरूरी कदम उठाएगी। हमें भरोसा है कि सही वित्तीय प्रबंधन, निष्पक्ष और पारदर्शी सिस्टम के साथ सुचारू कामकाज और पवित्रता व गहरी धार्मिक भावना से भरे माहौल के जरिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट हिंदू समाज की आस्था और भरोसे को और मजबूत करता रहेगा। इस बेहद निंदनीय घटना को एक अपवाद के तौर पर देखा जाना चाहिए और इंतजामों व कामकाज में मौजूद सभी कमियों को दूर करने के लिए पूरी गंभीरता से असरदार कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि अयोध्या मंदिर में करोड़ों राम भक्तों का भरोसा और श्रद्धा अटूट और अडिग बनी रहे। अभी जो उलझन और अनिश्चितता का माहौल है, उसे खत्म किया जाना चाहिए।

## राम मंदिर दान चोरी मामलाः कांग्रेस ने जांच पर उठाए सवाल, ट्रस्ट भंग करने और सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग

हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली। कांग्रेस ने अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में चल रही जांच पर गंभीर सवाल उठाते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को तत्काल भंग करने और उसकी सभी वित्तीय गतिविधियों की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग की है। पार्टी ने आरोप लगाया कि मामले में निचले स्तर के कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाया जा रहा है, जबकि वास्तविक जिम्मेदार लोगों को बचाया जा रहा है। ▶▶ शेष पेज 7 पर

### 1,400 करोड़ का पूरा हिसाब सार्वजनिक करें



प्रेस वार्ता में कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए देशभर के श्रद्धालुओं से ट्रस्ट के गठन से पहले एकत्र किए गए लगभग 1,400 करोड़ रुपये का पूरा हिसाब सार्वजनिक किया जाना चाहिए। उन्होंने सिंधी और वैश्य समाज द्वारा दान में दी गई सोने और चांदी की ईंटों का भी विस्तृत विवरण सार्वजनिक करने की मांग की। कांग्रेस ने मांग की कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को तत्काल भंग किया जाए तथा उसकी कार्यप्रणाली और सभी वित्तीय लेनदेन की जांच सुप्रीम कोर्ट की प्रत्यक्ष निगरानी में कराई जाए। पार्टी ने ▶▶ शेष पेज 7 पर

### 2 अक्टूबर से उज्जैन से अयोध्या तक पदयात्रा करेंगे दिग्विजय सिंह



**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर चंदे में कथित गड़बड़ी को लेकर एक बड़े आंदोलन का ऐलान किया है। वह आगामी 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) से उज्जैन से अयोध्या तक पदयात्रा करेंगे। दिग्विजय ने स्पष्ट किया कि यह यात्रा किसी राजनीतिक दल के बैनर तले नहीं होगी और इसमें कांग्रेस का झंडा भी इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। चूंकि उन्होंने खुद भी मंदिर निर्माण के लिए चंदा दिया था, इसलिए वह अयोध्या जाकर इस कथित गड़बड़ी ▶▶ शेष पेज 7 पर

गृह मंत्री ने जल शक्ति मंत्रालय को देश के सभी बड़े-छोटे जलाशयों एवं भूजल की निगरानी के दिए निर्देश

## अमित शाह ने 'अल-नीनो' के प्रभाव को लेकर शिवराज के साथ की समीक्षा, सभी संबंधित मंत्रालयों से सजग रहने के दिए निर्देश

- कहा, सरकार अल-नीनो के कारण देश में मानसून वर्षा की स्थिति एवं कुछ भागो में सूखे के संभावित हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है
- पशुओं के चारे, मिलेट्स और दलहन जैसी कम पानी वाली वैकल्पिक खेती पर ध्यान देने की जरूरत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'अल-नीनो' के कारण देश के कुछ भागों में सामान्य से कम वर्षा एवं उसके प्रभाव की समीक्षा की। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण सचिव सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि सरकार अल-नीनो के कारण देश में मानसून वर्षा की स्थिति एवं कुछ भागो में सूखे के संभावित हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने कृषि एवं सभी संबंधित मंत्रालयों से सजग रहने तथा राज्य सरकारों के साथ समन्वय बना के किसानों को सही प्रकार की फसल की बुवाई की जानकारी देने को कहा। श्री शाह ने जल शक्ति मंत्रालय को देश के सभी बड़े-छोटे जलाशयों एवं भूजल की निगरानी के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पशुओं के चारे, मिलेट्स और दलहन जैसी कम पानी वाली वैकल्पिक खेती पर ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने केन्द्रीय उर्जा मंत्रालय के सचिव को बिजली की सुचारू एवं पर्याप्त आपूर्ति करने के बारे में भी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में गृह मंत्री को बताया गया कि देश में चावल, गेहूं सहित अन्य आवश्यक खाद्यान्न पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध एवं आवश्यक वस्तुओं के मूल्य स्थिर हैं। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, उपभोक्ता विभाग, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, ऊर्जा मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य एवं विभाग प्रमुख तथा भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक, केन्द्रीय जल आयोग के अध्यक्ष, भारतीय कृषि अनुसंधान ▶▶ शेष पेज 7 पर

## आधार कार्ड में खुद ही बदल सकेंगे ई-मेल, छह महीने के लिए ऐप पर है सुविधा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार धारकों को बड़ी राहत देते हुए आधार में ई-मेल आईडी अपडेट करने की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क कर दी है। अब यह काम सीधे आधार ऐप के माध्यम से किया जा सकेगा। यह सुविधा 1 जुलाई से शुरू हुई। अगले छह महीने तक मुफ्त उपलब्ध रहेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि नई सेवा शुरू होने के महज दो दिनों के भीतर 2.5 लाख से अधिक लोगों ने आधार ऐप के जरिए अपनी ई-मेल आईडी अपडेट कर ली है। इससे लोगों में इस नई सुविधा को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

**ई-मेल पर तुरंत मिलेगी जानकारी :** मंत्रालय के अनुसार, आधार से ई-मेल आईडी जोड़ने का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि जब भी किसी सेवा के लिए आधार प्रमाणीकरण किया जाएगा, आधार धारक को तुरंत ई-मेल के माध्यम से सूचना मिल जाएगी। इससे आधार के उपयोग में पारदर्शिता बढ़ेगी और ▶▶ शेष पेज 7 पर

बाल यौन शोषण सामग्री को बढ़ावा दे रहे

## इंस्टाग्राम पर अश्लील कंटेंट पर केंद्र सख्त, मेटा को तलब करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



इंस्टाग्राम पर ऐसे पेड विज्ञापन चल रहे

इंस्टाग्राम पर अश्लील कंटेंट को लेकर केंद्र सरकार ने सख्ती दिखाई दी है। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को मेटा को तलब करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को भारत में बाल यौन शोषण सामग्री को बढ़ावा देने वाले इंस्टाग्राम विज्ञापनों के मामले में मेटा को तलब करने का निर्देश दिया। मंत्रालय मेटा से पूछेगा कि ऐसे विज्ञापन कैसे-क्यों दिखे? उन्हें रोकने के उपाय क्या हैं और आगे ऐसी घटनाएं रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे? सरकार को बच्चों की ऑनलाइन ▶▶ शेष पेज 7 पर

## सुरक्षा चिंताओं के चलते केंद्र ने 3 मोबाइल ऐप हटाने के दिए निर्देश, दूर से बंद कर सकते थे कोई भी ई-वाहन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने साइबर सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं के मद्देनजर बैट-बीएमएस, एपॉच-इयोन और लाजिस्जी नामक मोबाइल ऐप्स को गूगल प्ले और एप्पल ऐप स्टोर से हटाने के निर्देश दिए हैं। केंद्र सरकार को आशंका है कि इन ऐप्स का दुरुपयोग कर इलेक्ट्रिक वाहनों, विशेषकर ई-रिक्शा, को दूर से (रिमोटली) बंद किया जा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, इन ऐप्स को दोनों प्रमुख ऐप स्टोर से हटाने का आदेश जारी कर दिया गया है। मंत्रालय का कहना है कि यह फैसला सुरक्षा संबंधी चिंताओं और इनके संभावित दुरुपयोग की आशंका को देखते हुए लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक जानकारी में यह आरोप सामने आया है कि इन ऐप्स के जरिए कुछ इलेक्ट्रिक वाहनों के बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम तक दूरस्थ पहुंच बनाई जा सकती थी, जिससे वाहनों को रिमोट के माध्यम से निष्क्रिय किए जाने की आशंका थी। विशेष रूप से ई-रिक्शा जैसे सार्वजनिक उपयोग वाले वाहनों पर इसका प्रभाव पड़ सकता था। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और संबंधित एजेंसियां इस पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि इन ऐप्स के माध्यम से वास्तव में किसी प्रकार का दुरुपयोग हुआ है या नहीं। सरकार ने कहा है कि नागरिकों की सुरक्षा और महत्वपूर्ण डिजिटल प्रणालियों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए किसी भी ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म या एप्लिकेशन ▶▶ शेष पेज 7 पर

## विपक्षी दलों ने मुख्य न्यायाधीश को लिखा पत्र, कहा- 'लोकतंत्र और चुनावी प्रक्रिया खतरे में, न्यायपालिका करे हस्तक्षेप'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे सहित विभिन्न विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को संयुक्त पत्र लिखकर देश की चुनावी प्रक्रिया, लोकतांत्रिक संस्थाओं और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। 28 जून को लिखे गए इस पत्र में नेताओं ने न्यायपालिका से लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। पत्र में कहा गया है कि सामान्य परिस्थितियों में वे न्यायपालिका को इस प्रकार पत्र नहीं लिखते, लेकिन उनका मानना है कि वर्तमान परिस्थितियाँ लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है। ▶▶ शेष पेज 7 पर

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डॉ. जोशी ने दिया संबोधन

# चुनाव आयोग ने फर्जी खबरें और डीपफेक से निपटने के लिए अधिकारियों को किया सतर्क, दिये मीडिया-टिप्स

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे फर्जी नैरेटिव, डीपफेक और भ्रामक सामग्री से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए मीडिया एवं संचार अधिकारियों को सक्रिय और सतर्क रहने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का विश्वास बनाए रखना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मीडिया एवं संचार अधिकारियों के दूसरे एकदिवसीय सम्मेलन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने देशभर से आए अधिकारियों को संबोधित किया। सम्मेलन में 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 260 से अधिक मीडिया एवं संचार अधिकारियों, मीडिया नोडल ▶▶ शेष पेज 7 पर



### दुष्प्रचार का प्रभावी जवाब देना जरूरी

चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि आज के डिजिटल युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डीपफेक, सिंथेटिक कंटेंट और भ्रामक सामग्री का इस्तेमाल लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों का विश्वास कमजोर करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से आयोग के नियमों, दिशा-निर्देशों और प्रक्रियाओं के आधार पर ऐसे दुष्प्रचार का प्रभावी जवाब देने का आह्वान किया। उन्होंने युवा मतदाताओं को इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के माध्यम से जोड़ने पर भी विशेष बल दिया।

### मतदाताओं के लिए जागरूकता प्रशिक्षण

सम्मेलन में चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों मतदाता सूची तैयार करने से लेकर मतदान और मतगणना तक की संचार रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों को प्रेस विज्ञप्ति तैयार करने, मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से उसका प्रभावी प्रसार करने, फर्जी खबरों से निपटने, चुनाव आयोग की पहलों को आम जनता तक पहुंचाने तथा युवा मतदाताओं को जागरूक करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को मतदाता सूची निर्माण, मतदान प्रक्रिया और मतगणना प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया। साथ ही चुनाव आयोग की प्रदर्शनी और मीडिया कॉर्नर का भ्रमण भी कराया गया।

### अधिकारियों ने अनुभव साझा किए

हाल ही में विधानसभा चुनाव कराने वाले राज्यों के अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा किए और चुनाव प्रबंधन से जुड़े सर्वोत्तम कार्यों की जानकारी अन्य राज्यों के अधिकारियों को दी। सम्मेलन का समापन प्रतिभागियों और चुनाव आयोग के बीच प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ। चुनाव आयोग का मानना है कि डिजिटल युग में तेजी से फैलने वाली गलत सूचनाओं का समय रहते तथ्यात्मक और प्रभावी जवाब देना निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।



परमपूज्य गुरुदेव
श्री बागेश्वर धाम सरकार
पंडित
श्री धीरेन्द्र कृष्ण
शास्त्री महाराज जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
शुभकामनाएं...
04
जुलाई
जीवेत्
शरदः
शतम्
चंदन अग्रवाल
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष-राइस मिल एसोसिएशन छत्तीसगढ़
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
बसंत अग्रवाल
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
विनीत : समस्त शिष्य मंडल एवं बागेश्वर धाम परिवार, थान खम्हरिया, रायपुर (छ.ग.)

### 'परियोजना पर आएगी अनुमानित लागत 8,300 करोड़ रुपये'

# विश्व बैंक के सहयोग से दिल्ली में शुरू होगी 'स्वच्छ हवा, स्वस्थ दिल्ली' परियोजनाः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




राजधानी में वायु प्रदूषण की चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए दिल्ली सरकार 'स्वच्छ हवा, स्वस्थ दिल्ली' परियोजना शुरू करने जा रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह पर्यावरण विभाग की एक महत्वाकांक्षी सात वर्षीय परियोजना है, जिसे विश्व बैंक सहित बहुपक्षीय संस्थाओं के सहयोग से लागू किया जाएगा।

इसका उद्देश्य दिल्ली के वायु प्रदूषण मिटिगेशन प्लान को तेजी से लागू करना, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के लक्ष्यों को आगे बढ़ाना और 'विकसित भारत 2047' के विजन में योगदान देना है। उन्होंने बताया कि यह परियोजना सितंबर 2026 से अगस्त 2033 तक दिल्ली के सभी जिलों में लागू की जाएगी। इसकी कुल अनुमानित लागत 8,300 करोड़ रुपये है, जिसमें 65 प्रतिशत वित्तीय सहायता विश्व बैंक उपलब्ध कराएगा, जबकि 35 प्रतिशत राशि दिल्ली सरकार वहन करेगी।

#### 10 जुलाई को आयोजित होगी एक विशेष कार्यशाला

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने और सभी हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए 10 जुलाई को एक विशेष कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों की भूमिकाएं तय की जाएंगी और कार्यक्रम के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन की रूपरेखा पर चर्चा होगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस परियोजना के तहत परिवहन, सड़क की धूल, निर्माण एवं ध्वस्तीकरण (सीएंडडी) अपशिष्ट, ठोस कचरा प्रबंधन, उद्योग, हरित क्षेत्र और जल प्रदूषण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर काम किया जाएगा। यह केवल प्रदूषण नियंत्रण की योजना नहीं है, बल्कि दिल्लीवासियों को स्वच्छ हवा, बेहतर सार्वजनिक स्वास्थ्य और अधिक टिकाऊ शहरी पर्यावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक दीर्घकालिक निवेश है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को दो प्रमुख स्तंभों पर आधारित किया गया है। पहला स्तंभ दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन को मजबूत बनाने पर केंद्रित है। इसके तहत परियोजना के प्रभावी संचालन के लिए एक समर्पित प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) बनाई जाएगी। आधुनिक एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग, डेटा एनालिटिक्स और इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) आधारित निगरानी प्रणाली विकसित की जाएगी। साथ ही विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा, इंडो-गंगा के मैदानी राज्यों के साथ मिलकर प्रदूषण नियंत्रण पर काम होगा तथा वैज्ञानिक योजना, जनजागरूकता, प्रशिक्षण और नई तकनीकों व नवाचारों को बढ़ावा दिया जाएगा। दूसरा स्तंभ प्रदूषण के प्रमुख स्त्रोतों से होने वाले उत्सर्जन को कम करने पर केंद्रित है। इसके तहत पुराने और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाएगा, सार्वजनिक परिवहन को और बेहतर बनाया जाएगा तथा वाहनों से होने वाले प्रदूषण की निगरानी के लिए अत्याधुनिक प्रदूषण जांच (पीयूसी) प्रणाली विकसित की जाएगी।

#### प्रमुख विभाग और एजेंसियां मिलकर करेंगी कार्य

मुख्यमंत्री के अनुसार परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए दिल्ली सरकार के सभी प्रमुख विभाग और एजेंसियां मिलकर काम करेंगी। इनमें पर्यावरण विभाग, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल), दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी), दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी), दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड (डीसीबी), डीएसआईआईडीसी, डीटीआईडीसी और डीआईएमटीएस सहित अन्य संबंधित संस्थाएं शामिल होंगी। इसके अलावा भारत सरकार के आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) और विश्व बैंक भी इस परियोजना के प्रमुख साझेदार होंगे।

## एलजी ने दिए अवैध अतिक्रमण पर जीरो टॉलरेंस के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की सलाहकार परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय राजधानी के सतत शहरी विकास की दिशा में तैयार किए जा रहे रोडमैप की समीक्षा की।

बैठक में सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान दिल्ली के आगामी मास्टर प्लान, नागरिक एवं संस्थागत ढांचे को मजबूत बनाने तथा राजधानी के सुनियोजित, समावेशी और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। उपराज्यपाल ने डीडीए को निर्देश दिए कि राजधानी में अवैध अतिक्रमण और अनधिकृत निर्माण के मामलों में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाए। उन्होंने कहा कि भूमि और भवनों की निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाए, ताकि रीयल-टाइम मॉनिटरिंग के माध्यम से किसी भी अवैध गतिविधि का समय रहते पता लगाकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

#### तकनीक-आधारित प्रशासनिक व्यवस्था से ही संभव है प्रभावी समाधान

बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि दिल्ली की तेजी से बदलती शहरी चुनौतियों का प्रभावी समाधान सहयोगात्मक, पारदर्शी और तकनीक-आधारित प्रशासनिक व्यवस्था से ही संभव है। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली को 'सतत, लचीला (रेजिलिएंट) और रहने योग्य विकसित दिल्ली' बनाने के लिए सभी संबंधित संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने किया 'दिल्ली ईवी सब्सिडी पोर्टल' लॉन्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ 'दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी' की पुस्तिका का भी किया विमोचन

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को 'दिल्ली ईवी सब्सिडी पोर्टल' (https://evsubsidy.delhi.gov.in) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर दिल्ली सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 'दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी-2026' की आधिकारिक पुस्तिका का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, परिवहन आयुक्त निहारिका राय सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के बाद सब्सिडी पोर्टल के माध्यम से सब्सिडी के लिए घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। रियल-टाइम ट्रैकिंग, डिजिटल दस्तावेज सत्यापन और 60 दिनों में डीबीटी के माध्यम से सब्सिडी मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की नई ईवी नीति स्वच्छ परिवहन, स्वच्छ वायु और हरित भविष्य की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार स्वच्छ, आधुनिक और सतत परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

#### एनआईसी पोर्टल की खामियों को लेकर टूरिस्ट टैक्सी संगठन ने की टाम्टा से मुलाकात

नई दिल्ली। एनआईसी पोर्टल की खामियों से हो रहे नुकसान व परेशानियों को लेकर दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट एंड टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा से मिला। प्रतिनिधिमंडल में संजय सम्राट एवं जगदीश पांडे शामिल थे। इस बारे में सम्राट ने बताया कि एनआईसी पोर्टल के बार-बार बंद होने तथा राज्य बॉर्डर टैक्स भुगतान आदि में आ रही गंभीर समस्याओं से जहां कई परेशानियों खड़ी हो रही है। वहीं लाखों परिवहन व्यवसायियों को भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस गंभीर मुद्दे से हमने मंत्री को अवगत कराया है और हल निकालने की अपील की है। मंत्री को बताया कि कई बार बैंक खाते से टैक्स की राशि कट जाती है, लेकिन भुगतान पोर्टल पर दिखाई नहीं देता। कई मामलों में भुगतान पेंडिंग में चला जाता है और लंबे समय तक लटका रहता है। ऐसी स्थिति में दोबारा भुगतान करने का विकल्प भी उपलब्ध नहीं होता, जिससे व्यवसायियों की राशि फंस जाती है और उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सम्राट ने बताया कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों में यह समस्या सबसे अधिक देखने को मिल रही है।

## शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी पर लगाना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



ऐसे समय में जब दिल्ली सरकार के ज्यादातर स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी पर लगाना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने शुक्रवार पर दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले नियमित शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी पर लगाने से पढ़ाई में रुकावट आ रही है और दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार सरकारी स्कूलों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यादव ने कहा कि यह बात एक बार फिर साबित हो गई है कि भाजपा की दिल्ली सरकार सरकारी स्कूलों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। भलस्वा और जीटीबी नगर के दो सरकारी स्कूलों के टीचरों को वोटर लिस्ट के एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीज़न) के काम के लिए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की ड्यूटी पर लगाया गया है, जिससे स्कूलों में क्लास में रुकावट आ रही है। उन्होंने कहा कि यह चिंता की बात है कि दिल्ली सरकार ने बच्चों के भविष्य से ज्यादा एसआईआर के गैर-ज़रूरी काम को अहमियत दी है, जबकि राजधानी में अभी कोई चुनाव नहीं होने वाला है। ये बच्चे आम परिवारों से आते हैं और सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं।

## 'लाजपत नगर कॉलोनी अस्पताल में आधुनिक फिजियोथेरेपी केंद्र का लोकार्पण'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को नगर निगम द्वारा निर्मित लाजपत नगर कॉलोनी अस्पताल में लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित फ्रंट ब्लॉक एवं आधुनिक फिजियोथेरेपी केंद्र का लोकार्पण किया।

इस नई स्वास्थ्य अवसंरचना के शुरू होने से क्षेत्र के लगभग 15 से 20 लाख नागरिकों को बेहतर, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित दिल्ली का आधार सुदृढ़ स्वास्थ्य व्यवस्था है। दिल्ली सरकार का संकल्प है कि राजधानी का प्रत्येक नागरिक आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समय पर और सम्मानपूर्वक प्राप्त कर सके। इस अवसर पर दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही, जंगपुरा से विधायक तरविंदर सिंह मारवाह, उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत, निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, नेता सदन जय भगवान यादव, निगम आयुक्त संजीव खिरवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित थे।

#### स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता : रेखा

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बताया गया कि इसमें 6-बिस्तर डे-केयर सेंटर, 12 कंसल्टिंग रूम और अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी केंद्र से स्वास्थ्य सेवाएं और भी मजबूत होंगी।

#### दिल्ली सरकार का मिल रहा है निरंतर सहयोगः महापौर

महापौर प्रवेश वाही ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का नगर निगम के अस्पतालों को सुदृढ़, आधुनिक एवं जनोन्मुख बनाने के लिए निरंतर सहयोग प्रदान करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे वित्तीय एवं प्रशासनिक सहयोग से नगर निगम के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है और नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## स्कूली बच्चों ने किया जल शोधन संयंत्र परिसर में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्कूली बच्चों ने शुक्रवार को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी ) के भागीरथी जल शोधन संयंत्र का दौरा किया और एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत भरपूर उत्साह के साथ बड़ी संख्या में परिसर में पौधारोपण किया। वहीं इस अवसर पर बच्चों को पौधारोपण के साथ साथ गंदे अथवा कच्चे पानी को कैसे शोधन करके पीने लायक बनाया जाता है, उसे भी बेहद करीब से देखने व जानने का बढ़िया मौका मिला। इस अवसर पर डीजे व की तरफ से कहा गया कि जब जब बच्चे प्रकृति और जल संरक्षण का संकल्प लेते हैं, तो एक हरित और सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव रखी जाती है। आइए, हम भी एक पेड़ लगाकर इस अभियान का हिस्सा बनें। स्कूली बच्चों के पौधारोपण कार्यक्रम को देखने के बाद खुद जल मंत्र प्रवेश साहिब सिंह ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भागीरथी संयंत्र में स्कूली बच्चों द्वारा जल शोधन प्रक्रिया को समझने के साथ-साथ उत्साहपूर्वक पौधा रोपण करना इस बात का प्रमाण है कि नई पीढ़ी प्रकृति, जल और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझ रही है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने आह्वान करते हुए कहा कि आइए, हम सभी एक एक पौधा लगाकर इस जन अभियान का हिस्सा बनें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य के निर्माण में अपना योगदान दें।

## एसआईआर प्रक्रिया को लेकर भाजपा ने की समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को चुनाव आयोग द्वारा दिल्ली में प्रारम्भ की गई मतदाता सूचियों की एसआईआर प्रक्रिया को लेकर पहली समीक्षा बैठक हुई जिसमें 1 जुलाई से प्रारम्भ हुई प्रक्रिया की पहले दो दिन की प्रगति पर चर्चा हुई। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़, दिल्ली भाजपा के संगठन महामंत्री पवन राणा, एसआईआर कार्य प्रभारी सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, प्रदेश एसआईआर टीम सदस्य रमेश बिधूड़ी एवं संकेत गुप्ता के आलावा जिला अध्यक्ष, जिला एसआईआर टीम सदस्य और हर जिले के बीएलए 2 प्रमुख आदि सम्मलित हुए। दिल्ली भाजपा महामंत्री एवं एसआईआर प्रक्रिया प्रमुख योगेन्द्र चांदोलिया ने कहा है कि दिल्ली में अन्य दलों की तरह ही भाजपा के भी बीएलए 2 चुनाव आयोग में पंजीकृत हैं।

दिल्ली में कुल 13033 पोलिंग बूथ हैं और इनमें से 12 हजार से अधिक पर भाजपा के बी.एल.ए. 2 चुनाव आयोग में पंजीकृत हैं। हमारे बी.एल.ए. 2 गत काफी समय से अपने पोलिंग स्टेशन पर मतदाता वेरिफिकेशन और मैपिंग का काम कर रहे हैं और उसी के चलते हमारे बी.एल.ए. 2 चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त सभी बी.एल.ओ. को अपना सहयोग एवं समर्थन देने को तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली भाजपा की ओर से पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी एवं एडवोकेट संकेत गुप्ता चुनाव आयोग से समन्वय एवं बी.एल.ए. 2 प्रशिक्षण का काम देख रहे हैं।

#### अंतरिम रोक को डिस्कॉम्स की जीत नहीं माना जा सकता : सूद

नई दिल्ली। सीएजी ऑडिट पर लगी अंतरिम रोक को डिस्कॉम्स की जीत नहीं माना जा सकता। यह आदेश केवल प्रस्तावित सीएजी ऑडिट तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट की नियुक्ति - दोनों प्रक्रियाओं को अंतिम निर्णय तक अस्थायी रूप से स्थगित करता है। सीएजी ऑडिट मामले में सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश पर दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने कहीं भी यह नहीं कहा है कि सीएजी ऑडिट अवैध है। न्यायालय ने डिस्कॉम्स के तर्कों को स्वीकार भी नहीं किया है। न्यायालय ने केवल कानूनी प्रश्नों पर विचार होने तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है। मंत्री सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार ने इस पूरे मामले में पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और कानून के अनुरूप कार्य किया है। हम 15 जुलाई को सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष पूरी तैयारी के साथ अपना पक्ष रखेंगे और यह स्थापित करेंगे कि दिल्ली के बिजली उपभोक्ताओं एवं करदाताओं के हितों की रक्षा के लिए एक स्वतंत्र एवं कठोर सीएजी ऑडिट क्यों आवश्यक है। हमारा उद्देश्य स्पष्ट है वित्तीय पारदर्शिता, सार्वजनिक जवाबदेही और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा। ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी सरकार ने भी निजी डिस्कॉम्स के कार्यकलापों में अधिक पारदर्शिता का लगातार विरोध किया।

### मुख्यमंत्री ने किया 35वें वार्षिक आम महोत्सव का शुभारम्भ

## भारत की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बन चुका है भारतीय आम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




भारतीय आम केवल एक फल या उपहार नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बन चुका है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित 35 वें तीन दिवसीय वार्षिक आम महोत्सव 2026 का शुक्रवार को दिल्ली हाट, जनकपुरी में शुभारम्भ के बाद यह बात कही।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भी भारतीय आम अपनी गुणवत्ता और लोकप्रियता के कारण देश की पहचान को मजबूत कर रहा है तथा "मैंगो डिप्लोमेसी" के माध्यम से भारत के सांस्कृतिक और कूटनीतिक संबंधों को भी नई पहचान मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का पर्यटन विभाग राजधानी को देश के प्रमुख पर्यटन एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा, आशीष सूद एवं मनजिंदर सिंह सिरसा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आम केवल फलों का राजा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, पारिवारिक परंपराओं और बचपन की अनगिनत यादों से जुड़ा एक भावनात्मक प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज के समय में आयोजित आम महोत्सव नई पीढ़ी को उसी अनुभव और भारतीय विरासत से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

## खबर संक्षेप

### तस्करी करने वाले 3 आरोपियों को दबोचा



**फरीदाबाद।** अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध नशा एवं प्रतिबंधित नशीली दवाओं की तस्करी में संलिप्त 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 750 ग्राम गांजा तथा 32 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किये हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा भूपानी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए लक्की, निवासी गांव इमामुद्दीनपुर फरीदाबाद को गांव इमामुद्दीनपुर-छांयसा रोड के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 750 ग्राम गांजा बरामद हुआ। वहीं अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने बब्लू निवासी गांधी कॉलोनी को 32 ट्रामाडोल कैप्सूल सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ में बब्लू ने बताया कि उसने 80 कैप्सूल धर्म सिंह निवासी अजरोंदा हाल फ्रेंड्स कॉलोनी से खरीदे थे।

### जानलेवा हमला मामले में 4 को किया गिरफ्तार




**फरीदाबाद।** संजय कॉलोनी क्षेत्र में रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस चौकी संजय कॉलोनी ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभिषेक कुमार निवासी पर्वतीय कॉलोनी, बंटी निवासी दुर्गा कॉलोनी सरूरपुर तथा तरन सिंह और कर्ण निवासी जवाहर कॉलोनी, अभिषेक को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि अन्य तीन आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस के नुसार राहुल निवासी संजय कॉलोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन अपने पति से अलग होकर जीवन नगर निवासी अभिषेक के साथ रह रही है।

## गंभीर रक्त रोगों के मरीजों के लिए बनी नई उम्मीद

# फोर्टिस गुरुग्राम ने 2,500 बोन मैरो ट्रांसप्लांट का बनाया कीर्तिमान, देश ने अग्रणी ब्लड मैरो ट्रांसप्लांट केन्द्र में अपनी अलग पहचान बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट एफएमआरआई, गुरुग्राम ने 2,500 से अधिक सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) कर देश के अग्रणी ब्लड एवं मैरो ट्रांसप्लांट केंद्रों में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। अस्पताल का कहना है कि यह उपलब्धि केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों मरीजों और उनके परिवारों के लिए नए जीवन और उम्मीद का प्रतीक है।

फोर्टिस में अब तक ल्यूकीमिया, लिंफोमा, मल्टीपल मायलोमा, थैलेसीमिया, सिकल सेल डिजीज, एप्लास्टिक एनीमिया, इम्यून डेफिशिएंसी सहित कई जटिल रक्त विकारों से पीड़ित बच्चों और वयस्कों का सफल उपचार किया जा चुका है। अस्पताल में आधुनिक तकनीकों, जिनोमिक्स, हाई-रेजोल्यूशन एचएलए टाइपिंग, हैपलोआइडेंटिकल ट्रांसप्लांट और सीएआर-टी सेल थेरेपी जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं का उपयोग किया जा रहा है। प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं चीफ – हेमेटोलॉजी, हेमेटोलॉजी-ऑन्कोलॉजी एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट डॉ. राहुल भार्गव ने कहा, ₹2,500 बोन मैरो ट्रांसप्लांट केवल एक संख्या नहीं, बल्कि 2,500 जिंदगियों और अनगिनत परिवारों में नई उम्मीद जगाने की कहानी है। आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ टीम के सहयोग से आज उन बीमारियों का भी सफल इलाज संभव हो रहा है जिन्हें कभी असाध्य माना जाता था।

प्रिंसिपल डायरेक्टर एवं हेड – पीडियाट्रिक हेमेटोलॉजी, हेमेटो-ऑन्कोलॉजी एंड बीएमटी डॉ. विकास दुआ ने कहा, कि ब्लड कैंसर, थैलेसीमिया और इम्यून डेफिशिएंसी जैसी बीमारियों से जूझ रहे बच्चों के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट जीवनरक्षक साबित हो रहा है। हमारा उद्देश्य केवल उनकी जान बचाना नहीं, बल्कि उन्हें स्वस्थ बचपन और सामान्य जीवन लौटाना भी है।

## नया टोकन सिस्टम शुरू, काम के लिए नहीं होगी मारामारी

### श्रमिकों को मिलेगी अलग पहचान

# फरीदाबाद का यह लेबर मॉडल पूरे हरियाणा में होगा लागू: मंत्री गोयल

*इस अनूठी पहल का शुभारंभ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने किया। यह पहल कायाकल्प ग्लोबल द्वारा श्रमिकों और नियोक्ताओं दोनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई, टोकन सिस्टम से श्रमिकों को पहचान मिलेगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिले में पहली बार टोकन सिस्टम से श्रमिकों को पहचान मिलेगी। श्रमिकों के लिए लेबर चौक पर अव्यवस्था खत्म हो जाएगी। शुक्रवार को सेक्टर 14-17 स्थित लेबर चौक पर श्रमिकों के लिए टोकन आधारित श्रमिक प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत की गई। इस अनूठी पहल का शुभारंभ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने किया। यह पहल कायाकल्प ग्लोबल द्वारा श्रमिकों और नियोक्ताओं दोनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है।

अब तक लेबर चौक पर काम लेने आने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। उनके पहुंचते ही बड़ी संख्या में श्रमिक उन्हें घेर लेते थे और काम पर चलने को लेकर बातचीत शुरू हो जाती थी। जिससे असहज स्थिति बन जाती थी। प्रतिदिन करीब 300 श्रमिक लेबर चौक पर पहुंचते हैं, जबकि लगभग 120 श्रमिकों को ही काम मिल पाता है। इससे अव्यवस्था फैलती थी और सडक़ पर यातायात भी प्रभावित होता था।



नई टोकन व्यवस्था के तहत प्रत्येक श्रमिक का पंजीकरण कर उसे टोकन दिया जाएगा। नियोक्ता अपनी आवश्यकता के अनुसार व्यवस्थित तरीके से श्रमिकों का चयन कर सकेंगे। इससे भीड़भाड़, धक्का-मुक्की और अव्यवस्था पर रोक लगेगी तथा श्रमिकों को भी समान अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही सभी श्रमिकों के आधार कार्ड नंबर भी ले लिए गए हैं। जहां जिसके साथ काम पर जाएंगे, वहां का पूरा पता भी मेनटेन किया जाएगा। एक तरह से सभी श्रमिकों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। ताकि यदि कोई श्रमिक कहीं अपराध भी कर देगा तो उस तक पहुंचना आसान रहेगा। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का व्यवस्थित पंजीकरण समय की आवश्यकता है। उन्होंने श्रमिकों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं, चिकित्सा सुविधाएं तथा अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करने का आश्वासन दिया। आयोजन स्थल पर श्रमिकों के लिए बैठने के लिए शैड और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी कराई गईं। कायाकल्प ग्लोबल के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह एक पायलट प्रोजेक्ट है। यदि यह मॉडल सफल रहता है तो इसे हरियाणा के सभी जिलों के लेबर चौक पर लागू करने का प्रयास किया जाएगा।

इससे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का विश्वसनीय डाटा तैयार होगा, जिसके आधार पर सरकार उनके लिए अधिक प्रभावी कल्याणकारी योजनाएं बना सकेगी। यह पहल श्रमिकों को सम्मानजनक, पारदर्शी और सुव्यवस्थित रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस अवसर पर कायाकल्प संस्था के चेयरमैन डॉ. शैलेंद्र धवन, कुलदीप साहनी, सचिन शर्मा, प्रियंका बिष्ट बुधानी, ज्योति सिलानी, मुकेश अग्रवाल, अजीत नंबरदार, सुभाष आहूजा, शुभांकित गुप्ता, अनुराग गर्ग सहित अनेक गणमान्य नागरिक, वरिष्ठजन, सामाजिक प्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

## सीवर विभाग खत्म करने का आरोप

# सीवरमैन कर्मचारियों ने दिया निगम आयुक्त को आंदोलन का नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की इकाई सीवरमैन कर्मचारी यूनियन के सैकड़ों कर्मचारियों ने नगर निगम मुख्यालय पार्क में एकत्रित होकर किया विरोध प्रदर्शन। निगम आयुक्त पर लगाए सीवर विभाग खत्म करने के आरोप।

आज के विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता सीवरमैन यूनियन के प्रधान अनूप चिंडालिया ने की। संचालन उप प्रधान दिनेश ने किया। विरोध प्रदर्शन में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान दलीप बोहत, जिला सचिव अनिल चिंडालिया, जिला कोषाध्यक्ष रघुबीर चौटाला मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रधान अनूप चिंडालिया ने कहा कि निगम प्रशासन सीवरमैनो को जनहित में कार्य न करवाकर, अधिकारियों का चपरासी बनाने का काम कर रहे हैं। निगम आयुक्त ने गत 26 जून को यूनियन के साथ वार्ता में कहा कि नगर निगम के सभी 46 वार्डो में 3 सीवर मैन प्रत्येक वार्ड में फील्ड निरीक्षण के कार्य में लगाए जाएंगे। अनूप चिंडालिया ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि सीवरमैन कर्मचारी लगभग अनपढ़ है, 8 कर्मचारियों को हेड सीवरमैन पर प्रमोशन दिया जाए बाकी, सभी सीवर मैन कर्मचारियों को फील्ड में बिना जोखिम के कार्य पर लगाया जाए। प्रशासन हमारे विभाग को खत्म करना चाहता है, वो हम हरगिज नहीं होने देंगे। आज हमने निगम आयुक्त को 7 दिन का आंदोलन का नोटिस दिया है, यदि नोटिस मिलने के 7 दिनों के अंदर प्रशासन ने हमसे बात नहीं की तो हमें मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा। जिससे शहर की खराब हुई सीवर सफाई व्यवस्था का जिम्मेदार निगम प्रशासन होगा। आज के प्रदर्शन में अन्य के अलावा मनोज सौदे कोषाध्यक्ष, भरत हस्तौडीया, विशाल सौदे, ओमपाल खंडिया, अमरचंद चौटाला आदि।

## आत्मरक्षा में पुलिस ने की फायरिंग

# मोहित हत्याकांड के आरोपी ने हथियार की बरामदगी कराने गए पुलिस पर चलाई गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके में हुए मोहित हत्याकांड के मुख्य आरोपी ने पुलिस पर उस समय गोली चला दी जब पुलिस उसे हथियार बरामद कराने गई थी। इस दौरान पुलिस ने भी जवाब में गोली चलाई, जिसमें आरोपी घायल हो गया।

गुरुवार की रात को क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके में शांतिनगर कालोनी निवासी मोहित की पुरानी रंजिश के चलते चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने गौरव शर्मा निवासी रामेश्वर मैरिज होम के पीछे गली में किराये का मकान बिहारिपुरा गाजियाबाद को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसने घटना को अपने साथी देव, न्याय और हरी के साथ मिलकर



योजनाबद्ध तरीके से अंजाम देना बताया गया ।

उसने पूछताछ में घटना में प्रयुक्त किये गये चाकू के बारे में पूछने पर आलाकत्ल को जल प्लांट रोड पर स्थित डंपिंग ग्राउंड में छुपाना बताया गया, जिसकी बाउम्मीद बरामदगी के लिए थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस बल मय अभियुक्त गौरव शर्मा की निशादेही पर पहुंची, जहां अभियुक्त गौरव शर्मा ने आला कत्ल की इधर उधर झाड़ियों में तलाश किए जाने के दौरान अचानक से अभियुक्त गौरव शर्मा ने झाड़ियों में छिपाये हुए आलाकत्ल के साथ तमंचे से मौके पर मौजूद पुलिस बल पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जिससे मौके पर मौजूद पुलिसजन, सिखलाई के तरीके से बाल बाल बचे और जैसे ही अभियुक्त गौरव शर्मा दूसरा कारतूस निकालने लगा तो मौके पर मौजूद पुलिस बल द्वारा अपने आत्मरक्षार्थ हेतु फायर किया गया। अभियुक्त के पैर में घुटने के नीचे गोली लग गई । जिसके पश्चात अभियुक्त गौरव शर्मा को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

## पुलिस ने मामला दर्ज किया

# अरावली में अवैध निर्माण रोकने गए वन दारोगा पर हमला, वर्दी फाड़ी, जान से मारने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अरावली के प्रतिबंधित वन क्षेत्र में अवैध निर्माण का विरोध करना वन विभाग के अधिकारियों को भारी पड़ गया। सूरजकुंड थाना क्षेत्र के अनंगपुर गांव में अवैध टिन शेड का निर्माण रुकवाने पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों के साथ मारपीट कर दी गई। आरोपियों ने वन दरोगा की सरकारी वर्दी फाड़ दी और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वन दरोगा राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बुधवार को वन दरोगा सुरेंद्रपाल के साथ अनंगपुर और आसपास के अधिसूचित वन क्षेत्रों में गश्त कर रहे थे। इस दौरान डोमका मोहल्ला स्थित पीएलपीए की धारा-4 के तहत अधिसूचित वन क्षेत्र में एक युवक मजदूरों से अवैध रूप से टिन शेड का निर्माण करवा रहा था। उन्होंने निर्माण कार्य रोकते हुए बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार का गैर-वानिकी निर्माण पूरी तरह प्रतिबंधित है। शिकायत के अनुसार इसी दौरान निर्माण करा रहे युवक का पिता गजराज भी मौके पर पहुंच गया। उसने अधिकारियों पर रौब झाड़ते हुए दावा किया कि उसकी बड़े नेताओं और अधिकारियों से पहचान है इसलिए उसका निर्माण कोई नहीं रुकवा सकता। जब वन विभाग की टीम ने निर्माण रुकवाकर मौके की तस्वीरें लेनी शुरू कीं तो गजराज और उसका बेटा आशीष भड़क गए।

## 5 जुलाई को फरीदाबाद में होगा गरिमामय आयोजन

# डॉ. अर्चना गुप्ता के अभिनंदन समारोह की तैयारियों का मंत्री राजेश नागर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर ने भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के सम्मान में आगामी 5 जुलाई को फरीदाबाद में आयोजित होने वाले सार्वजनिक अभिनंदन समारोह की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया।

इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम स्थल अम्मा हॉस्पिटल के सभागार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि डॉ.अर्चना गुप्ता के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद उनका फरीदाबाद आगमन संगठन के कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह और प्रेरणा का विषय है। ऐसे में उनका स्वागत और



अभिनंदन भव्य एवं गरिमामय तरीके से किया जाना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा, मंच व्यवस्था, अतिथियों के बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा, पेयजल, स्वच्छता तथा यातायात प्रबंधन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में आने वाले प्रत्येक अतिथि और कार्यकर्ता के सम्मान एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपते हुए सभी व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए, सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। मंत्री नागर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है और पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि फरीदाबाद के कार्यकर्ता अपने अनुशासन और समर्पण के बल पर इस अभिनंदन समारोह को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करेंगे।

## आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

# फर्जी ट्रांसपोर्ट बुकिंग के जरिए 10 टन से अधिक आयरन स्क्रैप की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फर्जी तरीके से ट्रांसपोर्ट बुकिंग कर 10 टन से अधिक आयरन स्क्रैप को धोखाधड़ी से बेचने के एक मामले में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान गुरूप्रताप सिंह निवासी सावन एन्क्लेव लुधियाना के रूप में हुई है। आरोपी ने आयरन स्क्रैप बेच कर 3,20,000 रुपए पैसे खाते में जमा करवाये थे, जिन पैसों को खाता में फ्रिज करवा दिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई करने के लिए थाना प्रबंधक शहर बल्लभगढ़ निरीक्षक उमेश कुमार की अध्यक्षता में एक टीम गठित की गई। प्रभारी पुलिस चौकी सेक्टर 8 को भी टीम में शामिल किया गया। टीम ने 27 जून को आरोपी गुरूप्रताप सिंह को लुधियाना से काबू किया था। जिसको गिरफ्तार करने के बाद पुलिस रिमांड पर पूछताछ की गई तथा



वारदात में प्रयोग कैंटर को बरामद किया गया। जिसको अब न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जांच में सामने आया कि गुरूप्रताप सिंह ने एक ट्रक बुकिंग एप पर फर्जी मोबाइल नंबर से पंजीकरण किया और बुकिंग एप पर उसने फरीदाबाद से लुधियाना के लिए ट्रांसपोर्ट उपलब्ध होने की जानकारी डाली।

शिकायतकर्ता भी फरीदाबाद से लुधियाना माल भेजने के लिए ट्रक बुकिंग एप पर गाड़ी को सर्च कर रहा था। इसी एप के माध्यम से दोनों का संपर्क हुआ और माल को लुधियाना पहुंचने के लिये सहमति बनी।

# पीड़ित ने की पुलिस में शिकायत, तो पुलिस ने फ्रीज की शत-प्रतिशत 5 करोड़ की धनराशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस को उस समय बड़ी कामयाबी मिली जब 5 करोड़ की साइबर ठगी के शिकार पीड़ित ने पुलिस में समय रहते शिकायत दर्ज करा दी। जिसके तत्काल बाद पुलिस सक्रिय हो गई और ठगी की शत प्रतिशत 5 करोड़ की धनराशि को फ्रीज कराने में सफलता हासिल की। एडीसीपी लॉ एंड आर्डर राजकरन नैय्यर ने बताया कि दो फरवरी को समय 11.45 बजे हुए 5.08 करोड़ के साइबर फ्रॉड की सूचना राजकपूर निवासी थाना क्षेत्र इन्दिरापुरम गाजियाबाद की सूचना पर गाजियाबाद की साइबर क्राइम पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए रात 03 बजे तक शत प्रतिशत धनराशि फ्रीज करा ली गई।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | लघु सचिवालय, हिसार में चतुर्थ तल पर राजस्व आईटी लैब की स्थापना (ई.आई. आंतरिक और ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 02.07.2026 09.07.2026 | 44.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में गांव संघान में राजकीय वेटरीनरी डिस्पेंसरी। | बंद होने की तिथि 08.07.2026 | 25.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 3 | वन विभाग भिवानी | भिवानी और तोशाम रेंज में पौधों के रखरखाव हेतु निविदा। | 22.06.2026 08.07.2026 | 132.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242430 dfo.bhiwani@yahoo.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | लोहारू कैनाल के पम्प हाउस नं. 1 पर 35 सीएस वीटी पम्प के 05 अदद एमएस डिलीवरी पाइप की आपूर्ति व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 08.07.2026 | 7.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 5 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल हेतु चिकित्सा उपकरण अर्थात स्लाइड कैबिनेट (क्षमता-20000) के लिए ई-निविदा। | 07.07.2026 22.07.2026 | ईएमडी 8000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 6 | कृषि एवं किसान कल्याण चरखी दादरी | गांव - घसोला में परकोलेशन तालाब कार्य, गांव भागवी में 2 अदद तालाब और गांव- अटेला कलां, जिला चरखी दादरी में रैम्प/इनलेट का पुनरोद्धार। | 03.07.2026 10.07.2026 | ईएमडी 37,773/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466627716 ascodadri@gmail.com |
| 7 | कृषि एवं किसान कल्याण चरखी दादरी | गांव पैंतावास खुर्द, चरखी दादरी में रिटेनिंग वॉल और तालाब का पुनरोद्धार। | 03.07.2026 10.07.2026 | ईएमडी 54,698/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466627716 ascodadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/140/46831/I/88/7 दि. 03.07.26

## 'उजागर होता अर्बन नक्सल' विषय पर जमकर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका स्थित साहित्यिक केंद्र में "उजागर होता अर्बन नक्सल" विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षकों, बुद्धिजीवियों तथा युवाओं ने सहभागिता करते हुए अर्बन नक्सलवाद से जुड़े विभिन्न पहलुओं, उसके सामाजिक प्रभावों एवं वैचारिक चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। चर्चा का आयोजन प्रो. पूनम राठी के संयोजन एवं मनीष पार्थ के संचालन में किया गया। चर्चा के दौरान संदर्भ पुस्तकों अर्बन नक्सल तथा कौन हैं अर्बन नक्सल? के आधार पर विषय के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श हुआ। साहित्य परिक्रमा की प्रबंध निदेशक डॉ. रजनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अर्बन नक्सलवाद का उद्देश्य अलगाववादी शक्तियों को बढ़ावा देकर देश को कमजोर करना तथा राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता पैदा करना है। डॉ. विनीता का कहना था कि नक्सलवाद और अर्बन नक्सलवाद के स्वरूप अलग-अलग हैं। उन्होंने समाज में इस विषय पर तथ्यपरक जानकारी और स्वस्थ वैचारिक संवाद को समय की आवश्यकता बताया। इस अवसर पर अनेक शिक्षाविद, छात्र, बुद्धिजीवी एवं युवा उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संगठन मंत्री मनोज कुमार ने बताया कि किस तरह अर्बन नक्सलवाद प्रत्यक्ष हिंसा के बजाय वैचारिक और बौद्धिक स्तर पर कार्य करता है। यह वैचारिक समर्थन जुटाकर नए समर्थक तैयार करने का प्रयास करता है।

### तीन नेपाली नागरिकों से नौ करोड़ की चरस बरामद

# अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह का किया भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दक्षिण जिला पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में तीन नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे करीब नौ करोड़ रुपये कीमत की साढ़े आठ किलोग्राम चरस बरामद की गई।

पुलिस ने बताया कि आरोपी एक 'मैसेजिंग ऐप' का इस्तेमाल मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कर रहे थे। इसके तहत वे ऑनलाइन माध्यम से नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने का 'ऑर्डर' प्राप्त करते और भुगतान भी बैंकिंग माध्यम से ही प्राप्त करते। सभी आरोपी दक्षिणी दिल्ली के कोटला मुबारकपुर इलाके के रहने वाले हैं और दिल्ली-एनसीआर में व्यावसायिक मात्रा में चरस की आपूर्ति करने में शामिल थे। कोटला मुबारकपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी में लगे तीन नेपाली नागरिकों के बारे में विशिष्ट खुफिया जानकारी के बाद अभियान शुरू किया गया था। पुलिस ने 29 जून को नेपाली नागरिकों के आवास पर छापा मारा, जहां से प्रतिबंधित सामग्री बरामद हुई। इसके बाद नेपाली नागरिकों भरत थापा(32) गोविंद बुद्ध (32) और ज्योति पुन मगर ( 50) को गिरफ्तार कर लिया गया। ज्योति से 5.566 किलोग्राम, थापा से 1.552 किलोग्राम और बुद्ध से 1.480 किलोग्राम चरस बरामद की गई। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ज्योति कथित तौर पर मुख्य आपूर्तिकर्ता था, जो नेपाल में स्थित संपर्क के जरिए मादक पदार्थ मंगाता था। यह व्यक्ति भारत-नेपाल सीमा पर सोनौली बॉर्डर के पास सक्रिय है। चरस को फिर दिल्ली लाया जाता था, जहां थापा और बुद्ध कथित तौर पर इसे अन्य लोगों को बेचते थे। पकड़े जाने से बचने के लिए वे हर लेन देन के बाद ऑनलाइन बातचीत और कॉल रिकॉर्ड को डिलीट कर देते थे और तस्करी के लिए ऑटोरिक्शा और बाइक टैक्सियों का इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने कहा कि गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान करने और पैसों के लेनदेन का पता लगाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, डिजिटल भुगतान रिकॉर्ड और अन्य सबूतों की जांच की जा रही है।

## सीलमपुर पुलिस ने अवैध चीनी मांझा किया जब्त



**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले की सीलमपुर पुलिस ने खतरनाक चीनी मांझा की बिक्री पर कार्रवाई की है। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से चीनी मांझा की 59 चरखियां बरामद की गई। पुलिस अधिकारी के अनुसार एक जुलाई को हेड कॉन्स्टेबल अजीत और कॉन्स्टेबल विपिन इलाके में नियमित गश्त पर थे, तभी उन्हें खास जानकारी मिली कि एक व्यक्ति नई सीलमपुर की ई-1 ब्लॉक झुग्गियों के पास प्रतिबंधित चीनी मांझा बेच रहा है। इस जानकारी पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस बताई गई जगह पर पहुंचे और जाल बिछाया गया। कार्रवाई के दौरान, कार्टन लिए हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। कार्टन की जांच करने पर उसके पास से चीनी मांझा की 59 चरखियां बरामद हुई। आरोपी का नाम मोहम्मद शाकिर (27) निवासी न्यूज सीलमपुर पता चला। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि अलीगढ़ से चीनी मांझा खरीदा था। प्रतिबंधित सामान के स्रोत और सप्लाई चेन का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## डेढ़ करोड़ कीमत के चोरी हुये मोबाइल बरामद, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



द्वारका सेक्टर-23 थाने की पुलिस ने अमेजन डिलीवरी ट्रक से मोबाइल फोन चुराने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी हुए कुल 604 वीवो मोबाइल फोन बरामद किए गए। इनकी कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपये आंकी गई है। 200 से ज्यादा कैमरों के फुटेज का बारीकी से विश्लेषण करने के बाद पुलिस चोरों तक पहुंची।

पुलिस के अनुसार 20 जून को वेयरहाउस के मैनेजर रवि की शिकायत पर वीवो मोबाइल फोन की एक बड़ी खेप की चोरी के संबंध में ई-FIR दर्ज की गई थी। जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने बताया कि अमेजन, गुरुग्राम में डिलीवरी के लिए एक ट्रक में लगभग 4,500 नए वीवो मोबाइल फोन लोड किए गए थे। रास्ते में ट्रक ड्राइवर ने अपने साथियों के साथ मिलकर बेईमानी से खेप में से लगभग 1,500 मोबाइल फोन निकाल लिए और ट्रक व बाकी बची खेप को गुरुग्राम में छोड़कर फरार हो गया। जांच के दौरान टीम ने संदिग्ध रास्ते पर लगे 200 से ज्यादा कैमरों के फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। लगातार तकनीकी और मैनुअल जांच के आधार पर चोरी हुए मोबाइल फोन को ले जाने के लिए इस्तेमाल की गई एक पिकअप गाड़ी की पहचान की गई। आगे की पूछताछ से पता चला कि उक्त पिकअप गाड़ी और चोरी हुए मोबाइल फोन का कुछ हिस्सा पहले ही उत्तर प्रदेश के नॉलेज पार्क थाने द्वारा पंकज उर्फ धीरेंद्र, आनंद उर्फ रूद्रेश और मोहित उर्फ पुंढीर से बरामद किया जा चुका था। इसके बाद आरोपियों के प्रोडक्शन वारंट हासिल किए गए और तीनों आरोपियों से औपचारिक रूप से पूछताछ की गई। उन्हें इस मामले में गिरफ्तार किया गया। उनसे मिली जानकारी पर तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच टीम ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के भिघेपुर गांव में स्थित एक बगीचे में छापा मारा और वहां छिपाकर रखे गए 604 बिल्कुल नए वीवो मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किए। आरोपियों के आपराधिक इतिहास की और जांच करने पर पता चला कि वे पहले भी अलग-अलग राज्यों में दर्ज मोबाइल फोन की खेप की चोरी और हेराफेरी जैसे मामलों में शामिल रहे हैं। इनसे पूछताछ में सिंडिकेट के दूसरे सदस्यों के बारे में भी अहम सुराग मिले हैं और बाकी आरोपियों को पकड़ने और चोरी का बाकी सामान बरामद करने की कोशिशें की जा रही हैं।

## मेट्रों में जूलरी और नकदी चोरी करने वाली महिला अरेस्ट

**नई दिल्ली।** मेट्रो स्पेशल स्टाफ ने कीमती गहनों की चोरी का मामला सुलझा लिया है। लगभग 20 लाख के सोने के गहनें और 60 हजार रुपये नकदी बरामद कर ली गई। इस सिलसिले में आरोपी महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी मेट्रो के अनुसार 28 जून को रात लगभग 8 बजे, शिकायतकर्ता अपनी बेटी के साथ दिल्ली मेट्रो से कोहाट एन्क्लेव मेट्रो स्टेशन से कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन जा रही थीं। उनके पास एक बैग था जिसमें लगभग 20 लाख के पुराने सोने के गहने और 60 हजार नकद थे। कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो ट्रेन से उतरते समय, उन्होंने गलती से अपना बैग मेट्रो कोच के अंदर सीट पर ही छोड़ दिया। उसके कुछ ही देर बाद एक महिला जो अपनी बेटी के साथ यात्रा कर रही थी, उस लावारिस बैग के पास बैठ गई। यह देखने के बाद कि बैग वहीं छूट गया था और उसमें कीमती सामान था। उसने मेट्रो अधिकारियों को सूचित करने या 'लॉस्ट एंड फाउंड' (खोया-पाया) कार्यालय में जमा करने के बजाय बेईमानी से उसे अपने कब्जे में ले लिया। फिर वह बैग लेकर मेट्रो ट्रेन से उतर गई। इस शिकायत के आधार पर कश्मीरी गेट मेट्रो पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी मेट्रो डॉ. आनंद डाभी ने मेट्रो स्पेशल स्टाफ को जल्द से जल्द मामला सुलझाने का निर्देश दिया। इसके लिए स्पेशल स्टाफ मेट्रो के इंचार्ज इंस्पेक्टर महेश चंद्र की देखरेख में एक खास टीम बनाई गई। टीम ने तुरंत 25 से ज्यादा मेट्रो स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। लगातार निगरानी, तकनीकी विश्लेषण और बारीकी से जांच के बाद आरोपी की पहचान की गई। आरोपी महिला आरती का पता लगा उसे गिरफ्तार किया गया। महिला गाजियाबाद की रहने वाली है।

## विदेश में नौकरी का झांसा देकर 19 लाख की ठगी, अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग (ईओडब्ल्यू) ने विदेश में नौकरी का झांसा देकर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में आरोपी भरत मिश्रा उर्फ प्रीतम कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया है। इस पर करीब 27 पीड़ितों से लगभग 19 लाख रुपये की ठगी का आरोप था। धोखाधड़ी के दौरान, पीड़ितों को नकली वीजा और हवाई टिकट दिए गए ताकि उन्हें यह विश्वास दिलाया जा सके कि विदेश में उनकी नौकरी का इंतजाम हो गया है। इसके बाद आरोपी अपना ऑफिस बंद करके फरार हो जाता था।उ पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता गौतम कुमार थापा और 26 अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि 2022-23 में आरोपी भरत मिश्रा ने अपने साथियों के साथ मिलकर विदेश में नौकरी दिलाने के बहाने पीड़ितों को लुभाया। शिकायतकर्ता 'स्काई-ब्लू ओवरसीज कंसल्टेंसी' नाम की कंपनी के ऑफिस ए1/19बी, पहली मंजिल, डीडीए मार्केट, जनकपुरी गये थे, जहां उनसे हेल्थ चेकअप, हवाई टिकट, वीजा आदि के नाम पर पासपोर्ट और नकद पैसे जमा करने को कहा गया था। उक्त कंपनी के अधिकारी/डायरेक्टरों से बात करने के बाद पीड़ितों ने जरूरी रकम नकद या ऑनलाइन ट्रांसफर के जरिए आरोपियों के खाते में जमा कर दी। पीड़ितों का हेल्थ चेकअप कराया गया और उन्हें नकली वीजा/हवाई टिकट भी दिए गए। हालांकि, कुछ समय बाद आरोपी अपना ऑफिस बंद करके गायब हो गए। जांच के दौरान आरोपियों का पता लगाने के लिए तकनीकी और वित्तीय जानकारी का इस्तेमाल किया गया। आरोपियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर भी जारी किए गए। लगातार निगरानी और तकनीकी जानकारी के विश्लेषण के आधार पर जांच टीम को आरोपी भरत मिश्रा के ठिकाने के बारे में पक्की जानकारी मिली। वह शिव धाम एन्क्लेव, नोएडा, उत्तर प्रदेश में रह रहा था। पुलिस टीम ने बताई गई जगह पर छापा मारकर भरत मिश्रा को सफलतापूर्वक पकड़ लिया।

# ओखला से बड़ी मात्रा में 'एक्सपायर्ड' खाद्य पदार्थ जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ नये स्टीकर लगाकर बेचते थे

दक्षिण पूर्वी जिले की ओखला इंडस्ट्रियल एरिया पुलिस ने इस्तेमाल की मियाद पूरी कर चुके खाद्य पदार्थों को दोबारा पैक कर बाजार में बेचने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में कंपनी के मालिक सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनसे बड़ी मात्रा में 'एक्सपायर्ड' खाद्य पदार्थों को जब्त किया है। पुलिस ने कहा कि जब्त की गई वस्तुओं में 'एक्सपायर्ड' खाद्य उत्पाद, नकली लेबल व बारकोड लगाने वाली मशीनें आदि शामिल हैं। जब्त सामान की कीमत 20 लाख से ज्यादा बताई गई है और इनमें इंटरनेशनल ब्रांड के खाद्य पदार्थ भी शामिल है। आरोपियों द्वारा पूरे भारत के बाजारों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर प्रोडक्ट सप्लाई किए जा रहे थे।

पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि एक गिरोह एक्सपायरी के करीब वाले फूड प्रोडक्ट को बहुत कम कीमत पर खरीदता था। इसके बाद उनके लेबल और एक्सपायरी की जानकारी में गैर-कानूनी तरीके से बदलाव करता था और उन्हें ताजे प्रोडक्ट के तौर पर दोबारा बाजार में बेचता था, जिससे लोगों की सेहत और ग्राहकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो रहा था। इसके बाद एसीपी अनिल शर्मा के नेतृत्व और एसएचओ अनिल मलिक की देखरेख वाली टीम ने सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (बदरपुर) के ऑफिस, एनजीओ मिशन मुक्ति फाउंडेशन और एफएसएसएआई के अधिकारियों के साथ मिलकर वेस्टेंड कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड, एक्स-57, ओखला फेज-2 में एक संयुक्त रेड और निरीक्षण किया। दरअसल इस ऑपरेशन का शुरुआती मकसद वहां काम कर रहे बाल मजदूरों को छुड़ाना था, जिसकी सूचना एनजीओ की तरफ से मिली थी। हालांकि निरीक्षण के दौरान कोई बाल श्रम नहीं पाया गया, लेकिन परिसर की विस्तृत तलाशी में बड़े पैमाने पर अवैध गतिविधि का पता चला, जिसमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए बने खाद्य उत्पादों के साथ छेड़छाड़ की जा रही थी। निरीक्षण से पता चला कि कंपनी विभिन्न ब्रांडेड खाद्य उत्पादों को असली उत्पादों के रूप में निर्यात और वितरित करने से पहले उनकी निर्माण और समाप्ति तिथियों में बदलाव कर रही थी। कंपनी के मालिक की पहचान दर्शन सिंह सचदेवा के रूप में हुई। छेड़छाड़ किए गए उत्पादों की भारी मात्रा बरामद की गई, जिनमें थम्स अप, फैंटा, बॉर्नविटा, हॉर्लिक्स, घी, मैगी नूडल्स, दो-लीटर कोल्ड ड्रिंक की बोतलें, कोल्ड ड्रिंक की कैन, पेपर बोट जूस और अन्य पैक्ड खाद्य और पेय उत्पाद शामिल थे। अवैध वित्तीय लाभ के लिए इन बदले हुए उत्पादों को भारत भर के विभिन्न बाजारों, खुदरा दुकानों, मॉल और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बड़ी मात्रा में सप्लाई किया जाता था। दर्शन सिंह सचदेवा के अलावा गिरफ्तार किये गये लोगों के नाम नितेश भारद्वाज, नरेंद्र कुमार, कपिल, लकी ओझा, प्रेम यादव और पवन कुमार यादव के नाम शामिल है।

## बिजली चोरी पर टाटा पावर-डीडीएल की सख्ती, 7 मामलों में दोषियों को दिलाई सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

निजी बिजली आपूर्ति कंपनी टाटा पावर डीडीएल का कहना है कि सख्ती बरतने के चलते बिजली चोरी मामले में 7 दोषियों को सजा दिलाई है। कंपनी के अनुसार टाटा पावर डीडीएल ने वित्त वर्ष 2026-27 में बिजली चोरी के सात मामलों में दोषियों को सजा दिलाने में सफलता हासिल की है। इनमें हाल ही में पटियाला हाउस अदालत द्वारा सुनाया गया एक फैसला भी शामिल है। जिसमें एक व्यक्ति को एक माह के कठोर कारावास, 10 हजार रुपये जुर्माने और 3.79 लाख रुपये की देनदारी का भुगतान करने का आदेश दिया गया है। कंपनी के कॉरपोरेट एनफोर्समेंट ग्रुप ने 17 फरवरी 2023 को टोड़ापुर स्थित एक अनधिकृत झुग्गी में छापेमारी की थी। जांच में पाया गया कि आरोपी एलटी नेटवर्क डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स से अवैध रूप से बिजली लेकर घरेलू उपयोग के साथ कंक्रीट मिक्सर मशीन और ई-रिक्शा चार्जिंग जैसे व्यावसायिक कार्यों में भी उसका इस्तेमाल कर रहा था। टीम ने 7.408 किलोवाट का कनेक्टेड लोड और 3,79,124 रुपये की बिजली चोरी का आकलन किया। कंपनी का कहना है कि पटियाला हाउस अदालत ने निरीक्षण रिपोर्ट, जब्ती मेमो, फोटोग्राफ, वीडियोग्राफी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 और 150 के तहत दोषी करार दिया। ऐसे फैसले बिजली के अनुशासित उपयोग को बढ़ावा देते हैं और यह संदेश देते हैं कि बिजली चोरी एक दंडनीय अपराध है, जिसके गंभीर कानूनी और आर्थिक परिणाम होते हैं।

**प्रवेश सूचना**

**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां**

भगत फूल सिंह महिला पॉलिटेक्निक खानपुर कलां (सोनीपत) में (i) Office Management and Computer Application, (ii) Electronics and Communication, (iii) Library and Information Science and (iv) Medical Laboratory Technology डिप्लोमा इंजीनियरिंग (तीन वर्ष) व डिप्लोमा इंजीनियरिंग (लेटरल एंट्री) (दो वर्ष) सत्र 2026-27 के लिए रिक्त सीटों में दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी अपना प्रार्थनापत्र संस्था में 07/07/2026 सांय 5:00 बजे तक आकर जमा करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विश्व विद्यालय की वेबसाइट www.bpswomenuniversity.ac.in पर अवलोकन करें।

कुलसचिव

संवाद-1239/11/94/2027/46808/C/88/7 दि. 03.07.26

# स्टेशन पर नशीला पदार्थ खिलाकर चोरी करने वाला किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ नशीली गोलियां, बिस्कुट और चोरी किए गए दो मोबाइल फोन बरामद

जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त नाइट पेट्रोलिंग टीम ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक यात्री को नशीला पदार्थ खिलाकर उसका सामान चोरी करने के आरोपी को पकड़ लिया है। उसके पास से नशीली गोलियां, बिस्कुट और चोरी किए गए दो मोबाइल फोन बरामद किए गए।

डीसीपी रेलवे यूनिट बी. भरत रेड्डी के अनुसार 30 जून और 1 जुलाई की दरम्यानी रात रूटीन पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने सुबह करीब 4 बजे पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर टॉयलेट एरिया के पास खड़ी एक यात्री ट्रेन देखी। एक कोच के अंदर जाने पर उन्हें एक यात्री बर्थ पर बेहोश मिला, जबकि दूसरा व्यक्ति उसका सामान खंगाल रहा था। पूछताछ करने पर सामान खंगालने वाले व्यक्ति ने टालमटोल वाले और असंतोषजनक जवाब दिए। बर्थ पर पड़ा यात्री किसी नशीले पदार्थ के असर में लग रहा था। गड़बड़ी का शक होने पर पेट्रोलिंग टीम ने तुरंत उस व्यक्ति को पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से स्क्रीन-लॉक वाले दो मोबाइल फोन बरामद हुए। इसके अलावा बिस्कुट का एक पैकेट जिसमें नशीला पदार्थ मिला होने का शक था, और कुछ दवाएं जो नशीली लग रही थीं भी बरामद की गई। पीड़ित को तुरंत मेडिकल जांच और इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान उत्तर प्रदेश के अमरोहा निवासी फिरोज खान के तौर पर हुई। उसे हिरासत में ले लिया गया। कड़ी पूछताछ के दौरान पता चला कि उसने चोरी करने के इरादे से पीड़ित को नशीला पदार्थ खिलाया था और उसका मोबाइल फोन चुरा लिया था। 24 वर्षीय पीड़ित व्यक्ति उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले का रहने वाला है और गुरुग्राम से यूपी के गजरौला जा रहा था। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी पहले भी 8 मामलों में शामिल रहा है। आरोपी को सक्षम अदालत के सामने पेश किया गया, जिसने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

## 650 करोड़ रुपए का हेल्थ घोटाला मात्र घोटाला नहीं है यह मरीजों के जीवन संग खिलवाड़ है: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस ने 650 करोड़ रुपये के स्वास्थ्य विभाग घोटाले को लेकर आप और बीजेपी दोनों को घेर लिया है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि यह घोटाला किसी एक पार्टी का नहीं, बल्कि दोनों के शासन में चले सिस्टेमिक भ्रष्टाचार का जीता-जागता सबूत है। आप ने बीज बोया, बीजपी ने उसे बढ़ावा दिया। जिसका शिकार दिल्ली के मरीज हो रहे हैं। इसी मामले पर विभिन्न टीवी डिबेट में कांग्रेस का पक्ष रख चुके वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और करावल जिला कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने भी पूर्व की केजरीवाल सरकार और मौजूदा रेखा गुप्ता की बीजेपी सरकार दोनों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि बीजेपी फरवरी 2025 में सत्ता में आई। 16 महीने में 650 करोड़ का यह घोटाला सामने आया। एसीबी द्वारा एफआईआर दर्ज हुई, गिरफ्तारियां हो रही हैं लेकिन क्या असली गुनहगार पकड़े जाएंगे?₹ या राममंदिर की तरह बचा लिए जाएंगे? क्योंकि 650 करोड़ एक बहुत बड़ी रकम है इसलिए इस घोटाले में बड़े मगरमच्छों का पकड़ा जाना बहुत जरूरी है। आदेश भारद्वाज ने आगे कहा कि इस पूरे प्रकरण पर सवाल यह उठते हैं सर्जिकल आइटम्स और मेडिकल उपकरणों की खरीद में बाजार दर से कहीं महंगे दामों पर ऑर्डर क्यों पास किए गए? टेंडरों में गड़बड़ी, फेवरिट वेंडर्स को फायदा और जरूरी फाइलों के गायब होने जैसे आरोपों की जांच अब एसीबी और ईडी कर रही है, कहीं ऐसा तो नहीं कि पुरानी फाइलें निकालकर नई अनियमितताएं छुपाई जा रही हों? पूर्व डीजीएचएस डॉ. वत्सला अग्रवाल समेत कई अधिकारियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। फिर भी असली मास्टरमाइंड को बचाने की कोशिश क्यों? आदेश भारद्वाज ने आगे कहा कि एलएनजेपी, जीटीबी जैसे बड़े अस्पतालों में दवाओं-उपकरणों की खरीद घोटाले से सीधे मरीज प्रभावित होते हैं। सरकारी अस्पतालों में दवा नहीं, लेकिन ठेकेदार और अधिकारी अरबों कमा रहे हैं।

## केजरीवाल की मोदी को घेरने की तैयारी, इथेनॉल पर लोगों से मांगी शिकायत

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पीएम नरेंद्र मोदी को ई 20 पेट्रोल पर घेरने की तैयारी करते हुए कहा है कि वह प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखेंगे। केजरीवाल ने केंद्र द्वारा पेट्रोल में अधिक मात्रा में इथेनॉल मिलाने के मुद्दे पर लोगों से उनके वाहनों के साथ हो रही दिक्कतों संबंधित शिकायतें मांगी है। केजरीवाल ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट करते हुए मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि पूरा देश उनके लिए प्रयोगशाला बन गया है। उन्होंने मोदी से अपील करते हुए कि पूरे देश को प्रयोगशाला न बनाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जबरदस्ती ई 20 पेट्रोल थोप रही है, जिससे अधिकांश वाहनों को नुकसान हो रहा है और उनकी माइलेज घट रही है। केजरीवाल ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर लोगों में बहुत ज्यादा गुस्सा है। ऐसा लगता है कि मोदी सरकार के लिए पूरा देश एक प्रयोगशाला बन गई है। लोगों पर जबरदस्ती ई 20 पेट्रोल थोपा जा रहा है। इथेनॉल से लोगों की गाड़ियां बंद पड़ रही हैं, उनके कल पुर्जे खराब हो रहे हैं और माइलेज गिर रही है। लोगों की इस गंभीर व जबरन थोपी जा रही परेशानी को लेकर मैं पीएम मोदी को चिट्ठी लिखने जा रहा हुं। केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि वह इस मुद्दे पर आम लोगों से अपील है कि वे अपनी समस्याएं और सुझाव उन्हें डायरेक्ट मैसेज या कमेंट के जरिए भेजें। जिससे की चिट्ठी में इन मुद्दों को शामिल किया जा सके।

# भूख हड़ताल के पांचवे दिन वांगचुक की सेहत और गिरी, सीपीआई एमएल का मिला साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का धरना प्रदर्शन लगातार शुक्रवार को 14वें दिन भी जारी रहा। वहीं धरने में वांगचुक की भूख हड़ताल का पांचवा दिन रहा। सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके का कहना है कि भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक का स्वास्थ्य और अधिक गिर गया है। सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल में शामिल प्रदर्शनकारियों का कहना है कि खराब स्वास्थ्य और बारिश के बावजूद हमारा आंदोलन जारी रहेगा। वहीं शुक्रवार को राजनीतिक दल सीपीआई (एमएल) के महासचिव कामरेड दीपांकर भट्टाचार्य व अन्य धरना स्थल पहुंचे और भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक और अन्य अनशनकारी छात्रों से मुलाकात की और आंदोलन के प्रति अपना समर्थन प्रकट करते हुए अपनी एकजुटता दिखाई। भट्टाचार्य ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए सभी लोकतांत्रिक ताकतों से एक साथ आने की अपील की। प्रदर्शनकारियों ने दोहराया कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक यह आंदोलन जारी रहेगा। कुछ समर्थकों ने बताया कि गुरुवार व शुक्रवार की देर रात धरना स्थल के आसपास भारी पुलिस की तैनाती कर दी थी। ऐसे में समर्थकों का कहना है कि पुलिस की बढ़ी हुई मौजूदगी से यह संकेत मिल रहा है कि प्रशासन आंदोलन को लेकर सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है शायद। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुलिस बल बढ़ाने से आंदोलन खत्म नहीं होगा। क्योंकि लोकतंत्र में अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से रखना हर नागरिक का अधिकार है। उन्होंने कहा कि सरकार को आवाज दबाने के बजाय युवाओं और छात्रों की मांगों को सुनना चाहिए। आंदोलनकारियों का कहना है कि भूख हड़ताल पांचवें दिन वांगचुक के स्वास्थ्य में गिरावट के चलते लगातार चिकित्सकीय टीम निगरानी रख रही है। धरना स्थल पर मौजूद समर्थकों ने सरकार से अपील की कि वह आंदोलन को नजरअंदाज करने के बजाय बातचीत का रास्ता अपनाए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी राजेंद्र कुमार, पुत्रः** हेमचंद, **पताः** नकान नं. सी–138, गली नंबर 06, भजनपुरा, दिल्ली **FIR No. 413/2020, U/s: 138 NI Act, पुलिस थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेंद्र कुमार**, मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेंद्र कुमार**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **राजेंद्र कुमार, FIR No. 413/2020, U/s: 138 NI Act, पुलिस थानाः भजनपुरा, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.08.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री किरणदीप कौर
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/8877/NE/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. / 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू, पुत्रः बिरजू, पताः झुग्गी नं. 24, संजय बस्ती, तिमारपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 395/2023, U/s 379/411/34 IPC, पुलिस थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 395/2023, U/s 379/411/34 IPC, पुलिस थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अभियुक्त **सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री पायल सिंघल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–09, सेंट्रल जिला**
**कमरा नं. 286, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/9048/N/2026



# मैं 'हेरा फेरी 3 को धुरंधर से भी बड़ा बनाता : प्रियदर्शन

**नई दिल्ली।** हेराफेरी से एग्जिट लेने पर साफ-साफ बात करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, 'फिरोज ने अक्षय से कहा था, 'तुम्हारे पास हेरा फेरी 3 बनाने के अधिकार हैं, लेकिन इसे कभी भी प्रियदर्शन के साथ मत बनाना। बस यही मेरी गुजारिश है।' उन्होंने कई बार मेरी बेइज्जती की है, उन्होंने मुझसे कहा था कि हेरा फेरी का मेरा कट किसी गरीब आदमी के वर्शन जैसा लगता था, और उन्हें मेरी पांच घंटे की फिल्म को एडिट करना पड़ा था'। उन्होंने बताया, 'शुरू में मैं अक्षय के साथ तीसरा पार्ट बनाने के लिए तैयार हो गया था, क्योंकि मुझे लगा कि मैं देश की सबसे बड़ी फ्रैचाइजी में से एक बना सकता हूं। अगर मैंने इसे डायरेक्ट किया होता, तो मैं इसे 'धुरंधर' से भी बड़ा बना सकता था। अक्षय कुमार , सुनील शेट्टी और परेश रावल ने मुझसे 'हेरा फेरी 3' बनाने का अनुरोध किया था।

लाइफ Style

# दिव्या

## आजकल एक रील से बन सकते हैं स्टार

दिव्या दत्ता को हाल ही में वेब सीरीज 'चिरैया' में एक ऐसी महिला का किरदार निभाने के लिए तारीफ मिली, जो अपने परिवार के खिलाफ आवाज उठाती है। हाल ही में दिव्या ने सोशल मीडिया के दौर में एक्टर्स के सामने आने वाली नई चुनौतियों, किरदार पर आधारित कहानियों पर स्टार सिस्टम के असर और दूसरी चीजों के बारे में बात की।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या का मानना है कि आज के एक्टर्स के लिए नई चुनौती सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर कल्चर का बढ़ना है। दिव्या दत्ता ने सोशल मीडिया के दौर और नए एक्टर्स के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर कहा कि जब मौकों की बात आती है, तो मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तब हमें कहीं ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि तब मौके और माध्यम कम थे। आजकल आप अपने लिए एक रील बना सकते हैं और अचानक स्टार बन सकते हैं। प्रोड्यूसर आप पर ध्यान देते हैं और कहते हैं, 'ठीक है, इस व्यक्ति को लेते हैं।'इस लिहाज से यह आसान हो गया है। कई इन्फ्लुएंसर्स ने अपने लिए मजबूत कॅरियर बनाया है, लेकिन इसके दूसरे पहलू भी हैं। इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। युवा पीढ़ी अब ऐसी स्थिति में फंसी हुई है जहां सब कुछ लाइक्स, वैलिडेशन और विजिबिलिटी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस सवाल पर कि बॉलीवुड आज भी महिलाओं के मजबूत किरदारों को दिखाने में क्यों संघर्ष करता है, एक्ट्रेस कहती हैं कि ऐसे रोल मौजूद तो हैं, लेकिन कम हैं। मेरे दिमाग में सबसे पहले 'दामिनी' फिल्म आती है, जिसमें महिलाओं का एक बहुत मजबूत किरदार था। लेकिन, और भी फिल्में हैं।



हॉलीवुड मसाला



# माउई के रूप में शानदार वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कुछ किरदार ऐसे होते हैं जिन्हें अभिनेता निभाते हैं, और कुछ ऐसे जो अभिनेता की पहचान बन जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शुमार, बॉक्स ऑफिस के बादशाह और करोड़ों दिलों की धड़कन ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन के लिए माउई ऐसा ही एक किरदार है। 10 जुलाई को जब डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्म मोआना भारत में अंग्रेजी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब जॉनसन सिर्फ 2016 की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म के अपने लोकप्रिय किरदार में वापसी नहीं करेंगे, बल्कि पहली बार उसे पूरी तरह जीवंत रूप में बड़े पर्दे पर निभाते नजर आएंगे—अपने मशहूर टैटू, दमदार व्यक्तित्व और उसी करिश्मे के साथ।



# द ओडिसी से धमाका करने के लिए तैयार क्रिस्टोफर

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन फिर से अपनी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म से दुनियाभर में तहलका मचाने जा रहे हैं। ओपेनहाइमर की रिलीज के तीन साल बाद क्रिस्टोफर फैंटेसी ड्रामा 'द ओडिसी' लेकर आ रहे हैं। सिनेमाघरों में रिलीज से सिर्फ 15 दिन पहले ही 'द ओडिसी' का फाइनल ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने आउट होते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फाइनल ट्रेलर 'द ओडिसी' की भव्यता को और करीब से दिखाता है। फिल्म पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द ओडिसी' के फाइनल ट्रेलर में डेमन के ओडिसियस और चार्लीज थेरॉन के कैलिप्सो की और झलक मिलती है। साथ ही यह भी दिखाया गया है कि कैसे ट्रोजन वॉर के बाद ओडिसियस घर अपने परिवार के पास लौटने के लिए बेताब है। इस ट्रेलर में परिवार का मोह, युद्ध और घर वापसी की बेचैनी को खूबसूरती से दिखाया गया है।



# जरूरतमंद की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी मुंबई की भारी बारिश के बावजूद मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। साथ ही उन्होंने जिस तरह एक जरूरतमंद की मदद की, उसे देखकर फैंस राशा के कायल हो गए। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अपने कॅरियर की शुरुआत पिछले साल आजाद से की थी। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता नहीं मिली। लेकिन, राशा के पास ऑफर्स की कमी नहीं है। अपनी फिल्मों के अलावा वह अपने व्यवहार को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह बारिश के मौसम में मुंबई के एक मंदिर में पहुंचीं। इस दौरान एक बूढ़ी महिला उनसे मदद मांगती दिखे, राशा ने भी मदद का हाथ बढ़ाया। राशा की इस दरियादिली को फैंस अब खूब सराह रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि राशा मंदिर में भगवान के दर्शन करने के बाद बाहर निकलती हैं।



# तलाक के बाद नहीं ली 400 करोड़ की एलिमनी

**नई दिल्ली।** एक्टर ऋतिक रोशन और सुजैन खान का तलाक देश भर में चर्चा का विषय बना था। दोनों की शादी 15 साल से ज्यादा चली थी और उनके दो बेटे भी हैं। लेकिन उनके अलग होने और कोर्ट केस की खबरों के बीच ऐसी खबरें भी आईं कि सुजैन ने ऋतिक से एलिमनी (तलाक के बाद मिलने वाली रकम) के तौर पर 400 करोड़ की मांग की थी और बॉलीवुड में इसे अब तक का सबसे महंगा तलाक भी माना जाता है। अब उनकी बहन और ज्वेलरी डिजाइनर फराह खान अली ने इन दावों को गलत बताया है और कहा है कि सुजैन को इस तरह पैसों की जरूरत नहीं थी। फराह खान अली ने उस समय को याद किया जब ऋतिक और सुजैन ने अपने तलाक की बात सबके सामने रखी थी। उन्होंने कहा, 'हर कोई हैरान था। बहुत हंगामा हुआ था।

टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने बदल दी मेरी जिंदगी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने टेलीविजन जगत में सास-बहू और फैमिली ड्रामा आधारित सीरियल्स में ऐसा प्रयोग किया कि दर्शक खूब आकर्षित हुए। साल 2000 के आसपास 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे सीरियल्स का क्रेज जबर्दस्त था और घर-घर में देखे जाते थे। 'क्योंकि...' का दूसरा सीजन इन दिनों प्रसारित हो रहा है। इसके सफर पर एकता कपूर ने बात की। एकता कपूर का मानना है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने उनकी जिंदगी बदल दी। प्रोड्यूसर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शुक्रवार को एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने शो के दूसरे सीजन का नया प्रोमो पोस्ट किया है, जिसमें घर के अंदर हुए बदलावों की झलक है। पोस्ट के साथ एकता कपूर ने कैप्शन लिखा है, '26 साल पहले एक शो आया था, जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। समीर सर, स्टार प्लस, बालाजी टीम, तनु, स्मृति और सभी एक्टर्स का शुक्रिया। और हां, सबसे ज्यादा शुक्रिया उन राइटर्स और टीम का, जो इसे ऐसा बनाने के लिए लगातार काम करते हैं। जय माता दी'। बता दें कि शो के दूसरे सीजन में नए बदलाव देखने को मिलने वाले हैं। फिलहाल तुलसी जेल में है। दो किरदारों- पार्थ और रेयांश की शो से विदाई हो चुकी है। सीरियल की कहानी 10 साल आगे बढ़ने वाली है। कमान नई पीढ़ी को सौंपी जाएगी। लंबे वक्त से सीरियल में मिहिर अनुपस्थित है। देखना दिलचस्प होगा कि दस साल आगे बढ़ने के बाद शो क्या मोड़ लेता है। तुलसी और मिहिर की क्या भूमिका होगी?

## सुनील अरसे बाद पत्नी संग दिखे

**नई दिल्ली।** एक्टर-कॉमेडियन सुनील ग्रोवर गुरुवार रात अपनी पत्नी आरती ग्रोवर के साथ नजर आए। मुंबई में बाहर निकलते समय पैपराजी ने इस कपल को देखा। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में सुनील, आरती का हाथ थामे



हुए चलते दिखे। पैपराजी को देखकर वे दोनों रुके और मुस्कुराते हुए कैमरों के लिए पोज दिया। वैसे सुनील न तो पत्नी के साथ ज्यादा फोटोज शेयर करते हैं और दिखते भी बहुत कम ही हैं। ऐसे में उनकी बीवी को साथ देख सभी चौंक गए और कपल की सादगी ने हर किसी का दिल लूट लिया। इस आउटिंग के लिए सुनील ग्रोवर ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर कैजुअल ब्लैक ब्लेजर और उसके साथ ढीली-ढाली, ओवरसाइज्ड नीली कार्गो ट्राउजर पहनी थी। वहीं, आरती हल्के रंग के, वर्टिकल स्ट्राइप्स वाले फुल-स्लीव टॉप में सिंपल लुक में दिखीं। इस टॉप में आरामदायक फिट के लिए इलास्टिक वाली ड्रॉस्ट्रिंग हेम थी।

# लव एंड वॉर के लिए विक्की ने किया जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



**मुंबई।** एक्टर विक्की कौशल संजय लीला भंसाली के साथ अपनी पहली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दो साल से ज्यादा समय से बन रही यह फिल्म अब पूरी होने वाली है। अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि विक्की कौशल ने अपने किरदार के दो अलग-अलग रूप दिखाने के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उन्होंने पहले काफी वजन बढ़ाया और फिर उसे पूरी तरह घटाया। 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू करते समय किरदार में ढलने के लिए उन्होंने लगभग 12 किलो वजन बढ़ाया और फिर फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग के लिए लगभग 15 किलो वजन घटाकर जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया। अपने काम के प्रति उनका समर्पण हमेशा ही काबिले-तारीफ रहा है। यह पहली बार नहीं है जब विक्की ने किसी रोल के लिए अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया हो। एक्टर ने 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका के लिए भी इसी तरह का मुश्किल ट्रांसफॉर्मेशन किया था। 'लव एंड वॉर' रोमांस और एविएशन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि मेकर्स ने फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

# वीकेंड पर घर बैठे देखिये ये टॉप क्राइम-थ्रिलर फिल्में

**नई दिल्ली।** वीकेंड पर हर कोई फैमिली के साथ एंजॉय करना चाहता है और फैमिली टाइम बिताना चाहता है। ऐसे में ओटीटी वीकेंड पर फैमिली टाइम का एक बेहतरीन जरिया है, जहां आप पूरे परिवार के साथ बैठकर किसी फिल्म या सीरीज का आनंद उठा सकते हैं, वो भी घर बैठे। आइए जानते हैं ओटीटी पर मौजूद टॉप-5 हिंदी क्राइम-थ्रिलर फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप ओटीटी पर घर बैठे फैमिली के साथ भी देख सकते हैं।

### दृश्यम 2

आईएमडीबी रेटिंग के मुताबिक, अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना स्टारर 'दृश्यम 2' हिंदी क्राइम थ्रिलर फिल्मों में टॉप पर है। इसके रेटिंग 8.4 है। फिल्म की कहानी अजय देवगन द्वारा निभाए गए किरदार विजय सलगांवकर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाता है और एक लाश को छिपाता है। जिसे पुलिस ढूंढने का प्रयास कर रही है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है और ये फिल्म प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### अंधाधुंन

आयुष्मान खुराना, तब्बू और राधिका आप्टे स्टारर 'अंधाधुंन' एक शानदार क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। आईएमडीबी के मुताबिक इसकी रेटिंग 8.2 है। फिल्म की कहानी आकाश (आयुष्मान खुराना) नाम के एक ऐसे पियानोवादक की है, जो अंधा होने का नाटक करता है। एक दिन वह अनजाने में एक पूर्व अभिनेता के मर्डर और उसकी पत्नी (तब्बू) के काले कारनामों का गवाह बन जाता है, जिससे उसकी जान पर बन आती है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसका निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

### कहानी

सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित 'कहानी' में विद्या बालन प्रमुख भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी लंदन से कोलकाता आई एक गर्भवती महिला विद्या बागची (विद्या बालन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने लापता पति की तलाश कर रही है। शहर में कोई उसकी मदद नहीं करता और दावा करता है कि उसके पति का कोई अस्तित्व ही नहीं है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 है और इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### ए वेडनेसडे

नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर स्टारर 'ए वेडनेसडे' एक सफल क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म की कहानी एक आम नागरिक और रिटायर्ड पुलिस कमिश्नर प्रकाश राठौड़ (अनुपम खेर) के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक कॉमन मैन (नसीरुद्दीन शाह) सिर्फ फोन कॉल के जरिए मुंबई में बम की धमकी देता है और बदले में कुछ आतंकवादियों को छुड़वाने की बात कहता है।

संगीत और अभिनय विरासत में मिला था, दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे

# 45 साल पहले अमित ने पापा किशोर कुमार को हराकर जीता था ये अवॉर्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यह बात साल 1975 की है। बंबई के एक छोटे से म्यूजिक रूम में 23 साल का एक नौजवान बेहद घबराया हुआ खड़ा था। उसके ठीक सामने आरडी बर्मन (पंचम दा) बैठे थे और उनके बगल में मन्ना डे तथा किशोर कुमार जैसे महानायक थे। आरडी बर्मन के कहने पर उस नौजवान ने बेहद संकोच और थरथराती आवाज में एक गीत सुनाया। वह नौजवान कोई और नहीं, बल्कि किशोर कुमार के बड़े बेटे अमित कुमार थे। 3 जुलाई 1952 को कोलकाता में जन्मे अमित कुमार को संगीत और अभिनय विरासत में मिला था। उनके पिता किशोर कुमार और मां रूमा गुहा ठाकुरता (प्रसिद्ध बंगाली अभिनेत्री और 'कलकत्ता यूथ चायर' की संस्थापक) थीं। उनके परिवार का नाता फिल्म जगत की दिग्गज हस्तियों से रहा है, जिसमें उनकी सौतेली माताओं में मधुबाला, योगिता बाली और लीना चंदावरकर शामिल थीं, जबकि अभिनेत्री काजोल उनकी भतीजी हैं।



### 11 साल की उम्र में गाया पहला गाना

अमित कुमार का शुरुआती बचपन कोलकाता में बीता, जहां वे दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में महान बंगाली अभिनेता उत्तम कुमार ने उनकी प्रतिभा को सराहा। जब मां ने शिकायत की कि अमित केवल 'फिल्मी' गाने गाता है, तो किशोर कुमार उन्हें बंबई ले आए। बंबई आने से पहले ही उन्होंने अपने पिता की निर्देशित फिल्म 'दूर गगन की छांव में' (1964) में अभिनय किया था और फिल्म 'दूर का राही' (1971) के लिए 11 साल की उम्र में अपना पहला गीत 'मैं पंछी मतवाला रे' रिकॉर्ड किया था।

### इस गाने के कारण बने रातों रात स्टार

साल 1981 में रिलीज़ हुई फिल्म 'लव स्टोरी' के गाने 'याद आ रही है' ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इस सफलता का सबसे ऐतिहासिक क्षण साल 1982 के फिल्मफेयर अवाड्र्स में आया। बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर की श्रेणी में पिता किशोर कुमार और बेटे अमित कुमार आमने-सामने थे। किशोर कुमार की बात करें तो उन्हें दो नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें कुदरत फिल्म का हमें तुमसे प्यार कितना और याराना फिल्म का छूकर मेरे मन को गाना था। कड़े मुकाबले के बाद विजेता अमित कुमार घोषित हुए और किशोर कुमार ने गर्व से अपने बेटे को गले लगा लिया। 1980 के दशक में वे कुमार गौरव, अनिल कपूर और संजय दत्त जैसे युवा कलाकारों की सिग्नेचर आवाज बन गए।

### अमित के पॉपुलर गाने

अमित कुमार के कॅरियर के प्रमुख गीतों की बात करें, तो बड़े अच्छे लगते हैं, तेरी याद आ रही है, एक दो तीन, रोज रोज आंखों तले, उठे सबके कदम, तू रूठा तो मैं मान जाऊंगा, तिरछी टोपीवाले और टिप टिप टिप टिप बारिश जैसे गीत शामिल हैं। 13 अक्टूबर 1987 को किशोर कुमार के आकस्मिक निधन ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री को स्तब्ध कर दिया। इसके बाद अमित कुमार ने अपने पिता की अधूरी फिल्म 'ममता की छांव में' (1989) का निर्देशन संभाला और उसे पूरा किया। इसके बाद 4 जनवरी 1994 को उनके मार्गदर्शक आरडी बर्मन भी दुनिया से चले गए। उन्होंने 1990 के मध्य में प्लेबैक सिंगिंग छोड़ दी। उन्होंने अपनी संगीत कंपनी 'कुमार ब्रदर्स म्यूजिक' शुरू की और खुद को स्वतंत्र संगीत तथा विश्वव्यापी लाइव कॉन्सर्ट्स के लिए समर्पित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### अब गांव में हर घर पर 1200 रुपए टैक्स

**पटना।** बिहार में शहरों क्षेत्र की तर्ज पर गांवों में भी टैक्स की वसूली होगी। सभी ग्राम पंचायतें



हरेक घर से साल भर में औसतन 1200 रुपए टैक्स लेगी। 16वें केंद्रीय वित्त आयोग की अनुशंसा पर ग्रामीणों को भी नगर निगम की तर्ज पर होल्डिंग सहित अन्य टैक्स देना होगा। इस संबंध में पंचायती राज विभाग के प्रस्ताव को वित्त विभाग की हरी झंडी मिल गई है।

### वाहन लौटाने का नोटिस मिला तो सुरक्षा ही लौटा दी

**रांची।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लिए गए फैसले



के कारण चर्चा में हैं। किशोर ने अपनी सुरक्षा में तैनात 16 पुलिस जवानों व उनके लिए उपलब्ध कराए गए तीन सुरक्षा वाहनों को राज्य सरकार को वापस कर दिया है। वह बिना भारी सुरक्षा काफिले के ही विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। इस फैसले को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही थीं, लेकिन अब इसकी वजह सामने आ गई है।

### सपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र चौधरी की तबीयत बिगड़ी

**लखनऊ।** सपा के वरिष्ठ नेता एवं मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उन्हें हार्ट अटैक आने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल उनकी हालत पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी रखे हुए है और इमरजेंसी वार्ड में उनका इलाज जारी है।

## उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के नवीन परिसर का लोकार्पण

# यूपी की नौकरशाही पॉलिसी पैरालिसिस की शिकार नहीं, तेजी के साथ लक्ष्य को हासिल करने को तैयार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ**

विकसित भारत की आधारशिला यूपी बनेगा और इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक गांव, कस्बे और वार्ड को आत्मनिर्भर बनाना होगा। राजनीतिक नेतृत्व केवल विजन दे सकता है, लेकिन उसे धरातल पर उतारने की पूरी ताकत प्रशासनिक मशीनरी के पास होती है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की नौकरशाही अब पॉलिसी पैरालिसिस का शिकार नहीं है, बल्कि पूरी तेजी के साथ विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दौड़ने को तैयार है। विकसित भारत की आधारशिला उत्तर प्रदेश बनेगा और इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक गांव, कस्बे और वार्ड को आत्मनिर्भर बनाना होगा। राजनीतिक नेतृत्व केवल विजन दे सकता है, लेकिन उसे धरातल पर उतारने की पूरी ताकत प्रशासनिक मशीनरी के पास होती है। इसलिए प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और सकारात्मक कार्य संस्कृति बेहद जरूरी है।

- भारत का अग्रणी स्कूल ऑफ पब्लिक लीडरशिप

मुख्यमंत्री शुक्रवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के 464 करोड़ रुपये से अधिक लागत से 22 एकड़ से ज्यादा क्षेत्रफल में निर्मित अत्याधुनिक नवीन परिसर का लोकार्पण करने के उपरांत प्रशासनिक अधिकारियों और प्रशिक्षुओं को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भवन का उद्घाटन किया और परिसर का निरीक्षण कर विभिन्न सुविधाओं व व्यवस्थाओं की जानकारी ली।




### नौ वर्षों में बदली उत्तर प्रदेश की पहचान

*मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी की पिछले नौ वर्षों की विकास यात्रा स्वयं बहुत कुछ कहती है। शासन व आमजन के बीच प्रशासनिक अधिकारी सबसे महत्वपूर्ण सेतु होते हैं। यदि यह सेतु मजबूत होगा तो सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा और जनता की धारणा भी सकारात्मक बनेगी। वर्ष 2017 से पहले दो-तीन दशकों तक उत्तर प्रदेश की छवि बेहद नकारात्मक हो गई थी। लोग मानने लगे थे कि देश की कोई भी योजना उत्तर प्रदेश में सफल नहीं हो सकती।*

### टीमवर्क व सकारात्मक सोच ही सफलता का आधार

सीएम ने कहा कि इस अकादमी को भारत के अग्रणी स्कूल ऑफ पब्लिक लीडरशिप के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। नॉलेज टू डेवलपमेंट, डेवलपमेंट टू पब्लिक ट्रस्ट और पब्लिक ट्रस्ट टू नेशन बिल्डिंग की संकल्पना को साकार करने में यह संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसी उद्देश्य से आधुनिक सुविधाओं से युक्त अकादमी का निर्माण कराया गया है।

### मिशन कर्मयोगी और आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर भी यूपी नंबर-1

*मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मिशन कर्मयोगी के तहत आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर क्षमता निर्माण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पहले काफी पीछे था, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों से अब देश में पहले स्थान पर है। यह हमारे प्रशासनिक तंत्र की कार्यक्षमता का प्रमाण है। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के विजन को लेकर प्रदेशभर में व्यापक संवाद अभियान चलाया गया। विधानमंडल से लेकर गांवों की चौपाल तक चर्चा हुई। 300 वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों और पूर्व अधिकारियों ने विभिन्न वर्गों के बीच जाकर संवाद किया।*



## आम महोत्सव-2026 का शुभारंभ

# गुणवत्ता, विश्वास व वैश्विक मानकों पर खरा उतरे यूपी का आम

उद्यान विभाग को जीआई टैग दिलाने के लिए आवेदन करने का निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को आम महोत्सव-2026 का शुभारंभ किया। उन्होंने स्टॉल्स का अवलोकन कर आम की 800 से अधिक प्रजातियों के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी तैयारी इस तरह होनी चाहिए कि यूपी के किसानों का आम गुणवत्ता, विश्वास व वैश्विक मानकों पर खरा उतर सके। हमारा लक्ष्य केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित न रहे, बल्कि ब्रांडिंग, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग के साथ ही प्रोडक्ट की ट्रेसेबिलिटी व ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन पर भी ध्यान देना होगा। तभी यह एक्सपोर्ट के लिए स्वीकार्य होगा। एक बाग आय के कई मॉडल के रूप में फल उत्पादन, प्रोसेसिंग, टूरिज्म, ऑर्गेनिक उत्पाद, मधुमक्खी पालन, खाद्य उद्योग और एक्सपोर्ट के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम बन सकता है।

### देश में 26% आम का उत्पादन करता है यूपी

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कुल आम उत्पादन में यूपी 26 फीसदी हिस्सेदारी करता है। महोत्सव में 7 श्रेणियों के 56 वर्गों में 800 से अधिक वैरायटी हैं। सीएम ने आम महोत्सव में बायर्स-सेलर्स मीट की सराहना की। कहा कि यूपी में हम लोग ओडीओपी से जुड़े आयोजन करते हैं तो बायर्स-सेलर्स मीट अवश्य रखते हैं। इससे किसानों व उद्यमियों को अपने उत्पाद आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। औद्यानिक फसलों से जुड़े किसान, स्वयं सहायता समूह, पैक हाउस, एक्सपोर्ट, फूड प्रोसेसिंग, नर्सरी मालिक, बैंकर्स, इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने वाला मैकेनिज्म, मशीनरी व उपकरण आपूर्तिकर्ता, रिसर्च व डवलपमेंट से जुड़े वैज्ञानिक भी इस कार्यक्रम से जुड़े हैं। उद्यान विभाग ने यूपी में औद्यानिक फसलों के लिए ईकोसिस्टम बनाने का कार्य किया है।

### माटी की खुशबू व मिठास से आकर्षित कर रहा आम

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के स्तर पर प्लेटफॉर्म मिलता है, शोकेसिंग का अवसर प्राप्त होता है तो यूपी के आम की प्रजातियों का पता चलता है। यहां वाराणसी-गोरखपुर का लंगड़ा, गोरखपुर का गौरजीत, बस्ती का आम्रपाली, मलिहाबाद लखनऊ का दशहरी, बागपत व सहारनपुर के रटौल समेत प्रदेश के जनपदों में पैदा होने वाली आम की किस्में वहां की माटी की सुगंध व मिठास के जरिए इस महोत्सव में आए हर व्यक्ति को आकर्षित कर रही है। और यही यूपी की ताकत है। सीएम ने ओडीओसी की चर्चा कर आम के व्यंजनों पर जोर दिया। कहा कि पहले जुलाई में स्कूल, घर, गांवों आदि में आम की दावत होती थी। सीएम ने मैंगो टूरिज्म को नई पहचान दिलाने पर जोर दिया। कहा कि किसानों को एग्री इंटरप्रेन्योर्स बनाने की दिशा में बढ़ाना होगा।

## नई ईवी पॉलिसी छोटे निर्माताओं की अनदेखी, ईवीएमएस ने जताया विरोध

**नई दिल्ली।** ईवी मैन्युफेक्चरिंग सोसायटी ईवीएमएस ने दिल्ली सरकार की नई ईवी पॉलिसी का विरोध किया है और छोटे निर्माताओं की अनदेखी पर नाराजगी जताई है। दिल्ली सरकार की नई ईवी पॉलिसी के विरोध में आज ईवीएमएस की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से दिल्ली सरकार नई ईवी पॉलिसी के विरोध का निर्णय लिया गया। बैठक में शामिल ईवी फेडरेशन के चेयरमैन अनुज शर्मा ने बताया कि दिल्ली सरकार ने हाल ही में जो ईवी पॉलिसी घोषित की है, उसमें ई-रिक्शा, ई-कार्ट का जिक्र ही नहीं है, जिसे लेकर ई-रिक्शा चालकों, निर्माताओं और डीलरों के संगठन ईवीएमएस में गहरी नाराजगी है। ईवीएमएस के महासचिव राजीव तुली ने कहा कि एल-5 महंगी गाड़ी है, जिसे बड़े निर्माताओं को फायदा पहुंचाने के लिए जबरदस्ती थोपा जा रहा है। जो काम डेढ़ लाख की गाड़ी में हो सकता है, वो काम सरकार हमसे चार से पांच लाख में करवाना चाह रही है।



## 12 नए सैटेलाइट टाउनशिप के लिए हुडको से 1 लाख करोड़ का करार

30 दिन में मिलेगा जमीन मुआवजा



**एजेंसी ▶▶ पटना**

बिहार में 12 नए सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने को लेकर सम्राट चौधरी सरकार ने हुडको (हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड) से 1 लाख करोड़ रुपए का करार किया है। इन नए शहरों को विकसित करने के लिए कुल 7 लाख करोड़ रुपए निवेश किए जाएंगे। हुडको के अलावा 6 लाख करोड़ रुपए का निवेश बाहर से किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की मौजूदगी में शुक्रवार को पटना स्थित लोक सेवक आवास (सीएम हाउस) में नगर विकास एवं आवास विभाग और हुडको के बीच इसको लेकर करार हुआ। सीएम ने कहा कि किसानों को महज 30 दिन के भीतर जमीन का मुआवजा दिया जाएगा। सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि यह समझौता बिहार के शहरी विकास के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## पेज एक का शेष

### अयोध्या में श्री राम...

**राष्ट्र-विरोधी ताकतों की साजिशों को नाकाम करें :** आरएसएस के महासचिव ने कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरे हिंदू समाज से यह अपील भी करता है कि वे इस मुश्किल घड़ी में जरूरी धैर्य और संयम दिखाएं और हिंदू धर्म व समाज को बदनाम करने के लिए इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का फायदा उठाने की कोशिश करने वाली हिंदू-विरोधी और राष्ट्र-विरोधी ताकतों की साजिशों को नाकाम करें।

### राम मंदिर दान चोरी..

**ट्रस्ट को जानबूझकर आरटीआई कानून से बाहर रखा :** डॉ. नायक ने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद शंकराचार्यों द्वारा समर्थित एक ट्रस्ट मंदिर निर्माण की जिम्मेदारी लेने को तैयार था, लेकिन केंद्र सरकार ने इसके बजाय भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े लोगों को शामिल कर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ट्रस्ट को जानबूझकर सूचना का अधिकार। अधिनियम के दायरे से बाहर रखा गया, ताकि उसके वित्तीय लेनदेन की सार्वजनिक जांच न हो सके। उन्होंने सवाल किया कि क्या ट्रस्ट में भाजपा और आरएसएस से जुड़े लोगों को वित्तीय अनियमितताओं को संरक्षण देने के उद्देश्य से शामिल किया गया।

**40 दिनों में 70 चोरी की घटनाएं :** कांग्रेस प्रवक्ता ने दावा किया कि पिछले 40 दिनों में राम मंदिर परिसर में करीब 70 चोरी की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चोरी की गई दान राशि सीसीटीवी कैमरों की निगरानी से बचाकर शौचालयों में छिपाई गई और जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज का कोई बैकअप भी नहीं मिला। उन्होंने यह भी पूछा कि पिछले पांच वर्षों की चोरी की घटनाओं का कोई समुचित रिकॉर्ड क्यों उपलब्ध नहीं कराया गया और ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय के खिलाफ अब तक एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई।

**एसआईटी रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की :** कांग्रेस ने यह भी सवाल उठाया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल की रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक क्यों नहीं की गई। पार्टी ने पूछा कि आखिर रिपोर्ट छिपाकर किसे बचाया जा रहा है। डॉ. नायक ने एक समाचार चैनल के स्टिंग ऑपरेशन का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि मंदिर में सोने-चांदी का दान बिना किसी पूछताछ के स्वीकार किया जा रहा था। उन्होंने दावा किया कि दानदाताओं से एक शपथपत्र पर हस्ताक्षर कराए जाते थे, जिसमें लिखा होता था कि दान देने के बाद ट्रस्ट धन या सामग्री का किसी भी प्रकार से उपयोग कर सकता है और उस पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकेगा। उन्होंने सवाल किया कि इस कथित काले धन का अंततः लाभ किसे मिला।

**करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के साथ विश्वासघात :** कांग्रेस नेता ने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि भगवान राम के मंदिर में यदि किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता हुई है तो यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के साथ विश्वासघात है। पार्टी ने आरोप लगाया कि 'वोट चोरी' और 'सीट चोरी' के बाद अब 'मंदिर के चढ़ावे की चोरी' ने देशवासियों की भावनाओं को आहत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर निर्माण का श्रेय लिया था, इसलिए अब उन्हें इस कथित चढ़ावा चोरी मामले पर भी जवाब देना चाहिए और अपनी जिम्मेदारी तय करनी चाहिए।

### 1,400 करोड़ का...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी इस पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ने और सरकार का पक्ष स्पष्ट करने की मांग की।

### 2 अक्टूबर से उज्जैन...

के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएंगे। इस घोषणा के साथ ही उन्होंने भोपाल स्थित अपने सरकारी आवास के बाहर एक विवादित पोस्टर लगाया है, जिस पर लिखा है कि चंदा चोरों का प्रवेश वर्जित। इस पोस्टर पर भगवान राम, शिव, महात्मा गांधी और राहुल गांधी की तस्वीरें हैं।

### अमित शाह ने...

संस्थान और नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि हाल ही में हुई भारी बारिश, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए गृह मंत्रालय की अंतर-मंत्रालयी केन्द्रीय टीम को असम और अरुणाचल प्रदेश भेजा जाए। दोनों राज्य भारी बारिश, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित हुए हैं। असम के कई जिलों में बाढ़ के कारण जल स्तर बढ़ रहा है, जबकि अरुणाचल प्रदेश के कई पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन हुए हैं और सड़कें ब्लॉक हो गई हैं।

### आधार कार्ड में खुद...

सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत भी जुड़ जाएगी। यदि किसी अनधिकृत व्यक्ति द्वारा आधार का उपयोग करने का प्रयास किया जाता है, तो इसकी जानकारी भी उपयोगकर्ता को समय पर मिल सकेगी।

**40 लाख लोगों ने मोबाइल नंबर अपडेट किया :** मंत्रालय ने बताया कि नया आधार ऐप लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। अब तक 40 लाख से अधिक लोगों ने इस ऐप के माध्यम से अपना मोबाइल नंबर अपडेट किया है, जबकि करीब 10 लाख लोगों ने इसी ऐप का उपयोग कर अपने पते में संशोधन कराया है।

**घर बैठे सुविधा का लाभ लें:** सरकार का कहना है कि आधार सेवाओं को अधिक डिजिटल, सुरक्षित और नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। ई-मेल अपडेट की मुफ्त सुविधा से आधार धारकों को किसी आधार सेवा केंद्र पर जाने की आवश्यकता भी कम होगी और वे घर बैठे ही अपने आधार विवरण को सुरक्षित एवं अद्यतन रख सकेंगे।

### इंस्टाग्राम पर ...

सुरक्षा और प्लेटफॉर्म की जवाबदेही को लेकर चिंता है। मेटा की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इंस्टाग्राम के विज्ञापन नेटवर्क पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री को बढ़ावा देने वाले अकाउंट्स और वेबसाइट्स का प्रचार करने के गंभीर आरोप लगे हैं। यह मामला मीडिया रिपोर्ट के बाद सामने आया, जिसमें जांच में दावा किया गया कि इंस्टाग्राम पर कुछ ऐसे पेड विज्ञापन चल रहे थे जो बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री का प्रचार कर रहे थे। इन विज्ञापनों के जरिए यूजर्स को टेलीग्राम के ऐसे चैनलों तक पहुंचाया जा रहा था जहां कथित तौर पर यह गैरकानूनी सामग्री 99 रुपए तक में बेची जा रही थी। सबसे गंभीर बात यह रही कि इंस्टाग्राम का विज्ञापन सिस्टम इन विज्ञापनों को मंजूरी देने के बाद ही प्लेटफॉर्म पर दिखाता है। भारत में बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री का निर्माण, प्रसारण, प्रचार या वितरण गंभीर अपराध है. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 और 67बी के तहत ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है। इसके अलावा आईटी नियम 2021 के तहत बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी है कि वे ऐसी गैरकानूनी सामग्री को समय रहते हटाएं. बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण देने वाले पॉक्सो कानून के तहत भी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

### सुरक्षा चिंताओं के...

के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, जिससे साइबर सुरक्षा या सार्वजनिक सुरक्षा को खतरा उत्पन्न होने की आशंका हो। फिलहाल इन ऐप्स को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मामले की जांच जारी है और सरकार की ओर से आगे की कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

### विपक्षी दलों ने मुख्य...

विपक्षी नेताओं ने कहा कि संसद, न्यायपालिका, मीडिया और कार्यपालिका लोकतंत्र के चार प्रमुख स्तंभ हैं तथा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव इन संस्थाओं को जीवंत बनाए रखने का आधार हैं। पत्र में आरोप लगाया गया है कि चुनावी प्रक्रिया में लगातार ऐसी परिस्थितियां बन रही हैं, जिनसे कई चुनावी परिणाम जनता की वास्तविक इच्छा का प्रतिनिधित्व नहीं करते दिखाई देते। नेताओं ने दावा किया कि वर्ष 2014 के बाद निर्वाचन आयोग में हुई नियुक्तियों को लेकर निष्पक्षता पर सवाल उठे हैं और आयोग की कार्यप्रणाली पर पक्षपात के आरोप लग रहे हैं। विपक्ष ने पत्र में सर्वोच्च न्यायालय के अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि अदालत ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक स्वतंत्र और पारदर्शी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया था। पत्र में यह भी कहा गया कि बाद में संसद द्वारा बनाए गए कानून में चयन समिति से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर प्रधानमंत्री, उनके द्वारा नामित केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता को शामिल किया गया, जिसकी वैधता को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जा चुकी है।

पत्र में निर्वाचन आयोग पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में सत्तारूढ़ दल के प्रति नरम रवैया अपनाने तथा विपक्ष के मामलों में अलग दृष्टिकोण रखने का आरोप भी लगाया गया है। नेताओं ने कहा कि आयोग का यह कथित रवैया लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के विश्वास को कमजोर कर सकता है।

विपक्षी नेताओं ने कहा कि जब अन्य सभी संस्थागत तंत्र विफल हो जाते हैं तो जनता की अंतिम उम्मीद न्यायपालिका होती है। उन्होंने लिखा कि उनका उद्देश्य न्यायपालिका पर प्रश्नचिह्न लगाना नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास मजबूत करना है। पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि न्यायपालिका भी समय पर प्रतिक्रिया नहीं देती, तो लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े हो सकते हैं।

इस संयुक्त पत्र पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी, डीएमके के तिरुचि शिवा, भाकपा (मार्क्सवादी) के जोस के. मणि, भारत आदिवासी पार्टी के राजकुमार रोत, पीडब्ल्यूपीआई के जयंत पाटिल, निर्दलीय राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल तथा लोकदल के सुनील सिंह सहित कई विपक्षी नेताओं के हस्ताक्षर हैं।

### चुनाव आयोग ने फर्जी...

अधिकारियों, सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों, जिला मीडिया नोडल अधिकारियों तथा जिला जनसंपर्क अधिकारियों ने भाग लिया।

**गलत सूचनाओं का समय पर खंडन करें :** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग का प्रत्येक निर्णय भारतीय संविधान, चुनाव संबंधी कानूनों और समय-समय पर जारी लिखित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता के साथ लिया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर झूठे और भ्रामक नैरेटिव तेजी से फैलाए जाते हैं, इसलिए अधिकारियों को सक्रिय होकर गलत सूचनाओं का समय पर खंडन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हाल में हुए विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड मतदान प्रतिशत इस बात का प्रमाण है कि देश के मतदाताओं का चुनावी व्यवस्था पर गहरा विश्वास है।

ढाई साल में हो जाएगा तैयार

## रिम्स-2 के लिए 4189 करोड़ रुपए की मंजूरी



**एजेंसी ▶▶ रांची**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैबिनेट की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि रिम्स-2 पर राज्य मंत्रिपरिषद की मुहर लग चुकी है। अब काम बहुत जल्द धरातल पर दिखाई देगा, ताकि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। वीबी ग्राम जी को भी लागू किया जाएगा। जिस प्रस्ताव को कैबिनेट में मंजूरी दी है, उसके अनुसार रिम्स-2 की स्थापना के लिए 4189 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। निर्माण बिरसा कृषि विवि, रांची की रिंग रोड में उपलब्ध लगभग 150.92 एकड़ भूमि पर दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, फैकल्टी-कर्मियों के आवास, खेल परिसर समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं का निर्माण होगा। ये सभी काम ढाई साल में पूरा कर लेना है। इसके अलावा एमबीबीएस, पीजी व पोस्ट पीजी की 200-200 सीटों का प्रावधान होगा।

### रिम्स पर क्षमता से अधिक मरीजों का दबाव

एसीएस ने कहा कि वर्ष 1960 में स्थापित रिम्स वर्तमान में 1500 बेड वाले अस्पताल के रूप में संचालित हो रहा है, लेकिन यह 130 प्रतिशत से अधिक ऑक्यूपेंसी के साथ काम कर रहा है। प्रतिदिन 3,000 से 3,500 से अधिक मरीज ओपीडी पहुंचते हैं, जबकि ट्रॉमा, न्यूरोसर्जरी, ऑन्कोलॉजी और मातृ स्वास्थ्य वार्डों में लगातार भीड़ बनी रहती है। आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं की बढ़ती मांग को वर्तमान ढांचा पूरा नहीं कर पा रहा है।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं. – योग नगरी ऋषिकेश – श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं. नई एक्सप्रेस रेल सेवा का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं. – योग नगरी ऋषिकेश – सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं. स्टेशनों के बीच रेलगाड़ी सं. 17363/17364 नई (साप्ताहिक) एक्सप्रेस रेलगाड़ी के परिचालन का निर्णय लिया गया है जिसकी समय–सारणी एवं ठहराव निम्नानुसार होंगे :–

**रेलगाड़ी संख्या 17363/17364 श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं. – योग नगरी ऋषिकेश – श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं. एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

| रेलगाड़ी संख्या : 17363 | | स्टेशन | रेलगाड़ी संख्या : 17364 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:45 | एसएसएस हुब्बल्लि | 06:30 | -- |
| 20:08 | 20:10 | धारवाड़ | 05:08 | 05:10 |
| 21:38 | 21:40 | लोंडा | 03:48 | 03:50 |
| 23:05 | 23:10 | बेलगावि | 02:45 | 02:50 |
| 00:03 | 00:05 | घटप्रभा | 01:50 | 01:55 |
| 02:55 | 03:00 | मिरज | 00:25 | 00:30 |
| 03:12 | 03:15 | सांगली | 23:52 | 23:55 |
| 04:07 | 04:10 | कराड | 22:37 | 22:40 |
| 05:07 | 05:10 | सतारा | 21:42 | 21:45 |
| 08:45 | 09:00 | पुणे | 18:30 | 18:40 |
| 10:13 | 10:15 | दौंड कॉर्ड लाइन | 16:18 | 16:20 |
| 11:42 | 11:45 | अहिल्यानगर | 14:22 | 14:25 |
| 13:52 | 13:55 | कोपरगांव | 12:32 | 12:35 |
| 15:50 | 15:55 | मनमाड | 11:40 | 11:45 |
| 18:10 | 18:15 | भुसावल | 09:00 | 09:05 |
| 21:41 | 21:43 | हरदा | 05:05 | 05:07 |
| 22:55 | 23:05 | इटारसी | 04:15 | 04:20 |
| 00:35 | 00:40 | रानी कमलापति | 02:40 | 02:50 |
| 03:00 | 03:05 | बीना | 00:48 | 00:53 |
| 05:45 | 05:50 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन | 22:20 | 22:30 |
| 07:20 | 07:25 | ग्वालियर | 18:10 | 18:15 |
| 10:25 | 10:35 | आगरा कैंट जं. | 15:45 | 15:50 |
| 11:10 | 11:15 | मथुरा | 15:00 | 15:05 |
| 14:25 | 14:40 | हजरत निजामुद्दीन जं. | 13:15 | 13:30 |
| 15:38 | 15:40 | गाजियाबाद | 12:08 | 12:10 |
| 16:21 | 16:23 | मेरठ सिटी | 11:00 | 11:02 |
| 17:26 | 17:28 | मुजफ्फरनगर | 10:21 | 10:23 |
| 17:48 | 17:50 | देवबन्द | 10:01 | 10:03 |
| 18:28 | 18:30 | टपरी | 09:38 | 09:40 |
| 19:37 | 19:42 | रुड़की | 08:29 | 08:34 |
| 21:55 | 22:05 | हरिद्वार | 07:35 | 07:45 |
| 23:30 | -- | योग नगरी ऋषिकेश | -- | 06:15 |

**चलने के दिन:** 17363 श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं. से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 06.07.2026 से एवं 17364 योग नगरी ऋषिकेश से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 09.07.2026 से।

**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2286/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# आरोप की बजाय पुख्ता सबूत पेश करे विपक्ष

देश के 23 विपक्षी दलों और एक निर्दलीय सांसद द्वारा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखना लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा है। किसी भी राजनीतिक दल को चुनावी प्रक्रिया पर संदेह होने पर अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन लोकतंत्र केवल आरोपों से नहीं चलता, बल्कि तथ्यों, साक्ष्यों और संवैधानिक प्रक्रियाओं पर टिका होता है। यदि विपक्ष को वास्तव में लगता है कि चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हुई है, मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं या चुनाव आयोग ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है तो इन आरोपों को केवल राजनीतिक मंचों तक सीमित रखने के बजाय न्यायालय में ठोस प्रमाणों के साथ प्रस्तुत करना चाहिए। उन्हें आरोप लगाकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की बजाय न्यायालय में चुनावी याचिका दायर करनी चाहिए। बता दें कि विपक्षी दलों खासकर इंडिया ब्लॉक ने एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए न्यायिक जांच और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली की समीक्षा की मांग की है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि चुनावी लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप जरूरी है। हालांकि सवाल यह है कि यदि विपक्ष के साथ धोखा हुआ है या चुनाव में गड़बड़ी हुई तो वह सुप्रीम कोर्ट में चुनावी याचिका लेकर क्यों नहीं गया। लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष होना जरूरी है। विपक्ष की भी उतनी ही बात सुनी जाए, जितनी सरकार की सुनी जाती है। लोकतंत्र में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता सर्वोपरि है। यदि इन संस्थाओं पर गंभीर आरोप लगाए जाते हैं, तो उनका असर केवल सरकार या विपक्ष तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जनता के चुनावी व्यवस्था पर विश्वास को भी प्रभावित करता है। इसलिए ऐसे आरोप बेहद जिम्मेदारी के साथ लगाए जाने चाहिए। बिना पर्याप्त साक्ष्य के बार-बार संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाने से लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होती है और मतदाताओं के मन में अनावश्यक भ्रम पैदा होता है। विपक्ष ने जिन राज्यों में भाजपा जीती है, उनमें गड़बड़ी का जिक्र किया है लेकिन तमिलनाडु और केरल का जिक्र नहीं किया। क्योंकि वहां कांग्रेस को जीत मिली है। ऐसे में केवल पत्र लिखने या राजनीतिक बयान देने के बजाय कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेना अधिक प्रभावी और विश्वसनीय कदम होगा। दूसरी ओर, चुनाव आयोग की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। आयोग को केवल निष्पक्ष होना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका हर निर्णय निष्पक्ष दिखाई भी देना चाहिए। मतदाता सूची के पुनरीक्षण, एसआईआर जैसी प्रक्रियाओं और चुनावी प्रबंधन में अधिकतम पारदर्शिता, स्पष्ट संवाद और समयबद्ध जवाबदेही आवश्यक है। इससे अनावश्यक विवादों और राजनीतिक अविश्वास की गुंजाइश कम होगी। लोकतंत्र सरकार और विपक्ष दोनों के संतुलन से चलता है। सीजेआई को पत्र लिखना न्यायिक रूप से दबाव डालने की कोशिश मानी जा सकती है, विपक्ष के पत्र पर वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के हस्ताक्षर भी हैं। वे इन तथ्यों को भली-भांति जानते भी हैं। एक मजबूत विपक्ष सरकार को जवाबदेह बनाता है, जबकि मजबूत संस्थाएं लोकतंत्र को स्थिरता देती हैं। इसलिए विपक्ष का दायित्व केवल प्रश्न उठाना नहीं, बल्कि उन प्रश्नों के समर्थन में विश्वसनीय तथ्य और प्रमाण भी प्रस्तुत करना है। वहीं, सरकार और चुनाव आयोग का दायित्व है कि वे हर आरोप का पारदर्शी और तथ्यात्मक उत्तर दें।

# बस यात्रियों की सुरक्षा कब होगी चाक-चौबंद



सफर
डॉ. ओपी त्रिपाठी

हाल के महीनों में भारत में बस आग की कई भयानक घटनाएं हो चुकी हैं। ज्यादातर मामलों में इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट, इंजन ओवरहीटिंग, जाम दरवाजे और ज्वलनशील इंटीरियर मैटेरियल सबसे बड़े कारण होते हैं। सड़क हादसे में मौत के मामले में भारत पहले पायदान पर है। हादसे में होने वाली मौतों से पीड़ित परिवार बिखर जाता है। अगर कमाऊ सदस्य की सड़क हादसे में मौत हो जाए तो पीड़ित परिवार भावनात्मक रूप से तो टूटता ही है, आर्थिक रूप से भी टूट जाता है। एक के बाद एक हो रहे हादसे बताते हैं कि पग-पग पर लापरवाही हो रही है। हाल ही में दौसा के पास हुए जानलेवा हादसे में भी प्रारंभिक तौर पर ओवरटेकिंग, तेज रफ्तार व बस के आपातकालीन गेट नहीं खुलने जैसे कारण सामने आए हैं।

बीती 1 जुलाई को राजस्थान में दौसा के पास हुए भीषण सड़क हादसे में स्लीपर बस ट्रेलर से टकरा गई थी, जिससे बस में भीषण आग लग गई। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी। ये कोई पहला हादसा नहीं है, जिसमें निर्दोष बस यात्रियों ने अपनी जान गंवाई हो। ड्राइवर की लापरवाही, यातायात संकेतकों का अभाव और तकनीकी खामियां मिलकर बसों को चलते-फिरते लाक्षागृह बना रही हैं। इस हादसे ने एक बार फिर बसों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर क्यों बार-बार बसों में आग लग जाती है? किन तकनीकी खामियों और लापरवाहियों से ऐसी घटनाएं होती हैं?

ये हादसा अकेला नहीं है। हाल के महीनों में भारत में बस आग की कई भयानक घटनाएं हो चुकी हैं। अक्टूबर 2025 में राजस्थान के जैसलमेर में इलेक्ट्रिकल फेलियर से बस में आग लगी, जिसमें 22 लोग जलकर मर गए। उसी महीने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में मोटरसाइकिल से टक्कर के बाद बस आग की लपटों में झुलस गई, 19-25 लोगों की मौत हुई। मार्च 2026 में आंध्र प्रदेश के मारकापुरम में बस-टिपर की टक्कर के बाद आग में 13-14 लोग मारे गए। इन घटनाओं में कुल सैकड़ों मौतें और सैकड़ों घायल हुए हैं। ज्यादातर मामलों में इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट, इंजन ओवरहीटिंग, जाम दरवाजे और ज्वलनशील इंटीरियर मैटेरियल सबसे बड़े कारण होते हैं। सड़क हादसे में मौत के मामले में भारत पहले पायदान पर है। हादसे में होने वाली मौतों से पीड़ित परिवार बिखर जाता है। अगर कमाऊ सदस्य की सड़क हादसे में मौत हो जाए तो पीड़ित परिवार भावनात्मक रूप से तो टूटता ही है, आर्थिक रूप से भी टूट जाता है। हमेशा की तरह दौसा के इस हादसे की जांच के भी रस्मी आदेश हुए हैं। जांच होगी तो कारण भी सामने आएंगे। जिम्मेदारी एक-दूसरे पर मढ़ने व दोषियों को बचाने के जतन भी होंगे। सड़क सुरक्षा के नाम पर अभियान भी चलेंगे। हर बार की तरह हादसों की रोकथाम के नए लक्ष्य तय होंगे, लेकिन जो सबसे ज्यादा जरूरी है, वे काम नहीं होंगे। क्या इस बात की कोई चिंता करेगा कि अब कोई बस सड़कों पर दौड़ते आग का गोला नहीं बनेंगी? राष्ट्रीय राजमार्गों पर गश्त को और प्रभावी करने के प्रयास होंगे। सभी यात्री बसों और खास तौर पर वातानुकूलित स्लीपर बसों में सुरक्षा के उपाय होंगे? क्या बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के किसी वाहन को सड़क पर आने दिया जाएगा? क्या नशे में और तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द करने के काम होंगे। क्या राजमार्गों के संकेतक जहां जरूरत है, वहां लगाए जा सकेंगे? ये तमाम सवाल ऐसे हैं, जिन्हें धरातल पर उतारना मुश्किल काम नहीं है। एक के बाद एक हो रहे हादसे बताते हैं कि पग-पग पर लापरवाही हो रही है। दौसा के इस जानलेवा हादसे में भी प्रारंभिक तौर पर ओवरटेकिंग, तेज रफ्तार व बस के आपातकालीन गेट नहीं खुलने जैसे कारण सामने आए हैं।

जब जांच होगी तो सड़क निर्माण या यातायात संकेतकों की खामियां भी सामने आएंगी। देखा जाए तो यह महज एक हादसा नहीं बल्कि समूचे तंत्र की कमजोरियों व लापरवाहियों को आईना दिखाने वाला है। आग का शोला बनी बस में अपनों को खो चुके परिवारों के दर्द का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी दौसा



एक्सप्रेस वे पर पिछली फरवरी में ही कार ट्रेलर में जा घुसी थी और 6 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसों की सूची लम्बी है। सिर्फ इसी एक्सप्रेस वे की नहीं बल्कि समूचे प्रदेश की। कई वाहनों में ब्रेक, इंजन और वायरिंग से जुड़ी खामियां रहती है। ये खामियां ही हादसे के बाद आग लगने की वजह बनती है। ज्यादातर भीषण हादसों की वजह यह भी सामने आती है कि लम्बी दूरी से चलकर आए वाहन चालक को आराम का वक्त ही नहीं मिला। समय पर पहुंचने की पाबंदी सो अलग। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की बड़ी जरूरत है। सबसे पहले, सभी बसों (खासकर प्राइवेट इंटरसिटी स्लीपर बसों) में ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन और सप्रेशन सिस्टम अनिवार्य किए जाने चाहिए। इंजन बे, बैटरी और इलेक्ट्रिकल सर्किट में आग लगने पर तुरंत बुझाने वाली तकनीक बचाव का समय बढ़ा सकती है। बसों के इंटीरियर में फ्लेम-रिटार्डेड मटेरियल का इस्तेमाल अनिवार्य होना चाहिए, ताकि आग तेजी से न फैले। इमरजेंसी एग्जिट डोर और विंडो हमर को साफ-साफ मार्क करना चाहिए और हर यात्री को बोर्डिंग के समय सेफ्टी ब्रीफिंग दी जानी चाहिए। जाम होने वाले दरवाजों की समस्या से निपटने के लिए बेहतर डिजाइन और नियमित मेंटेनेंस जरूरी हैं। ड्राइवरों को फायर फाइटिंग ट्रेनिंग और स्पीड लिमिट का सख्ती से पालन कराया जाना चाहिए। एक्सप्रेस वे पर रात के समय लंबी दूरी की बसों के लिए ज्यादा सख्त मॉनिटरिंग होना अब जरूरी हो गया है। अगर ये उपाय समय रहते अपनाए जाते, तो कई जिंदगियां बचाई जा सकती थीं। सरकार, परिवहन विभाग और बस ऑपरेटर्स को मिलकर सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। केवल जांच और मुआवजे से काम नहीं चलेगा, व्यवस्थागत बदलाव जरूरी हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, दुर्घटना के बाद 'गोल्डन ऑवर' यानी शुरुआती एक घंटे में घायलों को उपचार मिल जाए तो जान बचाई जा सकती है। लेकिन राजमार्गों पर ट्रोमा सेंटर तो दूर एम्बुलेंस सेवाएं, फायर ब्रिगेड तक की मदद देर से पहुंचती है। सड़क किनारे अवैध ढाबे, अतिक्रमण, बिना अनुमति बने कट एक्सप्रेस-वे पर बेतरतीब पेचवर्क और बीच सड़क पार्क किए जाने वाले वाहन भी जानलेवा साबित होते हैं। राजस्थान ही नहीं, देश भर से आए दिन ऐसे हादसों की खबरें आती रहती हैं। यूपी रोडवेज यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। अब यदि चलती बस में किसी कारण से आग लगती है तो उसे बुझाने के लिए चालक या परिचालक के हस्तक्षेप का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

बस में लगा अत्याधुनिक सिस्टम खुद ही सक्रिय होकर आग पर काबू पाने का काम करेगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम रोडवेज ने बसों में ऑटोमेटिक वाटर मिस्ट फायर सप्रेशन सिस्टम लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। यह आधुनिक तकनीक पूरी तरह सेंसर आधारित है। बस में लगे विशेष हीट और स्मोक डिटेक्टर किसी भी असामान्य स्थिति को तुरंत पहचान लेंगे। अगर तापमान 68 से 70 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचता है या आग की शुरुआती चिंगारी और धुएं का संकेत मिलता है, तो सिस्टम स्वतः सक्रिय हो जाएगा। इसके लिए किसी व्यक्ति द्वारा अलग से कोई बटन दबाने की आवश्यकता नहीं होगी। जाहिर है आपातकालीन सेवाओं को भी मजबूत करना होगा। दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स तय करना ही काफी नहीं, इनकी पहचान कर वहां चेतावनी संकेत, कैमरे और रोशनी का पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। हादसों पर शोक जताना अब पर्याप्त नहीं। अगर सरकार और प्रशासन ने तुरंत कठोर कदम नहीं उठाए तो हर नई बस, नया राजमार्ग मौत की नई पटकथा लिखेगा।

( लेखक चिकित्सक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## पुण्यतिथि पर विशेष

हर्षवर्धन पान्डे



# स्वामी विवेकानंद : युवा शक्ति के प्रेरणा पुंज

विवेकानन्द जिन्हें उस दौर में नरेन्द्रनाथ नाम से पुकारा जाता था, एक ऐसा नाम है जिन्होंने करिश्माई व्यक्तित्व के किरदार को एक दौर में जिया। आज भी लोग गर्व से उनका नाम लेते हैं और युवा दिलों में वह एक आयकन की भांति बसते हैं। इतिहास के पन्नों में विवेकानंद का दर्शन उन्हें एक ऐसे महाज्ञानी व्यक्तित्व के रूप में जगह देता है, जिसने अपने ओजस्वी विचारों के द्वारा दुनिया के पटल पर भारत का नाम बुलंदियों के शिखर पर पहुंचाया। उनके द्वारा दिया गया वेदान्त दर्शन भारतीय दर्शन की एक अनमोल धरोहर है। अपने गुरु के नाम पर विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन तथा रामकृष्ण मठ की स्थापना की। विश्व में भारतीय दर्शन विशेषकर वेदांत और योग को प्रसारित करने में विवेकानंद की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, साथ ही राष्ट्रवाद को अध्यात्म से जोड़ने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में विश्वनाथ और भुवनेश्वरी देवी के घर हुआ था। बचपन में इनका नाम नरेन्द्रनाथ था। ये काफी चंचल प्रवृति के थे। उनकी माता भगवान की अनन्य उपासक थी, लिहाजा मां के सानिध्य में वह भी ईश्वर प्रेमी हो गए। बचपन में विवेकानंद की मां इन्हें रामायण की कहानी सुनाती थी तो इसको यह बड़ी तन्मयता से सुनते थे। रामायण में हनुमान के चरित्र ने उस दौर में इनके जीवन को खासा प्रभावित किया, साथ ही अपनी मां की तरह वह भी शिवशंकर के अनन्य भक्त हो गए। कई बार वह शिव से सीधा साक्षात्कार करते मालूम पड़ते थे और अपनी मां से कहा करते कि उनमें शंकर का वास है। यह सब सुनकर इनकी मां चिंतित हो उठती कि उनका यह बेटा कहीं बाबा संन्यासी न बन जाए। बचपन से ही नरेन्द्रनाथ पढ़ाई लिखाई में रुचि लेने लगे।



पढ़ाई में यह अव्वल दर्जे के छात्र थे। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जो एक बार यह पढ़ लेते उसे कभी भूलते नहीं थे। युवावस्था में उन्हें पाश्चात्य दार्शनिकों के निरीश्वर भौतिकवाद तथा ईश्वर के अस्तित्व में दृढ़ भारतीय विश्वास के कारण गहरे द्वंद्व से गुज़रना पड़ा। परमहंस जैसे जौहरी ने इस रत्न को परखा। उन दिव्य महापुरुष के स्पर्श ने नरेन्द्र को बदल दिया। इसी समय उनकी भेंट अपने गुरु रामकृष्ण से हुई, जिन्होंने पहले उन्हें विश्वास दिलाया कि ईश्वर वास्तव में है और मनुष्य ईश्वर को पा सकता है। रामकृष्ण ने सर्वव्यापी परमसत्य के रूप में ईश्वर की सर्वोच्च अनुभूति पाने में नरेंद्र का मार्गदर्शन किया और उन्हें शिक्षा दी कि सेवा कभी दान नहीं, बल्कि सारी मानवता में निहित ईश्वर की सचेतन आराधना होनी चाहिए। यह उपदेश विवेकानंद के जीवन का प्रमुख दर्शन बन गया। उस शक्तिपात के कारण कुछ दिनों तक नरेन्द्र उन्मत्त-से रहे। उन्हें गुरु ने आत्मदर्शन करा दिया था। 25 वर्ष की अवस्था में नरेन्द्रदत्त ने भगवा वस्त्र को धारण किया । अपने गुरु से प्रेरित होकर नरेंद्रनाथ ने संन्यासी जीवन बिताने की दीक्षा ली और स्वामी विवेकानंद के रूप में दुनिया में जाने गए। जीवन के आलोक को जगत के अन्धकार में भटकते प्राणियों के समक्ष उन्हें उपस्थित करना था। स्वामी विवेकानंद ने पैदल ही पूरे भारत की यात्रा की। विवेकानंद का मानना था कि जीवन में सफल होने के लिए अच्छा गुरु मिलना जरूरी है क्योंकि गुरु ही अन्धकार से ज्ञान के प्रकाश की तरफ ले जाता है। परमहंस की दी हुई हर शिक्षा को विवेकानंद ने अपने जीवन में न केवल उतारा, बल्कि लोगों को भी इसके जरिये कई सन्देश दिए जिसने आगे बढ़ने की राह खोली। 11 सितंबर 1893 के उस दिन उनके अलौकिक तत्वज्ञान ने पाश्चात्य जगत को चौंका दिया। अमेरिका ने स्वीकार कर लिया कि वस्तुतः भारत ही जगद्गुरु था और रहेगा। स्वामी विवेकानन्द ने वहां भारत और हिन्दू धर्म की भव्यता स्थापित करके ज़बरदस्त प्रभाव छोड़ा।

उस दौर में भारत के प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी इन्ही के कंधों पर थी। स्वामी विवेकानन्द के अनुसार वास्तविक धर्म किसी समाज, जाति, नस्ल, वंश, स्थान और समय तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका लक्ष्य सामाजिक कल्याण है। स्वामी विवेकानंद के अनुसार नैतिकता और धर्म एक ही हैं और इन मूल्यों से ओतप्रोत शिक्षा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में सहायक है। 4 जुलाई 1902 को उनका देहावसान हो गया। बेहतर होगा कि युवा पीढ़ी उनके विचारों से कुछ सीखे और उनको आयकन बनाने के बजाए उनकी शिक्षा को अपने में उतारे और प्रगति पथ पर चले।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जो अच्छा काम करना है, उसे आलस छोड़कर तुरंत करें



संकलित
दर्शन

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हृष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### अमरनाथ यात्रा को सुरक्षा प्रदान करना जरूरी

अमरनाथ यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का सबसे बड़ा पर्व है। हर वर्ष देश के अलग अलग राज्यों से लाखों श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए कठिन पहाड़ी मार्ग से गुजरते हैं। इस यात्रा का महत्व जितना धार्मिक है उतना ही राष्ट्रीय भी है क्योंकि यह यात्रा जम्मू कश्मीर में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले सबसे संवेदनशील आयोजन मानी जाती है। इसी कारण प्रशासन, सेना, अर्धसैनिक बल, पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां कई महीने पहले से इसकी तैयारी शुरू कर देती हैं। इस वर्ष भी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है और पंजीकरण केंद्रों पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

- कांतिलाल मांडोत, सूरत


## ट्रेंड

### अमरनाथ यात्रा



अमरनाथ जी की यात्रा सनातन संस्कृति के प्रति अटूट श्रद्धा, दृढ़ धैर्य, संयम और अदम्य साहस का पवित्र प्रतीक है। बाबा बर्फानी के दर्शन और पूजा के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।
**-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### मणिपुर जल रहा



मणिपुर वर्षों से जल रहा है। आज फिर नफरत और हिंसा की आग में 20 घर राख हो गए। दो सरकारों और राष्ट्रपति शासन के बावजूद, संघर्ष और गहराता जा रहा है। हजारों लोगों ने अपनी जान गंवाई है, मणिपुर जिस असहनीय पीड़ा से गुजर रहा है, उसकी कल्पना भी करना मुश्किल है।
**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### भाजपा



यह सुनिश्चित करने के लिए कि दिल्ली के हर निवासी को नई ईवी पॉलिसी का फायदा मिले, आज हमने पोर्टल लॉन्च किया है। अब आप घर बैठे ईवी सब्सिडी और दूसरे इंसेंटिव के लिए अप्लाई कर सकते हैं, रियल-टाइम में स्टेटस ट्रैक कर सकते हैं।
**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### पूजा सिंघल का मामला



"चरित्र संगति से बनता है, चरित्र संगति के साथ बिगड़ता है।" पूजा सिंघल का मामला, जिन्हें कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़े अभियान का प्रतीक माना जाता था, अब सत्ता के मंच पर दिखाई दे रही हैं, स्वाभाविक रूप से कई सवाल खड़े करता है।
**- बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर


# मोल्दोवा के पीएम का इस्तीफा सरकार पर संकट गहराया



मोल्दोवा के प्रधानमंत्री एलेक्जेंड्रु मुंटेनु ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। मुंटेनु के इस अप्रत्याशित कदम से सरकार पर संकट गहरा गया है। हालांकि, उन्होंने अपने इस्तीफे का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया। मुंटेनु का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब यूरोपीय संघ की सदस्यता के उम्मीदवार इस देश में नेतृत्व संभाले उन्हें एक वर्ष से भी कम समय हुआ था। मुंटेनु ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा, आज (शुक्रवार को) मैं प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त कर रहा हूं। जिस क्षण मुझे यह महसूस हुआ कि मैं अब अपने सिद्धांतों और विश्वासों के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर सकता, मैंने पद छोड़ने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री पद बड़ी जिम्मेदारी और इस मजबूत विश्वास के साथ स्वीकार किया था कि मैं परिस्थितियों को बेहतर बनाने में योगदान दे सकता हूं। मोल्दोवा में जब कोई प्रधानमंत्री अपने इस्तीफे की घोषणा करता है, तो वह तुरंत प्रभाव से लागू हो जाता है लेकिन नई मंत्रिपरिषद के गठन तक कार्यवाहक सरकार काम करती रहती है। मोल्दोवा की राष्ट्रपति माइया सांदु ने मुंटेनु के इस्तीफे के बाद प्रेस में जारी एक बयान में मोल्दोवा के लिए 'जटिल दौर' के दौरान मुंटेनु के नेतृत्व के लिए उनका धन्यवाद किया।

## ऑफ बीट

# तारा कहलाने की कसौटी आखिर क्या है?



पृथ्वी से करीब 1,350 प्रकाश वर्ष दूर टीओआई-2155 नाम का एक तारा है। यह सूर्य से थोड़ा बड़ा, अधिक भारी और ज्यादा गर्म है लेकिन यह अपने आप में न तो विशेष रूप से रोचक है और न ही असामान्य। लेकिन टीओआई-2155 की परिक्रमा कर रही एक वस्तु वास्तव में बेहद दिलचस्प है। इसे टीओआई-2155बी कहा जाता है और यह तारे से काफी छोटी है। इसके बारे में हमें तब पता चलता है जब यह छोटी चीज अपने मुख्य तारे के सामने से गुजरती है और तारे की रोशनी में बहुत मामूली बदलाव होते हैं। टीओआई-2155बी आखिर क्या है? एक छोटा तारा, एक विशाल ग्रह या फिर दोनों के बीच की कोई वस्तु? अभी यह स्पष्ट नहीं है कि टीओआई-2155बी को पूरी तरह तारा माना जा सकता है या नहीं। तारे अंतरिक्ष में मौजूद गैस के विशाल पिंडों के रूप में बनना शुरू होते हैं लेकिन गैस का कोई पिंड कितना बड़ा और भारी होना चाहिए कि वह तारा बन सके? यह सवाल सरल लगता है लेकिन खगोलविद इसके जवाब पर दशकों से बहस करते रहे हैं। किसी तारे के भीतर गुरुत्वाकर्षण का दबाव इतना अधिक होना चाहिए कि वह हाइड्रोजन परमाणुओं को आपस में मिलाकर हीलियम परमाणुओं में बदल सके और यह प्रक्रिया लंबे समय तक लगातार जारी रहे।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

पंजाब में सियासत की आग भड़की, विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस में घमासान

आर-पार के मूड में चन्नी

# हमें वड़िंग मंजूर नहीं, किसी और को कमान नहीं दी तो हमारे खेमे के नेता घर बैठ जाएंगे

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस में घमासान है। पूर्व सीएम और लोकसभा सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने चमकौर साहिब में खेमे के नेताओं के साथ बड़ी बैठक की। चन्नी नेताओं के साथ दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। चन्नी ने एक कमेटी भी बनाई है जो आलाकमान से बातचीत करेगी। इसमें खुद चन्नी, राणा गुरजीत, तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा, ओपी सोनी और भरत भूषण आशू शामिल हैं। चन्नी को मौजूदा पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग मंजूर नहीं हैं। वड़िंग की जगह किसी और को कमान दी जाए। चन्नी ने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो मैं और मेरे खेमे के नेता घर बैठ जाएंगे।



### शक्ति प्रदर्शन बैठक में शामिल हुए कई नेता

शक्ति प्रदर्शन वाली इस बैठक में सुखपाल भुल्लर, मदनलाल जलालपुर,अंगद सैनी, लाड़ी शेरोवालिया, कीकी ढिल्लों, राणा गुरजीत , रमिंदर आवला, बरिंदर ढिल्लों, भारत भूषण आशु, सुख सरकारिया, बलवीर सिद्धू, टी बाजवा, बोलारिया, काका लोहगढ़, अजयपाल संधू, अजीतइंद्र सिंह मोफर, नाजर मांशाहिया, बलकौर सिंह सिद्धू और भूपिंदर सिंह साहोके और ओपी सोनी समेत कई वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री शामिल हुए।

### समर्थकों ने मांगा प्रदेश अध्यक्ष का पद

कांग्रेस ने वड़िंग को प्रदेश अध्यक्ष के पद पर बनाए रखने का फैसला किया।चन्नी को चुनाव अभियान समिति का प्रमुख नियुक्त किया था। चन्नी के समर्थकों की मांग है कि पूर्व सीएम को पंजाब कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए।

विपश्यना करने मान पहुंचे बेंगलुरु

# एक सप्ताह तक सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रहेंगे, प्राकृतिक उपचार, योग- ध्यान करेंगे

पंजाब के सीएम भगवंत मान एक सप्ताह के प्राकृतिक चिकित्सा और स्वास्थ्य सुधार कार्यक्रम के लिए बेंगलुरु पहुंचे हैं। सूत्रों के अनुसार वे करीब 7 दिनों तक एक निजी प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में रहेंगे। इस दौरान प्राकृतिक उपचार, शरीर की शुद्धि, योग, ध्यान और विशेष खानपान के माध्यम से उनके स्वास्थ्य में सुधार पर ध्यान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री पिछले कुछ समय से लगातार राजनीतिक कार्यक्रमों, प्रशासनिक बैठकों और विभिन्न सरकारी गतिविधियों में व्यस्त रहे हैं। लगातार कामकाज और यात्रा के कारण उन्हें पहले भी थकान की शिकायत हुई थी। इसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें कुछ समय आराम करने और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी थी। इसी सलाह के आधार पर उन्होंने एक सप्ताह का यह स्वास्थ्य कार्यक्रम तय किया है।

### शरीर की शुद्धि की प्रक्रिया से गुजरेंगे

### इस दौरान विशेषज्ञों की निगरानी में रहेंगे



इस दौरान मुख्यमंत्री प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के तहत शरीर की शुद्धि की प्रक्रिया से गुजरेंगे। साथ ही योग, ध्यान और विशेष आहार योजना का पालन करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक और मानसिक ऊर्जा को बेहतर बनाना तथा व्यस्त दिनचर्या के बाद शरीर को फिर से सक्रिय करना है।बेंगलुरु स्थित निजी प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में उनके रहने की पूरी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों और विशेषज्ञों की निगरानी में उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। आवश्यकतानुसार उपचार और खानपान की योजना में बदलाव भी किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने अमरनाथ यात्रियों को दिए 5 संकल्प

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए पत्र लिखकर 5 संकल्पों को अपनाने की अपील की है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, बाबा बर्फानी के दर्शन से जुड़ी श्री अमरनाथ यात्रा आध्यात्मिक परंपरा और सांस्कृतिक एकता का शाश्वत अध्याय है। मेरी कामना है यात्रा सुरक्षित और मंगलमय हो! 5 संकल्पों की अपील की।



### राहुल के बयान पर सत्याकी ने किया केस

**नई दिल्ली।** विनायक दामोदर सावरकर को लेकर मामला फिर एक बार कोर्ट पहुंच गया है। सावरकर के पोते सत्याकी सावरकर ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया है। उन्होंने राहुल की टिप्पणियों को भी खारिज कर दिया है। सत्याकी ने पुणे की कोर्ट में कहा कि ब्रिटिश जेल से रिहाई के लिए सावरकर ने कोई दया याचिका दायर नहीं की थी।



### आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट को मिले 3 अतिरिक्त जज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश के बाद श3 न्यायिक अधिकारियों को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के अतिरिक्त जज के तौर पर नियुक्त करने को मंजूरी दे दी। कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि सीजेआई से सलाह-मशविरा कर राष्ट्रपति ने अतिरिक्त जज नियुक्त किया है।



### सीएम विजय के खिलाफ टिप्पणी, विधायक अरेस्ट

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व मंत्री और डीएमके विधायक अनीता आर राधाकृष्णन को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मद्रास हाई कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।यह मामला अथुर में एक सार्वजनिक सभा से जुड़ा है। इसमें डीएमके विधायक अनीता आर राधाकृष्णन ने सीएम विजय के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी की थी।



### स्कूलों के पास एनर्जी ड्रिंक स्टिंग पर पाबंदी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने एनर्जी ड्रिंक स्टिंग स्कूलों के पास बेचने पर रोक लगा दी है। महाराष्ट्र सरकार के खाद्य और औषधि मंत्री नरहरि जिरवाल ने विधानसभा में यह ऐलान किया। उन्होंने बताया स्कूलों के 500 मीटर के दायरे के भीतर इस ड्रिंक की बिक्री पर रोक रहेगी। यह घोषणा मानसून सत्र के दौरान की गई।यह फैसला ड्रिंक में कैफीन अधिक रहने के कारण लिया है।



## बिरला ने बंगाल के विधायकों से लोकतंत्र को मजबूत करने को कहा

# विधायी चर्चाओं का उद्देश्य समाधान होना चाहिए न कि केवल आलोचना करनाः लोक सभा अध्यक्ष

### लोक सभा अध्यक्ष ने कोलकाता में पश्चिम बंगाल विधानसभा के सदस्यों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्घाटन किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कोलकाता में पश्चिम बंगाल विधान सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए, विधायकों से लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने और राज्य के पुनर्जागरण का नेतृत्व करने का आह्वान किया। इस बात पर जोर देते हुए कि निर्वाचित प्रतिनिधि जनता की आकांक्षाओं के संरक्षक होते हैं, उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि वे पश्चिम बंगाल की समृद्ध लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए कानून-निर्माण, रचनात्मक चर्चाओं और सुशासन में सक्रिय रूप से योगदान दें।






बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि विधायी बहसें सिर्फ़ आलोचना के बजाय समाधान पर केंद्रित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रचनात्मक बहस एक जीवंत लोकतंत्र की पहचान है। उन्होंने कहा कि हालांकि आलोचना विधायी कामकाज का एक ज़रूरी हिस्सा है, लेकिन हर चर्चा में जनता की समस्याओं के व्यावहारिक समाधान भी पेश किए जाने चाहिए। बिरला ने कहा कि जब विधायक अपनी बात विवेकपूर्ण तथ्यों और अध्ययन के साथ प्रस्तुत करेंगे, तब लोकतांत्रिक संवाद की गुणवत्ता और बेहतर होगी।

लोक सभा अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि प्रत्येक विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधि होने के साथ-साथ पूरे राज्य की आशाओं और अपेक्षाओं का भी प्रतिनिधित्व करता है। इसलिए सदन में होने वाली हर चर्चा, कानून और नीति का उद्देश्य जनकल्याण और राज्य के विकास को आगे बढ़ाना होना चाहिए।

## भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन आज से दो दिन रहेंगे यूपी दौरे पर, संगठनात्मक बैठकों पर रहेगा जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

### उत्तरप्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रणनीति को धार देने पर रहेगा फोकस

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शनिवार से दो दिवसीय सांगठनिक प्रवास पर उत्तर प्रदेश में रहेंगे। इस दौरान नवीन वरिष्ठ पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों के साथ विभिन्न संगठनात्मक बैठकें करेंगे। साथ ही वे भाजपा जनप्रतिनिधियों, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं तथा विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों से भी संवाद करेंगे। उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा की रणनीति को धार देने और प्रदेश भाजपा की नवगठित टीम के मार्गदर्शन हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह प्रवास अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। नवीन संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ शक्ति केंद्र संयोजक सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। उत्तर प्रदेश भाजपा की नई टीम गठित होने के बाद उनका यह उत्तर प्रदेश का पहला दौरा है। लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचने के बाद नवीन प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों, प्रदेश मोर्चा अध्यक्षों तथा जिला अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक करेंगे। उसके बाद वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री द्वय, भाजपा सांसदों, विधायकों एवं विधान परिषद सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। उत्तर प्रदेश भाजपा कोर कमिटी के साथ बैठक करेंगे। रविवार को प्रदेश के पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्षों के साथ चाय पर संवाद से करेंगे। इसके ठीक पश्चात वे उत्तर प्रदेश एनडीए नेताओं के साथ संयुक्त बैठक करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ अलग-अलग चर्चा करेंगे।

### आंध्र प्रदेश के आम उत्पादकों की आय बढ़ाने के मिशन पर आईसीएआर की टीम मैदान में

## तोतापुरी आम के किसानों को केंद्र की बड़ी राहत, नुकसान पर गठित की विशेषज्ञ समिति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आंध्र प्रदेश के हालिया दौरे के दौरान तोतापुरी आम उत्पादक किसानों के साथ व्यापक संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया। किसानों ने अवगत कराया कि प्रसंस्करण के लिए बड़े पैमाने पर उगाई जाने वाली तोतापुरी आम किस्म की कीमतों में हाल के समय में उल्लेखनीय गिरावट आई है, जिसके कारण राज्य के आम उत्पादक किसानों को गंभीर आर्थिक संकट और असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान ने तत्काल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के माध्यम से वैज्ञानिकों एवं संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों की एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश दिए, ताकि तोतापुरी आम क्षेत्र की पूरी वैल्यू चेन का समग्र अध्ययन कर किसानों को लाभकारी मूल्य और क्षेत्र के दीर्घकालिक, सतत विकास के लिए ठोस समाधान प्रस्तुत किए जा सकें।

जारी कार्यालय आदेश के अनुसार, गठित विशेषज्ञ समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैंः डॉ. टी. दमोदरन, निदेशक, आईसीएआर–सीआईएसएच, लखनऊ– अध्यक्ष, डॉ. एम. शंकरन, प्रमुख, फ्रूट क्रॉप्स, आईसीएआर–आईआईएचआर, बेंगलुरु– सदस्य, डॉ. एच.एस. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक, आईसीएआर–सीआईएसएच, लखनऊ– सदस्य, डॉ. डी. श्रीनिवास रेड्डी, प्रोफेसर, कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर, अनंत राजपेटा, वाईएसआर हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी, आंध्र प्रदेश– सदस्य, निदेशक (उद्यानिकी), आंध्र प्रदेश अथवा उनके नामित प्रतिनिधि– सदस्य।

चौहान द्वारा समिति को निर्देश दिए गए हैं कि वह अगले 10 दिनों के भीतर आंध्र प्रदेश के प्रमुख तोतापुरी आम उत्पादक क्षेत्रों का दौरा कर जमीनी स्थिति का प्रत्यक्ष आकलन करे। क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान समिति किसानों, प्रसंस्करण उद्योगों, निर्यातकों, राज्य सरकार के उद्यानिकी अधिकारियों, किसान उत्पादक संगठनों और अन्य संबंधित हितधारकों से विस्तृत चर्चा करेगी। इस दौरान समिति का फोकस इन मुख्य बिंदुओं पर रहेगा। तोतापुरी आम की खेती की वर्तमान स्थिति, उत्पादन लागत और किसानों की आय, प्रसंस्करण उद्योगों की क्षमता, उपयोग स्तर और मांग–आपूर्ति का संतुलन, घरेलू बाजार और निर्यात बाजार में कीमतों में गिरावट के वास्तविक कारण, वैल्यू चेन के अलग–अलग स्तरों पर आने वाली चुनौतियां और संभावित सुधार उपाय। इन चर्चाओं और क्षेत्रीय आंकड़ों के आधार पर समिति कीमतों में हालिया गिरावट के कारणों का वैज्ञानिक और आर्थिक विश्लेषण करेगी, ताकि नीति–निर्माण के लिए तथ्यपरक आधार उपलब्ध हो सके।

आईसीएआर–केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ द्वारा जारी कार्यालय आदेश में बताया गया है कि आंध्र प्रदेश के दौरे के दौरान चौहान के संज्ञान में आया कि कीमतों में गिरावट हुई है।

## छत्तीसगढ़, मप्र में भारी बारिश के साथ बिजली गिरने की संभावना, 6 राज्यों के लिए मौसम विभाग का रेड अलर्ट जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मौसम विज्ञान विभाग ने देश के कई हिस्सों में अगले 24 घंटे के दौरान भारी से अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। गुजरात, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, ओडिशा और पश्चिमी मध्य प्रदेश के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है।

इन राज्यों में मूसलाधार बारिश के कारण जलभराव, बाढ़ जैसी स्थिति, यातायात बाधित होने और निचले इलाकों में पानी भरने की आशका है। प्रशासन को भी आवश्यक एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और विदर्भ में गरज-चमक के साथ बारिश तथा आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, आंध्र प्रदेश, गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, तेलंगाना तथा पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में भी कल तक भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। इस दौरान छत्तीसगढ़, तटीय कर्नाटक, पूर्वी मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, केरल, माहे, उत्तराखंड और विदर्भ में भी भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है।

आईएमडी ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, गुजरात और झारखंड में कल तक गरज-चमक, बिजली गिरने और 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी है। वहीं, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में सोमवार तक गर्म और उमस भरा मौसम बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से मौसम संबंधी ताज़ा अपडेट पर नजर रखने तथा स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी सलाह का पालन करने की अपील की है। मौसम विभाग ने विशेष रूप से भारी बारिश वाले क्षेत्रों के लोगों से नदी-नालों और जलभराव वाले इलाकों से दूर रहने, आवश्यक होने पर ही यात्रा करने तथा बिजली गिरने के दौरान खुले स्थानों में जाने से बचने की सलाह दी है।

## चीन को लेकर मोदी सरकार पर कांग्रेस का हमला जयराम ने कहा - 'सरकार का आत्मसमर्पण जारी'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने एक बार फिर चीन नीति को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार की चीन के प्रति 'सुनियोजित आत्मसमर्पण' की नीति लगातार जारी है, जबकि भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका है और इससे विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग प्रभावित हो रहे हैं। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि हालिया रिपोर्टों के अनुसार भारत में विनिर्माण इकाइयां रखने वाली चार चीनी कंपनियों को कुछ महत्वपूर्ण सरकारी बिजली परियोजनाओं की निविदाओं में भाग लेने की अनुमति दिए जाने की खबरें सामने आई हैं। इसे उन्होंने सरकार की चीन के प्रति नरम नीति का उदाहरण बताया। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन की गतिविधियां लगातार जारी हैं। उन्होंने कहा कि तिब्बत के मेडोग क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना का निर्माण भारत की ब्रह्मपुत्र नदी से जुड़ी जल सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि पूर्वी लद्दाख के कई क्षेत्रों में भारत के पारंपरिक गश्ती और चराई के अधिकार भी प्रभावित हुए हैं।

जयराम रमेश ने वर्ष 2020 की गलवान घाटी घटना का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 19 जून 2020 के बयान की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि 20 भारतीय सैनिकों के शहीद होने के बाद प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से चीन को 'क्लीन चिट' दी थी। उन्होंने यह भी दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की गतिविधियों में चीन की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी, जिसका उल्लेख उप सेना प्रमुख द्वारा भी किया गया था। इसके बावजूद सरकार चीन के प्रति नरम रुख अपनाए हुए है। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक ओर चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है और दूसरी ओर सरकार के हालिया फैसले चीन के प्रति उसकी नीति पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं।

## अल नीनो के संभावित प्रभावों पर सतत निगरानी, राज्यों में कॉन्टिंजेंसी प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

### खरीफ बुवाई, मानसून, सूखा प्रबंधन, उर्वरक उपलब्धता पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक

# जिलेवार कॉन्टिंजेंसी प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन से अल नीनो की चुनौतियों से निपटेंगे,खाद्यान्न का भंडारण भी जाना: चौहान

### बारिश की कमी से प्रभावित 262 जिलों पर मंत्रालय की खास नजर, ऋण की उपलब्धता और फसल बीमा बढ़ाने के कृषि मंत्री ने दिए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में खरीफ फसलों की बुवाई से संबंधित वर्तमान स्थिति, मानसून और अल नीनो के प्रभाव का आकलन, वर्षा की कमी से प्रभावित जिलों की संख्या, कॉन्टिंजेंसी प्लान के क्रियान्वयन, उर्वरकों की उपलब्धता तथा खाद्यान्नों के भंडारण की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान चौहान ने अधिकारियों को एल नीनो के संभावित प्रभावों पर सतत एवं कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देशभर में वर्षा की कमी की आशंका वाले 262 संवेदनशील जिलों की पहचान की गई है। इनमें से 52 जिलों में पिछले कुछ दिनों में वर्षा हुई है जो सकारात्मक संकेत है जबकि 210 जिले अब भी वर्षा की कमी का सामना कर रहे हैं। इनमें से 8 जिलों में अब तक नगण्य या बिल्कुल वर्षा नहीं हुई है।

बैठक में बताया गया कि 2 जुलाई से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है तथा आगामी 2-3 दिनों में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में मानसून की प्रगति होने की संभावना है। हालांकि, समग्र रूप से इस वर्ष वर्षा सामान्य से कम रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्तर गुजरात के कुछ क्षेत्रों में वर्षा की कमी देखी गई है। महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों में वर्षा हुई है, लेकिन वहां जलाशयों में जलस्तर घट रहा है। उन्होंने कहा कि यदि वर्षा में लंबा अंतराल आता है तो स्थिति चुनौतीपूर्ण हो सकती है।

चौहान ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले के लिए तैयार किए गए कॉन्टिंजेंसी प्लान को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा की कमी से अधिक प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक आयोजित कर कॉन्टिंजेंसी प्लान के क्रियान्वयन और अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्यों के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संभावित मानसूनी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कृषि ऋण कवरेज बढ़ाने पर विशेष बल दिया।

बैठक में बताया गया कि देश के 166 प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण पिछले वर्ष की तुलना में कम हैं जबकि अधिकांश क्षेत्रों में भूजल की स्थिति स्थिर बनी हुई है। फसल मौसम निगरानी समूह (सीडब्ल्यूडब्ल्यूजी) की साप्ताहिक बैठकों के माध्यम से सूखे की स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है तथा आवश्यक समन्वय स्थापित किया जा रहा है। 15 राज्यों ने इस उद्देश्य के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी है।

बैठक में दलहन, तिलहन और कपास मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए इन क्षेत्रों में प्रयासों को और तेज करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, बागवानी फसलों की बुवाई की स्थिति, साप्ताहिक औसत मंडी मूल्य, दलहन, तिलहन, गेहूं एवं चावल के बफर स्टॉक की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय बीज निगम के पास पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध हैं। उर्वरकों की उपलब्धता के बारे में बताया गया कि अप्रैल से जून 2026 के बीच 176.13 एलएमटी की आवश्यकता के विरुद्ध 286.37 एलएमटी उर्वरक की उपलब्धता मौजूद रही। केंद्रीय कृषि मंत्री ने इस पर संतोष व्यक्त किया तथा उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में उर्वरकों की उपलब्धता में किसी प्रकार की कोई कमी न हो इसे सुनिश्चित करने के खास निर्देश दिए।

# अब नहीं लगेगी ईवी वाहनों में आग, नई लिथियम बैटरी 150 डिग्री तापमान में भरेगी फर्राटा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

नई सेरमिक बेस्ड लिथियम-आयन बैटरी विकसित करने वाले वैज्ञानिकों का दावा है कि नई विकसित फायर प्रूफ बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन का ज्यादा तापमान झेलने में सक्षम हैं, जिससे आगजनी और विस्फोट की संभावना कम हैं। यह पारंपरिक बैटरी की तुलना में ईवी वाहन को अधिक सुरक्षा प्रदान करती है।

■ बैटरी के लिक्विड इलेक्ट्रोलाइट में रिसाव के कारण आग लगती है

गौरतलब है लिथियम-आयन बैटरी का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक गाड़ियों के साथ-साथ स्मार्टफोन, घड़ी और मेडिकल इम्प्लांट जैसे गैजेट्स में बड़े पैमाने पर हो रहे हैं। चूंकि इन बैटरियों की साइज़ एक हद से ज़्यादा कम करना मुश्किल होता है और इससे जुड़ी सुरक्षा चिंताएं भी बड़ी होती हैं, क्योंकि लिक्विड इलेक्ट्रोलाइट में रिसाव और उसके क्षतिग्रस्त होने पर वाहन में आगजनी का खतरा हमेशा बना रहता है।

## यह पारंपरिक बैटरी की तुलना में अधिक सुरक्षा प्रदान करती है

### आग नहीं पकड़ती नई सेरेमिक लिथियम-आयन बैटरी

शोधकर्ताओं के मुताबिक नई सेरेमिक लिथियम-आयन बैटरी आग नहीं पकड़ने वाली है और लगातार बाहरी गर्मी के संपर्क में रहने पर भी अपनी संरचनात्मक बनावट को मज़बूत बनाए रखती है। हवा में तापमान सहने की इसकी क्षमता उत्कृट है, जो पॉलीमर या कंपोजिट इलेक्ट्रोलाइट वाली बैटरी से कहीं बेहतर है। उनका मानना है कि बैटरी की यह तकनीक खासकर उच्च तापमान वाले वातावरण में पहनने योग्य सेंसर, आईओटी उपकरणों और एयरोस्पेस इलेक्ट्रॉनिक्स को शक्ति प्रदान करने में भी काफी उपयोगी साबित हो सकती है।





*बैटरी 150 डिग्री सेल्सियस पर भी काम कर सकती है : पारंपरिक लिथियम-आयन बैटरी के जोखिम को देखते हुए सिंहुआ यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इसे चैलेंज की तरह लिया। उन्होंने तय किया कि एक ऐसी बैटरी विकसित करेंगे, जो साइज में छोटी होने के साथ अधिक एनर्जी डेंसिटी वाली हो और मुश्किल हालात में इस्तेमाल के लिए सुरक्षित हो। उनका दावा है कि विकसित नई सिरेमिक लिथियम-आयन माइक्रो-बैटरी 150 डिग्री सेल्सियम तक के तापमान पर भी काम करने का वादा करती है।*

### कम टिकाऊ होते हैं पतले वर्जन की बैटरियां

वैज्ञानिकों के मुताबिक इन्हीं कमियों के चलते अग्नि सुरक्षा प्रणाली, इंटरनेट ऑफ थिंग्स सेंसर, अंतरिक्ष उपकरण और सैन्य अनुप्रयोग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पांरपरिक बैटरियां का उपयोग सीमित हो गया है। इसके विपरीत, सॉलिड-स्टेट लिथियम बैटरियां एक ठोस चालक माध्यम का उपयोग करती हैं, जो अधिक सुरक्षा प्रदान करती हैं, लेकिन उनके विकसित पतले वर्जन की बैटरियों के टिकाऊपन में चुनौती आती है।

### ज्यादा तापमान में लीक हो जाती है पारंपिक बैटरी

स्टडी में कहा गया है कि नई बैटरी अलग-अलग तापमान रेंज में बिना किसी दबाव के ठीक से काम करती है और छोटे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के लिए सुरक्षित और मजबूत पावर सॉल्यूशन देने में भी कारगर है। स्टडी के मुताबिक आम बैटरी में इलेक्ट्रिक करंट बनाने के लिए लिथियम आयन लिक्विड इलेक्ट्रोलाइट से होकर गुजरते हैं, लेकिन ज़्यादा तापमान या फिजिकल डैमेज होने पर इलेक्ट्रोलाइट लीक हो सकते है या उसमें आग भी लग सकती है।

## खबर संक्षेप

### टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स में कथित डेटा सेंध की जांच जारी



**नई दिल्ली।** सरकार टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स में कथित डेटा सेंध की जांच कर रही है। साथ ही इस घटना की सूचना भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल को भी दे दी गई है। इस कथित साइबर हमले में एप्पल के अभी तक जारी नहीं किए गए आईफोन 18 प्रो मॉडल से जुड़ी संवेदनशील जानकारी के उजागर होने की खबर है।

### रुपया 14 पैसे मजबूत होकर 95.21 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को 14 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.21 (अस्थायी) पर रहा। डॉलर सूचकांक के पिछले 15 महीनों के उच्च स्तर से नीचे आने से घरेलू मुद्रा को बल मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर सूचकांक में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद आयातकों की ओर से डॉलर की मजबूत मांग के कारण रुपये पर दबाव कायम है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.20 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 95.16 से 95.35 के दायरे में रहा।

### चुनौतीपूर्ण कारोबारी परिस्थितियों के कारण उत्पादन की रफ्तार धीमी पड़ी

# घरेलू मांग में नरमी से जून में सेवा क्षेत्र की वृद्धि 17 महीने के निचले स्तर परः पीएमआई

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली


*घरेलू मांग में नरमी के कारण भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि जून में घटकर 17 महीने के निचले स्तर पर आ गई। चुनौतीपूर्ण कारोबारी परिस्थितियों और कुछ सेवाओं के लिए ग्राहकों की घटती रुचि के कारण बिक्री एवं उत्पादन की रफ्तार धीमी पड़ी। शुक्रवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी मिली।*

कंपनियों ने बताया कि बाजार की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों और उनकी सेवाओं में ग्राहकों की कम रुचि के कारण बिक्री प्रभावित हुई। इससे नई भर्तियां लगभग ठप रहीं और कारोबारी भरोसा भी कमजोर हुआ। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जून में घटकर 57.4 पर आ गया, जो मई में 59.8 था। यह पिछले 17 महीनों का सबसे कमजोर विस्तार है।

■ कुछ सेवाओं के लिए ग्राहकों की घटती रुचि के कारण बिक्री घटी

■ भर्तियां लगभग ठप्प रही और कारोबारी भरोसा कमजोर हुआ

■ सेवा क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जून में घटकर 57 .4 पर आ गया



### नए ऑर्डर में ढाई साल में सबसे धीमी वृद्धि

सेवा क्षेत्र के उत्पादन में सुस्ती की मुख्य वजह नए ऑर्डर में ढाई साल से अधिक समय की सबसे धीमी वृद्धि रही। एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' भारत का सेवा क्षेत्र पीएमआई जून में भी विस्तार के दायरे में रहा, लेकिन घटकर 57.4 पर आ गया जो 17 महीनों का सबसे निचला स्तर है। रफ्तार में यह कमी अधिक चुनौतीपूर्ण कारोबारी परिस्थितियों और विशेष रूप से घरेलू मांग में कमजोरी का संकेत देती है।'' जून में निर्यात हालांकि मजबूत पक्ष में रहा।

### कारोबारी भरोसा घटकर पांच माह के निचले स्तर पर

सेवा क्षेत्र की कंपनियों को अगले 12 महीनों में उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन सकारात्मक कारोबारी भरोसा घटकर पांच महीने के निचले स्तर पर आ गया और यह ऐतिहासिक औसत से भी नीचे रहा। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई उत्पादन सूचकांक जून में घटकर 57.1 पर आ गया, जो मई में 59.3 था। यह दर्शाता है कि विनिर्माण तथा सेवा, दोनों क्षेत्रों में कारोबारी गतिविधियों, रोजगार एवं नए ऑर्डर की वृद्धि की रफ्तार धीमी हुई।

*मुद्रास्फीति की रफ्तार हल्की रही : कीमतों के मोर्चे पर मुद्रास्फीति की रफ्तार हल्की रही। यह दीर्घकालिक औसत से नीचे रही और नवंबर 2025 के बाद सबसे कम स्तर पर दर्ज की गई।*

### कई देशों से मांग बढ़ी

*कंपनियों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, कनाडा, जर्मनी, मलेशिया, नेपाल, ओमान, कतर, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका से मांग बढ़ी, जिससे निर्यात में तीन महीनों की सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। भंडारी ने कहा, '' बाहरी मांग मजबूत बनी रही और विदेशी बिक्री में वृद्धि तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई।''*

### रोजगार सृजन की रफ्तार अब तक के सबसे कमजोर स्तर पर

समायोजित पीएमआई सूचकांक, विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र के पीएमआई सूचकांकों के भारित औसत पर आधारित होता है। इसमें दोनों क्षेत्रों का भार सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उनकी हिस्सेदारी के अनुसार तय किया जाता है। कुल बिक्री की वृद्धि जून में तीन महीनों के सबसे निचले स्तर पर रही, जबकि रोजगार सृजन की रफ्तार भी 2026 में अब तक के सबसे कमजोर स्तर पर आ गई।

### विदेशी ऑर्डर की वृद्धि निचले स्तर पर

इसी दौरान विदेशी ऑर्डर की वृद्धि भी लगभग दो वर्षों के सबसे निचले स्तर पर रही। एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल करीब 400 सेवा क्षेत्र की कंपनियों से प्राप्त जवाबों के आधार पर तैयार करता है।

# बैंकों ने जून में जमा प्रमाणपत्र से 1.80 लाख करोड़ रुपये जुटाए

**मुंबई (एजेंसी)।** बैंकों के जमा प्रमाणपत्र (सीडी) के जरिये धन जुटाने में जून में सालाना आधार पर 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसकी वजह बैंकिंग प्रणाली में नकदी की कमी और कर्ज वितरण में मजबूत बढ़ोतरी रही। बैंकों द्वारा अपनी कोष की आवश्यकता को पूरा करने के लिए जमा प्रमाणपत्र एक प्रमुख अल्पकालिक साधन है। मई की तुलना में जून में जमा प्रमाणपत्र (सीडी) जारी करने में 61.79 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। भारतीय समाशोधन निगम (सीसीआईएल) के आंकड़ों के अनुसार, बैंकों ने जून में सीडी के माध्यम से 1.80 लाख करोड़ रुपये जुटाए, जबकि मई में यह राशि 1.12 लाख करोड़ रुपये और जून, 2025 में 1.31 लाख करोड़ रुपये थी। सीएसबी बैंक के समूह प्रमुख (ट्रेजरी) आलोक सिंह ने कहा, '' सीडी जारी करने में वृद्धि के पीछे नकदी की कमी, कर्ज वितरण में अच्छी बढ़ोतरी, कर भुगतान के कारण नकदी का बाहर जाना और जमा वृद्धि का अपेक्षाकृत धीमा रहना जैसे कई कारण रहे।'' भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की हाल ही में जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में भी बैंकों के लिए भविष्य में वित्तपोषण को प्रमुख जोखिम बताया गया था। सीडी जारी करने में वृद्धि मुख्य रूप से पांच बड़े सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों की वजह से हुई। सिंह ने कहा, '' तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) पर दबाव और जमा वृद्धि धीमी रहने के कारण सभी बैंकों को सीडी के जरिये जमा जुटानी पड़ी।


## उत्तर रेलवे

निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)


| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम तथा स्थान :** दिल्ली डिवीज़न के अंतर्गत अमृत भारत स्टेशनों के अपग्रेडेशन के मद्देनजर, वहां से हटाए गए VSS (यानी CCTV और वाई–फाई इंफ्रास्ट्रक्चर) को फिर से लगाने का काम। | |
| **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 89,95,910.76/- मात्र | |
| **धरोहर राशि :** रु. 1,79,900.00/- मात्र | |
| **कार्यालय का पता :** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | |
| **निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय :** निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 27.07.2026, 15:00 बजे तक | |
| **वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | |

**सं.: 558-सिगनल-16-टेली-ओपनटेंडर-1041 दिनांक: 03.07.2026** **2281/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## संदिग्ध की पहचान



एक अज्ञात व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **निवासीः** नामालूम को एक 16 महीने की बच्ची को अपहृत करने के मामले में संलिप्त पाया गया है और इस संदर्भ में **FIR No. 153/2026 u/s 137(2), भारतीय न्याय संहिता, 2023, दिनांक 12.06.2026, थानाः गोकलपुरी, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली** में दर्ज है। उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा अपहरणकर्ता का स्केच तैयार कर उपरोक्तानुसार जारी किया गया है।

उपरोक्त संदिग्ध व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी / सुराग मिले तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को तुरंत सूचित करें।

**थानाध्यक्ष**
**पुलिस स्टेशनः गोकलपुरी, दिल्ली**
**फोनः 9650179376, 8750870724**

**DP/8820/NE/2026**



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पंकज सिंह, पुत्रः जितेंद्र सिंह, पताः 5 / 230, दयाल पार्क, सागरपुर, दिल्ली** ने **FIR No. 006/2019, U/s 392/34 IPC, पुलिस थाना पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **पंकज सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **पंकज सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 006/2019, U/s 392/34 IPC, पुलिस थाना पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली** के अभियुक्त **पंकज सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – श्री अंकित करण सिंह**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–08, उत्तर**
**कमरा नं. 30, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/9078/OD/2026**



## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# सोने में 3,300 रुपये का उछाल और चांदी 5,000 रुपये मजबूत

■ सोने की कीमत फिर से 1.5 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत फिर से 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गई। लगातार दूसरे सत्र में इसमें 3,300 रुपये की बढ़ोतरी हुई, क्योंकि वैश्विक बाजार में मजबूती और कमजोर डॉलर ने सर्राफा की मांग को बढ़ा दिया। दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,300 रुपये या 2.2 प्रतिशत बढ़कर 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई, जबकि पिछले सत्र में यह 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत में भी लगातार चौथे सत्र में बढ़ोतरी हुई और यह 5,000 रुपये या 2.08 प्रतिशत बढ़कर 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई।



# शेयर बाजार में लगातार तीसरे सत्र में तेजी, सेंसेक्स 262 अंक चढ़ा

**मुंबई (एजेंसी)।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में तेजी और अमेरिका के कमजोर रोजगार आंकड़ों से मौद्रिक सख्ती की उम्मीद कम होने के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 262 अंक और निफ्टी में 95 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 261.79 अंक चढ़कर 77,763.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 655.4 अंक चढ़कर 78,157.52 अंक तक पहुंच गया था। वहीं निफ्टी 95.15 अंक बढ़कर 24,270.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से एचसीएल टेक में सर्वाधिक 5.79 प्रतिशत की तेजी रही जबकि टेक महिंद्रा 1.81 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा भारती एयरटेल, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक भी बढ़त में रहे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार और मुनाफावसूली के बावजूद सकारात्मक वैश्विक संकेतों तथा अमेरिकी श्रम बाजार के नरम आंकड़ों के बाद वैश्विक स्तर पर नरम ब्याज दर माहौल की उम्मीद से बढ़त के साथ बंद हुए।''

## राशिफल

**मेष** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** – रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** – नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** – कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** – लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** – मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान–सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** – किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** – नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ** – स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** – कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

# उत्तर रेलवे प्रमोटी अधिकारी एसोसिएशन की एग्जीक्यूटिव काउंसिल बैठक संपन्न




**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे प्रमोटी अधिकारी एसोसिएशन की एग्जीक्यूटिव काउंसिल बैठक का आयोजन आज उत्तर रेलवे के प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस में सफलतापूर्वक किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक हर्ष खरे एवं प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी सुजीत मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक के दौरान एसोसिएशन ने ग्रुप अधिकारियों से जुड़े कई अहम प्रशासनिक और सेवा संबंधी मुद्दों को वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष उठाया। वेतन विसंगतियों और करियर प्रोग्रेशन पर चर्चाः एसोसिएशन ने अपर महाप्रबंधक और प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी के साथ ग्रुप अधिकारियों की एमएसीपी (संशोधित सुनिश्चित करियर प्रगति योजना) से संबंधित वेतन विसंगतियों और उनके करियर प्रोग्रेशन (संवर्द्धन) से जुड़े गंभीर विषयों पर विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों के योगदान की सराहनाः उत्तर रेलवे के एजीएम और पीसीपीओ ने ग्रुप प्रमोटी अधिकारियों द्वारा रेलवे के कुशल संचालन में दिए जा रहे बहुमूल्य योगदान और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों की समस्याओं पर सकारात्मक रुख अपनाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर एक भावुक और गरिमामयी विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। उत्तर रेलवे प्रमोटी अधिकारी एसोसिएशन द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे उत्तर रेलवे के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी श्री राजेश खरे को उनकी 36 साल की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

# "उत्तर दा पुत्तर" का ट्रेलर रिलीज़ः अन्नू कपूर ने वास्तु और अंधविश्वास पर किया मजेदार कटाक्ष

**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी ने फिल्म उत्तर दा पुत्तर का आधिकारिक ट्रेलर लॉन्च किया। ट्रेलर दर्शकों को एक ऐसी अनोखी कॉमेडी-ड्रामा दुनिया की झलक देता है, जिसमें हास्य, भावनाएं और सामाजिक व्यंग्य का दिलचस्प मिश्रण देखने को मिलता है। फिल्म मनोरंजक अंदाज़ में वास्तुशास्त्र, अंधविश्वास और उन धारणाओं पर कटाक्ष करती है, जो अक्सर लोगों के रोज़मर्रा के फैसलों को प्रभावित करती हैं। ट्रेलर एक ऐसी मजेदार दुनिया की झलक पेश करता है, जहां विश्वास, किस्मत और मानवीय भावनाएं अप्रत्याशित परिस्थितियों में आपस में टकराती नज़र आती हैं। कॉमिक पलों और पारिवारिक ड्रामे से भरपूर उत्तर दा पुत्तर यह दिखाने की कोशिश करती है कि खुशी और सफलता की तलाश में लोग किस तरह दिशाओं, मान्यताओं और धारणाओं में समाधान खोजने लगते हैं। फिल्म में अन्नू कपूर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। वह एक ऐसे व्यक्ति के किरदार में दिखाई देंगे, जिसकी ज़िंदगी उस समय अचानक बदलने लगती है जब उसे यकीन हो जाता है कि सही दिशा उसकी किस्मत बदल सकती है। इसके बाद उसकी यात्रा कई मज़ेदार घटनाओं और उलझनों से गुजरती है, जो हंसी, भावनाओं और रिश्तों से भरपूर मनोरंजन का सफर बन जाती है। फिल्म में रुखसार रहमान, बृजेन्द्र काला, पवन मल्होत्रा, इश्तियाक खान, जीवेषु अहलूवालिया, राजेंद्र सेठी, सुमित गुलाटी और नितिन अरोड़ा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे, जो फिल्म की कहानी को और रंगीन बनाते हैं।

## शब्द पहेली - 6276



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम–3,2
4.उदारता,बडप्पन–4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ–2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला–3
9.अपशिष्ट पदार्थ–2
10.कामदेव,चंद्रमा–4
11.नाड़ी,नस–2
13.जबरन,जबरदस्ती–3
14.वायदा,वचन–2
15.भवन,आलय–3
17.आर्ट,हुनर–2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा–5
22.उद्देश्यहीनता–5
25.परिणाम–2
26.अंजन,नेत्रांजन–3
28.सांझ,संध्या–2
29.अधीन–3
30.निश्चित–2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ–4
34.बेइमान,सेंधमार–2
36.दाम,मूल्य–3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी–2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना–4
39.अश्रु,आंसू–5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक–2
2.गुजर करना–3
3.धैर्यवान–3,2
4.राशिचक्र की एक राशि–3
5.आंशिक भीगा हुआ–2
6.सामंजस्य–4
7.यायावर,बंजारा–5
10.चुनाव,वोटिंग–4
12.दुख,कष्ट–2
16.यज्ञ,होम–3
17.कमरा,रूम–2
18.उम्मीद,आस–2
20.जुड़वा–3
21.प्याला–2
22.हृदय,हार्ट–2
23.निकृष्टतर–4
24.बलवान,दमदार–5
25.स्वदेशवासी–5
26.आलसी,निठल्ली–4
27.बुरी आदत–2
31.भरोसा,विश्वास–3
33.आंचल,पल्लू–3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार–2
37.समय, वक्त–2

बैंगलोर

### शब्द पहेली -6275 का हल







# गोलपोस्ट के 'सुपरमैन' साइमन, विश्व कप में 519 मिनट तक नहीं टूटा किला

## 36 साल बाद टूटा विश्व कप का सबसे बड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| इंगलवुड

स्पेन के गोलकीपर उनाई साइमन ने विश्व कप फुटबॉल के इतिहास में सबसे लंबे समय तक गोल न खाने का 36 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने ऑस्ट्रिया के खिलाफ 3-0 की जीत में मौजूदा विश्व कप में लगातार चौथी बार क्लीन शीट (एक भी गोल नहीं खाना) हासिल की। साइमन के इस रिकॉर्ड की शुरुआत पिछले विश्व कप से हुई थी और उन्होंने अभी तक विश्व फुटबॉल के सर्वोच्च मंच पर 519 मिनट तक कोई गोल नहीं होने दिया है। इस तरह से उन्होंने इटली के मशहूर गोलकीपर वाल्टर ज़ेंगा का 1990 में बनाया गया रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने तब लगातार 517 मिनट तक कोई गोल नहीं होने दिया और पांच मैचों में लगातार क्लीन शीट रखीं थी।साइमन को मौजूदा विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर में शामिल नहीं किया गया लेकिन इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने शानदार खेल से विश्व कप की रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कर दिया। स्पेन ने इस विश्व कप में अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है, और उसके गोलकीपर को केवल चार बचाव करने पड़े हैं। ऑस्ट्रिया के खिलाफ एक भी नहीं, जिसने अपने पांचों शॉट लक्ष्य पर नहीं मारे।

### साइमन का शानदार प्रदर्शन

साइमन और स्पेन ने 2022 में कतर में खेले गए विश्व कप में चार मैचों में सिर्फ तीन गोल खाए, फिर भी उन्हें टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होना पड़ा था। साइमन का गोल न खाने की यह सिलसिला स्पेन की जापान से 2-1 की हार के दौरान शुरू हुआ और मोरक्को के साथ गोलरहित ड्रॉ तक जारी रहा। मोरक्को ने तब पेनल्टी शूटआउट में साइमन के खिलाफ अपने चार पेनल्टी में से तीन को गोल में बदलकर स्पेन को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था।

**कोच की पहली पसंद** : स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने कहा, 'मुझे उस पर गर्व है। मुझे लगता है कि वह मेरे परिवार का सदस्य है।

# पुर्तगाल और क्रोएशिया के मैच में विवाद, फैंस ने फेंकी बोतलें

## हार के बाद छलके क्रोएशियाई खिलाड़ियों के आंसू



**टोरंटो।** गोनकालो रामोस ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में राफेल लीओ के पास पर हेडर से गोल किया, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी किक को गोल में बदला, जिससे पुर्तगाल ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्रोएशिया को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के अंतिम 16 में प्रवेश किया।

अंतिम सीटी बजने से पहले मैच विवादों में घिर गया क्योंकि क्रोएशिया को लगा कि उसने आखिरी क्षणों में स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया है, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद मारियो पासालिच को ऑफसाइड करार दिया और गोल को अमान्य घोषित कर दिया गया। क्रोएशिया के प्रशंसकों ने मैदान पर बोतलें फेंकीं और विरोध में सीटी बजाई।

### रोनाल्डो का विश्व कप नॉकआउट में पहला गोल

क्रोएशिया ने 53वें मिनट में इवान पेरिसिच के गोल से बढ़त बनाई, जो उन्होंने जोसिप सानिसिच के क्रॉस पर किया था। रोनाल्डो ने पहले 68वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके स्कोर बराबर किया, जो विश्व कप में नॉकआउट चरण का उनका पहला गोल था। लेकिन पुर्तगाल की जीत के नायक रामोस रहे, जिन्होंने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में तब गोल किया जब लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय तक खिंच जाएगा।



# स्पेन का कलात्मक खेल, 16 साल बाद नॉकआउट में एंट्री


## ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराकर स्पेन ने किया अपना सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| इंगलवुड

मिकेल ओयार्ज़बल के दो गोल की मदद से खिताब के प्रबल दावेदार स्पेन ने ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराकर 2010 में चैंपियन बनने के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में कोई मैच जीता। ओयार्ज़बल ने 36वें और 89वें मिनट में गोल किए। इस बीच पेड्रो पोरो ने 66वें मिनट में गोल किया, जिससे स्पेन मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक का अपना सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन करने में सफल रहा। उसने गेंद पर पूरा नियंत्रण बनाए रखा और अपने आक्रामक और कलात्मक खेल का अच्छा नमूना पेश किया। स्पेन के खिलाफ मौजूदा विश्व कप में अभी तक एक भी गोल नहीं हुआ है। ऑस्ट्रिया की टीम गोल पर एक भी शॉट नहीं लगा पाई। इस तरह से स्पेन के गोलकीपर उनाई साइमन लगातार चौथे मैच में क्लीन शीट (मैच में कोई गोल नहीं खाना) हासिल करने में सफल रहे।

### हमने अच्छा मैच खेल दिखाया : ओयार्जाबल

ओयार्जाबल ने मैच के बाद कहा, 'मुझे खुशी है कि मैंने टीम को अगले दौर में पहुंचाने में मदद की। अब थोड़ा आराम करके अगले मैच के लिए तैयार होना है। यह मुश्किल मैच था। हम जानते थे कि एक मजबूत टीम के खिलाफ खेलना कठिन होगा, लेकिन हमारा दिन बहुत अच्छा रहा और हमने अच्छा मैच खेल दिखाया।'



# एम्बोलो ने दागा 26वां अंतरराष्ट्रीय गोल घुटनों के बल फिसलते हुए मनाया जश्न


एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

ब्रिल एम्बोलो और डैन एनदोये के गोल की मदद से स्विट्जरलैंड ने अल्जीरिया को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई।

बेहतरीन फॉर्म में चल रहे योहान मंजाम्बी गेंद लेकर दाहिनी ओर से तेजी से आगे बढ़े और उन्होंने एम्बोलो को शानदार क्रॉस दिया। एम्बोलो को उस पर गोल करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। एम्बोलो ने अपने 26वें अंतरराष्ट्रीय गोल का जश्न घुटनों के बल फिसलते हुए मनाया।(स्विट्जरलैंड अगला मुकाबला कोलंबिया और घाना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। राउंड ऑफ 16 का मैच अगले मंगलवार को वैंकूवर में खेला जाएगा।


स्विट्जरलैंड ने 1938 में फ्रांस में खेले गए विश्व कप के बाद नॉकआउट राउंड का कोई मैच नहीं जीता था, लेकिन 1954 में उसकी टीम ने प्लेऑफ मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। स्विट्जरलैंड की टीम पिछले तीन विश्व कप में अंतिम 16 में पहुंची थी लेकिन इससे आगे बढ़ने में नाकाम रही।

## खबर संक्षेप



### कनाडा ओपन: आकर्षि, तान्या बाहर, भारतीय चुनौती खत्म

**मार्खम।** तान्या हेमनाथ और आकर्षि कश्यप की कनाडा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में हार के साथ भारतीय चुनौती का अंत हो गया। तीसरी वरीयता प्राप्त जापान की रिको गुनजी ने तान्या हेमनाथ को महज 31 मिनट में सीधे गेमों में 21-11, 21-11 से पराजित किया। आकर्षि ने चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग को कड़ी टक्कर दी, लेकिन एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में उन्हें 20-22, 21-17, 21-17 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले तान्या ने शुरुआती दौर में अमेरिका की दिशा गुप्ता को जबकि आकर्षि ने फ्रांस की अन्ना तात्रानोवा को शिकस्त देकर अगले दौर में जगह बनाई थी।



### बेंगलुरु में हो सकता है 'ग्लोबल चेस लीग'

**बेंगलुरु।** 'ग्लोबल चेस लीग' के एक प्रतिनिधिमंडल ने कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री और खेल मंत्री जी. परमेश्वर से मुलाकात कर लीग के चौथे चरण का आयोजन बेंगलुरु में कराने पर चर्चा की। उपमुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार प्रतिनिधिमंडल ने दुनिया की प्रमुख शतरंज लीग में से एक 'ग्लोबल चेस लीग' को बेंगलुरु में आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की और इसके लिए युवा सशक्तिकरण एवं खेल विभाग से सहयोग का अनुरोध किया। बैठक में 'ग्लोबल चेस लीग' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) गौरव रक्षित, अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी प्रचुरा पीपी और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# फाइनल में इंग्लैंड, चोटिल कप्तान साइवर-ब्रंट ने खेली तूफानी पारी

## महिला टी20 विश्व कप : इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 40 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन

कप्तान नैट साइवर-ब्रंट की चोट के बावजूद खेली गई 75 रन की शानदार पारी की मदद से इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 40 रन से हराकर महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना चिर प्रतिद्वंदी ऑस्ट्रेलिया से होगा।

पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 23 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद साइवर-ब्रंट और पूर्व कप्तान हीथर नाइट (58) ने चौथे विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने पांच विकेट पर 169 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 8 विकेट पर 129 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज तंजमीन ब्रिट्स ने सर्वाधिक 51 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए चार्ली डीन और लॉरेंन बेल ने दो-दो विकेट लिए।




### मारिजान काप ने बनाए केवल 5 रन

*दक्षिण अफ्रीका की उम्मीद मारिजान काप पर टिकी थी लेकिन टूर्नामेंट में अब तक अच्छा प्रदर्शन करने वाली यह ऑलराउंडर केवल पांच रन ही बना सकी। उनके आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका की उम्मीद भी खत्म हो गई। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में अभी तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया है। यह 2010 के बाद पहला अवसर है जबकि दोनों टीम अजेय रहकर फाइनल में पहुंची हैं। फाइनल रविवार को लॉड्र्स में खेला जाएगा।*

*प्रतियोगिता 17 तक जकार्ता में होगी*

# अंडर-19 और अंडर-23 एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल रवाना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंडर-19 और अंडर-23 एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भारतीय मुक्केबाजी टीम जकार्ता के लिए रवाना हो गई है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 17 जुलाई तक जकार्ता में आयोजित की जाएगी, जिसमें दोनों आयु वर्गों में देश भर के कुल 40 शीर्ष मुक्केबाज भारतीय चुनौती पेश करेंगे। हमेशा की तरह इस बार भी भारतीय दल में हरियाणा के खिलाड़ियों का दबदबा साफ नजर आ रहा है।

### हरियाणा के 18 मुक्केबाज दिखाएंगे दम

इस पूरी प्रतियोगिता में अकेले हरियाणा के 18 खिलाड़ी रिंग में देश के लिए पदक जीतने के इरादे से उतरेंगे। खिलाड़ियों के वर्गीकरण की बात करें तो अंडर-23 वर्ग में हरियाणा के कुल 10 खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें सात लड़के और तीन लड़कियां हैं। वहीं, अंडर-19 वर्ग में राज्य के आठ खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे, जिसमें पांच लड़कियां और तीन लड़के शामिल हैं। खिलाड़ियों के नामों पर नजर डालें तो अंडर-19 पुरुष वर्ग में आदित्य, सिकंदर और लोकेश भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे, जबकि लड़कियों में गुंजन, चाहत, वंशिका, अंशिका और मेघा रिंग में अपना कौशल दिखाएंगी। इसके साथ ही अंडर-23 पुरुष वर्ग में सागर, वंशज, हितेश, नीरज, हेमंत और ईशान को टीम में जगह मिली है, जबकि महिला वर्ग में प्राची, नैना और गंगा मुक्केबाजी में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### देश के लिए रिकॉर्ड पदक जीतेंगे : मेजर सत्यपाल सिंधु



*हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने सभी चयनित मुक्केबाजों को बधाई दी। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह बेहद गर्व का विषय है कि देश के 40 सदस्यीय दल में से अकेले 18 खिलाड़ी हरियाणा से हैं। यह मुक्केबाजों की कड़ी मेहनत और कोचों के सटीक मार्गदर्शन का ही नतीजा है। मेजर सिंधु ने उम्मीद जताई कि हरियाणा के ये होनहार मुक्केबाज अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए देश के लिए रिकॉर्ड पदक जीतेंगे और जकार्ता में तिरंगा लहराकर राज्य व देश का नाम रोशन करेंगे।*

## ग्रैंड शतरंज टूर : संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंचे विश्व चैंपियन

# सफेद मोहरों से गुकेश ने अंतिम गेम में अनीश को हराया

एजेंसी ▶▶| जाग्रेब

विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने अपने सफेद मोहरों का अच्छा उपयोग करते हुए दिन के अंतिम गेम में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को हराया और ग्रैंड शतरंज टूर के ज़ाग्रेब चरण के दूसरे दिन के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। ईरान के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 12 में से 10 अंक हासिल करके अपनी बढ़त तीन अंक तक पहुंचा दी है। जर्मनी के विन्सेंट कीमर, फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव, रोमानिया के डिएक बोगदान-डैनियल और गुकेश के समान सात अंक हैं और वह संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। भारत के आर प्रज्ञाननंदा, गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव उनसे आधा अंक पीछे हैं, जबकि क्रोएशिया के इवान सारिक और नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट सिर्फ दो-दो अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं।



### गुकेश ने उठाया अवसरों का भरपूर फायदा

रूय लोपेज एक्सचेंज वेरिएशन में गिरी के खिलाफ मिले अवसरों का गुकेश ने भरपूर फायदा उठाया। भारतीय खिलाड़ी ने उनके राजा पर हमला किया और इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। दिन की शुरुआत में, गुकेश ने बोगदान-डेनियल के खिलाफ अप्रत्याशित हार के साथ शुरुआत की, लेकिन उसके बाद फोरेस्ट पर जीत हासिल की।

### प्रज्ञाननंदा को गलती करना पड़ा भारी



प्रज्ञाननंदा के लिए दिन और भी बेहतर हो सकता था, लेकिन आखिर में उन्हें अलीरेज़ा के खिलाफ एक गलती भारी पड़ी और आखिर में वह हार गए। प्रज्ञाननंदा ने फोरस्ट के खिलाफ दिन का पहला गेम जीता था।

# सूर्यवंशी के डेब्यू की बढ़ती मांग सैमसन की फॉर्म पर सस्पेंस

## आज शाम 7 बजे से भारत और इंग्लैंड के बीच मुकाबला

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर



वैभव सूर्यवंशी के पदार्पण की बढती मांग के बीच इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार 4 जुलाई को दूसरे टी20 मैच में संजू सैमसन पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव रहेगा, जो इस दौरे पर लगातार नाकाम साबित हो रहे हैं। पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था, जिसमें भारत ने अभिषेक शर्मा और कप्तान श्रेयस अय्यर के अर्धशतकों की मदद से 7 विकेट पर 189 रन बनाए थे। अगले कुछ मैचों में फोकस सैमसन पर रहेगा कि वह सूर्यवंशी को पदार्पण का मौका दिए जाने की बढती मांग के बीच अपनी उपयोगिता साबित कर पाते हैं या नहीं। भारत की टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के सूत्रधार रहे सैमसन को कम से कम एक साल तक मौका दिया जा सकता था लेकिन अब जबकि भारतीय क्रिकेट को सूर्यवंशी के रूप में एक असाधारण प्रतिभाशाली क्रिकेटर मिल गया है। ऐसे में सैमसन के लिए गलती की कोई गुंजाइश नहीं रह गई है और टी20 विश्व कप का शानदार प्रदर्शन भी टीम में उनकी जगह की गारंटी नहीं हो सकता।




## यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में दी है

# साझा स्वीकृत रोडमैप के तहत भारत देता बांग्लादेश को विकास सहायता: जायसवाल

- तीस्ता नदी के मामले में ढांचागत नदी प्रबंधन तंत्र के जरिए उठाए जाते जरूरी कदम
- जब तक सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन जारी रहेगा पाकिस्तान, तब तक स्थगित रहेगी सिंधु जल संधि।

हरिभूमि ब्यूरो। नई दिल्ली

बीते दिनों तीस्ता नदी विकास परियोजना को लेकर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान द्वारा चीन से मांगी गई मदद के मामले पर शुक्रवार को भारत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। यहां राजधानी में हुई नियमित मीडिया ब्रीफिंग में पत्रकारों द्वारा पूछे गए कुछ सवालों के जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश में जारी तमाम विकास परियोजनाओं को लेकर भारत द्वारा दी जाने वाली सहायता दोनों देशों के बीच आपसी रूप से स्वीकृत रोडमैप के माध्यम से दी जाती है। जिसकी नियमित रूप से समीक्षा भी की जाती है। तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन और संरक्षण परियोजना को लेकर जारी चर्चाओं के बीच भारत ने अपने पक्ष से बांग्लादेश को अवगत करा दिया है।



**दोनों देश के बीच बहती 54 नदियां:** उन्होंने यह भी कहा कि भारत मामले में अपने समग्र दृष्टिकोण को तय करते समय सभी संबंधित घटनाक्रमों को ध्यान में रखेगा। दोनों देशों के बीच तीस्ता मामले पर नियमित अंतराल पर एक ढांचागत द्विपक्षीय तंत्र के जरिए बातचीत होती रहती है। मालूम हो कि तीस्ता नदी परियोजना भारत और बांग्लादेश के बीच लंबे वक्त से चर्चा का एक महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है। यह नदी भारत से होते हुए बांग्लादेश जाती है। मामले में नदी के पानी के बंटवारे और इसके प्रबंधन का मसला मुख्य रूप से शामिल है। दोनों देश कुल करीब 54 नदियों को आपस में साझा करते हैं।

**बांग्लादेश, चीन से खरीदेगा जे-10 विमान?:** उन्होंने बांग्लादेश द्वारा चीन से जे-10 लड़ाकू विमान की खरीद पर किए जा रहे विचार और चीन द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में बनाए जा रहे आर्थिक गलियारे की तर्ज पर बांग्लादेश के साथ भी ऐसी ही एक परियोजना पर आगे बढ़ने से जुड़े कुछ सवालों के जवाब में कहा कि अपने निकट पड़ोस में चल रहे सभी घटनाक्रमों पर भारत बेहद करीब से नजर बनाए रखता है। आवश्यकता पड़ने पर सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

**सिंधु जल संधि, 'स्थगित' :** रणधीर ने ब्रीफिंग में कुछ और सवालों के भी जवाब दिए। जिसमें उन्होंने सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान में हुई हालिया बैठक को लेकर सख्त अंदाज में कहा कि सिंधु जल संधि के मामले को लेकर भारत का रुख अटल है। पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को लेकर दिए जाने वाले समर्थन या उसे बढ़ावा दिए जाने की वजह से यह संधि फिलहाल स्थगित है। जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय ढंग से और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन देना बंद नहीं करेगा। तब तक यह संधि स्थगित ही रहेगी। दरअसल इस मामले में पाकिस्तान के एक मंत्री ने भारत को बीते वक्त में चेतावनी देते हुए कहा था कि जो लोग (भारत) सिंधु नदी के पानी पर नियंत्रण करने की कोशिश कर रहे हैं। इस्लामाबाद उनके हाथ काट देगा। पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन मंत्री मुसादिक मलिक के बयान के मुताबिक, हमारे पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री के हाथ में एक नल का कंट्रोल है और वह कहते हैं कि वह पाकिस्तान को पानी की एक बूंद भी नहीं जाने देंगे। अगर किसी ने हमारे हिस्से के पानी पर हाथ डाला या उसे नियंत्रित करने की कोशिश की तो मैं उसका हाथ काट दूंगा। पूर्व में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भी इस मामले पर भारत को धमकी दी थी।

### भारत ने की वेनेजुएला से जांच की मांग

एक भारतीय नाविक राकेश चौहान की वेनेजुएला में हुई मौत के बाद उसके शरीर के अंगों को निकालने के मामले पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस मुद्दे को हमने वेनेजुएला के अधिकारियों के समक्ष उठाते हुए तत्काल आधार पर विस्तृत रूप से जांच करने की मांग की है। जिसके बाद जानकारी मिलने पर मीडिया को सूचित किया जाएगा। यहां बता दें कि मृतक नाविक की पत्नी रंजना ने यह दावा किया है कि उनके पति की मौत के बाद उनकी पार्थिव देह को भारत भेजने से पहले वेनेजुएला में उनके शरीर से जरूरी अंगों को बाहर निकाला गया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिस कंपनी के लिए उनके पति काम करते थे। उसने भी उनकी मौत या उससे जुड़े हुए कारणों के बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं दी है। इन सबके बीच दक्षिण-अमेरिकी देश में स्थित भारतीय दूतावास ने इस मामले पर वेनेजुएला के अधिकारियों से व्यापक रूप से जांच करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### यात्रियों से भरी बस खाई में गिरी, 40 की मौत

**इस्लामाबाद।** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को यात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के



अनुसार, पेशावर जा रही बस बलूचिस्तान के शेरानी जिले को पार करने के बाद खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में प्रवेश कर रही थी। इसी दौरान यह हादसा हुआ। हादसे में 8 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक आशंका है कि बस के ब्रेक फेल हो गए थे। पहाड़ी क्षेत्र में एक तीखे मोड़ से गुजरते समय

### सीआरपीएफ की गाड़ी पलटी, 6 जवान घायल

**श्रीनगर।** मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में शुक्रवार को श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनमर्ग



(गगनगीर) सुरंग के पास केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गया। इस हादसे में वाहन में सवार सीआरपीएफ के 6 जवान घायल हो गए हैं। गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से वाहन सड़क से फिसल गया। इस हादसे में सीआरपीएफ के 6 जवानों को चोटें आई हैं। स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## सेना को यूएवी, आकाश तरंग, नौसेना को शिपबोर्न अनमैन्ड एरियल सिस्टम और वायुसेना के लिए हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट की होगी खरीद

# डीएसी ने दी 52 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी, सेनाओं की बढ़ेगी क्षमता

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

घरेलू मोर्चे पर बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के बीच अगर दुश्मन ने कोई गुस्ताखी की तो उसकी खैर नहींक्योंकि शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में एक ऐसा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिसके तहत भविष्य में सशस्त्र सेनाओं की युद्धक क्षमता में कई गुना की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। परिषद ने कुल 52 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को अपनी सैद्धांतिक मंजूरी (आवश्यकता की स्वीकृति, एओएन) प्रदान कर दी है। जिसमें थलसेना के लिए 7, नौसेना के लिए 3 और वायुसेना के लिए 1 रक्षा सौदे को हरी झंडी दी गई है। बैठक में रक्षा मंत्री के अलावा तीनों सेनाओं और रक्षा मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान के जरिए दी है।

**सेना को मिलेंगे यह हथियार:** मंत्रालय ने बताया कि सेना के लिए खरीदे जाने वाले हथियारों में मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी), इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली (आकाश तरंग), मानव चालित टैंक रोधी निर्देशित मिसाइल (एमपीएटीजीएम) प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरसेम) हथियार प्रणाली, बेहद कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वी-शोराड्स), टैंकों के लिए सक्रिय सुरक्षा प्रणाली और जेट आधारित कामिकाज़ी ड्रोन प्रणाली शामिल है।



### हवाई हमलों से होगा सेना का बचाव

आकाश तरंग-आकाश तरंग हवाई हमलों से सेना की टुकड़ियों को एक प्रभावी सुरक्षा कवच प्रदान करेगा। एमपीएटीजीएम दुश्मन के मशीनीकृत खतरों से दो-दो हाथ करने के लिए सेना के पैदल दस्ते की क्षमता को बढ़ाएगा। जबकि एमआरसेम प्रणाली दूरी से आने वाले हवाई हमलों के खिलाफ बल को हवाई रक्षा प्रदान करेगी। वी-शोराड्स- यह प्रणाली सेना की जवाबी कार्रवाई करने की क्षमता और प्रभावशीलता में बढ़ोतरी करेगी। साथ ही यह टैंकों की रक्षा प्रणाली को मजबूत करने और ज्यादा वक्त तक उनकी क्षमता को बढ़ाने में भी मददगार साबित होगी। जेट आधारित कामिकाजी ड्रोन जहां एक ओर लागत के लिहाज से प्रभावी हैं। वहीं, दूसरी ओर इनकी मदद से सेना को दुश्मन के खिलाफ अधिक मारक क्षमता और लंबे वक्त तक बेहतर इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमता मिलेगी।

### वायुसेना को मिलेगी खुफिया जानकारी

मंत्रालय ने कहा कि डीएसी द्वारा वायुसेना के लिए स्वीकृत किए गए रक्षा सौदों में फिक्स्ड विंग बेस्ड हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट (एफडब्ल्यू-एचएपीएस), वायुसेना के लिए लगातार खुफिया जानकारी, निगरानी-टोही, दूरसंचार और दूर संवेदी कार्य करेगी।

### नौसेना की यूं बढ़ेगी ताकत

- नौसेना के लिए परिषद द्वारा मंजूर किए गए सैन्य प्रस्तावों में मल्टी इन्फ्लुएंस ग्राउंड माइन (एमआईजीएम), शिपबोर्न अनमैन्ड एरियल सिस्टम (एनएसयूएएस) और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम के लिए भूमि आधारित परीक्षण सुविधा (एलबीटीएफ) मुख्य हैं।
- एमआईजीएम-यह हथियार शत्रु की तमाम तरह की पैंतरेबाजी को नाकाम करने में सक्षम है।
- एनएसयूएएस-उन्नत सेंसरों से लैस यह प्रणाली भारतीय नौसेना की स्थितिजन्य सतर्कता को बढ़ाएगी।
- एलबीटीएफ-नौसेना की परिसंपत्तियों के मोटर्स और संबंधित प्रणोदक प्रणाली की परीक्षण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

## सीएम सैनी ने कृषि विभाग के 5 वर्षीय रोडमैप की समीक्षा की

# हरियाणा विजन-2047: किसानों की आय बढ़ाने के लिए आधुनिक और टिकाऊ कृषि पर सरकार का फोकस



हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

हरियाणा को विजन-2047 के अनुरूप कृषि क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के लक्ष्य को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में कृषि विभाग के आगामी पांच वर्षों के रोडमैप एवं कार्ययोजना की समीक्षा की। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि खेती को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर, लागत कम कर और बेहतर बाजार उपलब्ध कराकर किसानों की आमदनी बढ़ाई जाए।

मुख्यमंत्री ने विभाग से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं, बजट घोषणाओं और संकल्प पत्र में शामिल कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि विजन-2047 के लक्ष्यों को तय समय सीमा में धरातल पर उतारा जाए, ताकि हर किसान तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और कृषि अधिक लाभकारी बन सके। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार, भविष्य विभाग की प्रधान सचिव अमनीत पी कुमार, कृषि विभाग के महानिदेशक राजनारायण कौशिक, मुख्यमंत्री के ओएसडी व स्वर्ण जयंती हरियाणा राजकोषीय प्रबंधन संस्थान के महानिदेशक डॉ. राज नेहरू, मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेन्द्र बढ़खालसा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में सेम प्रभावित भूमि को सेम मुक्त बनाने के अभियान की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष 1.40 लाख एकड़ भूमि को सेम मुक्त करने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। पहले चरण में 3.75 लाख मिट्टी के नमूने लिए जाने हैं, जिनमें से अब तक 50,620 नमूने एकत्र किए जा चुके हैं। सीएम ने निर्देश दिए कि इस अभियान में स्कूलों के विद्यार्थियों, कॉलेज के छात्रों और ग्रामीण युवाओं को स्वयंसेवक के रूप में जोड़ा जाए।

### 'पानी की रिपोर्ट के आधार पर फसल चयन' की व्यवस्था बनेगी : मुख्यमंत्री

हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में किसानों के नलकूपों/ट्यूबवेलों के पानी की गुणवत्ता की वैज्ञानिक जांच की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए, ताकि किसानों को उनके खेत और पानी की गुणवत्ता के अनुरूप समय पर वैज्ञानिक सलाह उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी नलकूपों के पानी की गुणवत्ता की जांच करवाएगी और इस पूरी प्रक्रिया को किसान हित में सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिए कि किसानों के नलकूपों के पानी के नमूनों की मुफ्त जांच सुनिश्चित की जाए तथा किसानों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने पानी के नमूने परीक्षण हेतु संबंधित प्रयोगशालाओं में जमा कराने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि इस पूरी व्यवस्था को 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल से जोड़ा जाए, ताकि प्रत्येक नमूने का रिकॉर्ड, उसकी जांच रिपोर्ट और उससे संबंधित कृषि परामर्श डिजिटल रूप से उपलब्ध हो सके।

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मजबूत होगी भारत की रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी

# अगले सप्ताह से इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा पर रहेंगे प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और हिंद-प्रशांत क्षेत्र (आईपीआर) में बनी हुई चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह 6 से 11 जुलाई तक इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे तीन देशों की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसका मुख्य उद्देश्य आईपीआर में मौजूद अपने इन तमाम भागीदारों के साथ रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को भविष्य में और अधिक प्रगाढ़ बनाना है। यह जानकारी शुक्रवार को विदेश मंत्रालय में हुई विशेष मीडिया ब्रीफिंग में मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन ने दी है। उन्होंने बताया कि पीएम की इस यात्रा की शुरुआत 6 जुलाई को इंडोनेशिया से होगी। जहां प्रधानमंत्री 8 जुलाई तक रहेंगे।

इसके बाद 8 से 10 जुलाई तक वह ऑस्ट्रेलिया और अंत में 10 से 11 जुलाई तक पीएम मोदी न्यूजीलैंड की यात्रा करेंगे। जिसमें तीनों देशों के अपने समकक्षों यानी प्रधानमंत्रियों के साथ पीएम की द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की उच्च-स्तरीय बैठकें होंगी। जिनमें आपसी संबंधों से जुड़े हुए सभी विषयों, व्यापक रणनीतिक साझेदारी सहित साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर चर्चा की जा सकती है।

### इंडोनेशिया संग मजबूत होंगे रक्षा संबंध



*मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इंडोनेशिया की यात्रा करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने आमंत्रित किया है। यह पीएम मोदी की चौथी यात्रा होगी। दोनों देशों के संबंधों को 2018 में व्यापक रणनीतिक साझेदारी में तब्दील किया गया था। जिसके बाद की जाने वाली प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा कहलाएगी। जिसमें वह राष्ट्रपति सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे और उसमें दोनों शीर्ष नेता रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेंगे। इस वार्ता से भारत और इंडोनेशिया के रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूती मिलेगी। जानकारों का मानना है कि दोनों नेताओं की बातचीत में इंडोनेशिया द्वारा भारत से की जाने वाली सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल सहित अन्य सैन्य हथियारों की खरीद के मामले पर भी चर्चा की जा सकती है।*

### जकार्ता में भारतीयों से मिलेंगे पीएम

*इंडोनेशिया में भारतीयों की अनुमानित संख्या 1.4 लाख है। जिसे देखते हुए इस यात्रा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी का जकार्ता में भारतीय समुदाय को संबोधित करने का भी एक कार्यक्रम होगा। दोनों देशों के बीच मौजूद ऐतिहासिक सांस्कृतिक और आमजन से जुड़े संबंधों को देखते हुए पीएम योग्याकार्ता में प्रम्बानन मंदिर परिसर का दौरा करेंगे। जिसे पूरी दुनिया यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल के रूप में जानती है।*

### यात्रा का दूसरा पड़ाव होगा ऑस्ट्रेलिया

*इंडोनेशिया के बाद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के निमंत्रण पर भारत के प्रधानमंत्री 8 से 10 जुलाई तक मेलबर्न की यात्रा करेंगे। जहां उनकी पीएम अल्बनीज के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले पीएम मोदी के अन्य कार्यक्रमों में ऑस्ट्रेलिया की गवर्नर-जनरल सैम मोस्टिन से मुलाकात होगी, भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम में पीएम भाग लेंगे और दोनों देशों के दिग्गज उद्योगपतियों को भी उनका संबोधित करने का कार्यक्रम रहेगा। इसके अलावा वह एक बड़े कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। जो कि दोनों देशों के संबंधों का एक मजबूत स्तंभ है। ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों का आंकड़ा लगभग 9.7 लाख है।*

### चार दशक में होगी न्यूजीलैंड की यात्रा

*प्रधानमंत्री की इस विदेश यात्रा का अंतिम पड़ाव न्यूजीलैंड होगा। जिसके लिए उन्हें न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। मंत्रालय ने बताया कि बीते करीब चार दशक यानी 40 वर्षों में होने वाली यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की न्यूजीलैंड की पहली राजकीय यात्रा होगी। ऑकलैंड में दोनों देशों के प्रधानमंत्री द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। जिसमें बीते दो वर्षों में संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। व्यापार-निवेश, वाणिज्य और रक्षा जैसे क्षेत्र भी इस बातचीत में शामिल किए जाएंगे। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न्यूजीलैंड की उद्योग और खेल जगत की प्रमुख हस्तियों से भी मिलेंगे। इसके अलावा वह राजधानी ऑकलैंड में 'किया ओरा मोदी' नामक भारतीय समुदाय (3 लाख भारतीय रहते हैं) के एक बड़े कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। मालूम हो कि दोनों देशों के बीच हालिया समय में एक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हुआ है। जिसके बाद की जा रही यह पीएम की पहली न्यूजीलैंड यात्रा है। प्रधानमंत्री लक्सन ने एक्स पर इस संबंध में एक पोस्ट भी साझा की है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109